नई दिल्ली RNI No. DLHIN/2010/37009

वर्ष : 13

अंक : 34

सोमवार, 25 सितम्बर से 01 अक्टूबर 2023

मूल्य : 5 रू प्रति

रू 250 वार्षिक



वायु प्रदूषण के खिलाफ जंग के लिए दिल्ली तैयार 03

ये नफरत हमें कहाँ ले जाएगी? 08


# NCR समाचार


नरेन्द्र मोदी स्टेडियम की सुरक्षा के लिए विभिन्न एजेंसियां अलर्ट 10

संभालिए अपने दिल को 11




इस्माईल खान


www.ncrsamacharlive.in

BY C.R.O. TEAM

twitter-@ncrsamacharlive

भारत का नं. 1 साप्ताहिक समाचार पत्र



राजीव और पलोमा 'दोनों' से डेब्यू को तैयार 12


# दो हजार रुपए के नोट जमा करने की अवधि बढ़ी

- लोगों से दो हजार के नोटों को सात अक्टूबर 2023 तक जमा कराने या बदलने की अपील की गई है।
- सात अक्टूबर 2023 के बाद न तो ये नोट बदले जाएंगे या जमा लिय जायेंगे।



एनसीआर समाचार

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने प्रचलन से वापस लिए गए दो हजार रुपए के 14 हजार करोड़ मूल्य के बैंक नोट के जमा नहीं कराये जाने के मद्देनजर इस नोट को जमा करने या बदलने की अवधि सात दिन बढ़ाकर सात अक्टूबर 2023 कर दी है।

रिजर्व बैंक ने कहा कि दो हजार रूपए के बैंक नोट को जमा कराने या बदलने की शनिवार को अंतिम तिथि थी लेकिन कल तक 14 हजार करोड़ मूल्य के बैंक नोट न तो जमा किए गए और न ही बदले गए। इसके मद्देनजर तिथि बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। दो हजार रुपए के बैंक नोट वैद्य मुद्रा बनी रहेगी और आठ अक्टूबर से इन नोटों को जमा कराने या बदलने के लिय इनको रिजर्व बैंक की 19 क्षेत्रीय शाखाओं में जाना होगा।

उसने कहा कि 29 मई 2023 को जब दो हजार रुपए के बैंक नोट को प्रचलन से वापस लिया गया था तब 3.56 लाख करोड़ रुपए मूल्य के बैंक नोट प्रचलन में थे। आज यानी 30 सितंबर तक इन नोटों को जमा कराने या बदलने की तिथि दी गई थी। गत 29 सितंबर तक 3.42 लाख करोड़ रुपए के नोट ही जमा कराए गए या बदले गए जो प्रचलित नोट का 96 प्रतिशत है। अभी भी चार प्रतिशत नोट प्रचलन में है।

उसने कहा कि लोगों से इन नोटों को सात अक्टूबर 2023 तक जमा कराने या बदलने की अपील की गई है। इसके बाद न तो ये नोट बदले जाएंगे या जमा लिय जायेंगे।

चूंकि निकासी प्रक्रिया के लिए निर्दिष्ट अवधि समाप्त हो गई है और एक समीक्षा के आधार पर दो हजर रुपए के बैंक नोटों को जमा या विनिमय करने की वर्तमान व्यवस्था को सात अक्टूबर, 2023 तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। आठ अक्टूबर से प्रभावी दो हजार रुपए के बैंक नोटों को जमा या विनिमय करने की प्रक्रिया निम्नानुसार होगी।

बैंक शाखाओं में जमा या विनिमय बंद कर दिया जाएगा। व्यक्तियों या संस्थाओं द्वारा 19 आरबीआई निर्गम कार्यालयों में एक बार में 20,000 रुपए की सीमा तक दो हजार रुपए के बैंक नोटों का आदान-प्रदान जारी रखा जा सकता है।

व्यक्ति या संस्थाएं भारत में अपने बैंक खातों में किसी भी राशि के क्रेडिट के लिए 19 आरबीआई निर्गम कार्यालयों में दो हजार रुपए के बैंक नोट जमा कर सकते हैं। देश के भीतर से व्यक्ति या संस्थाएं भारत में अपने बैंक खातों में क्रेडिट के लिए आरबीआई के 19 निर्गम कार्यालयों में से किसी को संबोधित करते हुए डाक के माध्यम से दो हजार रुपए के बैंक नोट भी भेज सकते हैं।

ऐसा विनिमय या क्रेडिट प्रासंगिक आरबीआई या सरकारी नियमों, वैध पहचान दस्तावेजों की प्रस्तुति और आरबीआई द्वारा उचित समझे जाने वाले उचित परिश्रम के अधीन होगा। अदालतें, कानून प्रवर्तन एजेंसियां, सरकारी विभाग या जांच कार्यवाही या प्रवर्तन में शामिल कोई भी अन्य सार्वजनिक प्राधिकरण, आवश्यकता पड़ने पर, बिना किसी सीमा के 19 आरबीआई निर्गम कार्यालयों में से किसी में भी दो हजार रुपए के बैंकनोट जमा या विनिमय कर सकता है। आरबीआई के 19 निर्गम कार्यालयों में दो हजार रुपए के बैंक नोटों को जमा या विनिमय करने की उपरोक्त सुविधा अगली सूचना तक उपलब्ध रहेगी।

# देश में दो-तीन उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए हो रहे काम : राहुल

एनसीआर समाचार

**कालापीपल (शाजापुर)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा सांसद राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए आज कहा कि देश में बस दो-तीन उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए सब काम हो रहे हैं।

श्री गांधी मध्यप्रदेश के शाजापुर जिले के कालापीपल स्थित पोलायकलां में कांग्रेस की प्रदेश इकाई की जनाक्रोश यात्रा सभा को संबोधित कर रहे थे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने आरोप लगाया कि देश में 2-3 अरबपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए विभिन्न काम किए जा रहे हैं।

उन्होंने दावा किया कि संसद में जैसे ही उन्होंने अडाणी मुद्दे पर भाषण दिया, उनकी लोकसभा सदस्यता रद्द कर दी गई। श्री गांधी ने इसी क्रम में कहा कि ऐसी बातों से उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता, उन्हें सिर्फ सच्चाई सबके सामने रखनी थी। उन्होंने कहा कि आज देश में हर बंदरगाह, हवाईअड्डे और हर बुनियादी सुविधा पर अडाणी दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि किसान की जेब से पैसा निकल कर अडाणी की जेब में जा रहा है।

मध्यप्रदेश के संदर्भ में उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश को देश भर में भ्रष्टाचार का केंद्र बना दिया है। इसके साथ ही उन्होंने श्री महाकाल लोक का भी जिक्र किया।



उन्होंने आरोप लगाया कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान जब वे मध्यप्रदेश से होकर गुजरे तो किसानों ने उन्हें बताया कि मध्यप्रदेश में उनकी फसलों के सही दाम नहीं दिए जा रहे। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में पिछले 18 साल में 18 हजार किसानों ने आत्महत्या की है।

देश के विभिन्न राज्यों की कांग्रेस सरकारों का जिक्र करते हुए श्री गांधी ने कहा कि छत्तीसगढ़, कर्नाटक और राजस्थान में कांग्रेस ने जो गारंटी दीं, उन्हें पूरा किया।

## एक नजर

### पेलीविजुमैप? दवा को भारत में बिक्री, प्रयोग की स्वीकृति

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने पांच वर्ष आयु तक के बच्चों की श्वसन तंत्र संबंधित बीमारियों के उपचार में काम आने वाली अस्त्रा जेनेका निर्मित दवा ह्यपेलीविजुमैप?ह्ल को भारत में आयात, बिक्री और प्रयोग की स्वीकृति दे दी है। अस्त्रा जेनेका फार्मा इंडिया लिमिटेड ने शनिवार को यहां बताया कि भारत में दवा का इंजेक्शन 100 एमएल, 50 एम एल और 0.5 एम एल की एकल खुराक में उपलब्ध होगा। आंकड़ों के अनुसार श्वसन तंत्र संबंधी बीमारियां दुनिया भर में बच्चों के स्वास्थ्य के लिए कड़ी चुनौती हैं। एक वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु में श्वसन तंत्र संबंधी दूसरा प्रमुख कारण है। भारत में अस्पताल में भर्ती होने वाले बच्चों में श्वसन तंत्र संबंधी बीमारियों का हिस्सा 90 प्रतिशत है।

### मोदी ने एयर पिस्टल मिश्रित टीम को दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हांगझोउ एशियाई खेल में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक जीतने पर सरबजोत सिंह और दिव्या टीएस को बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, एशियाई खेलों 2022 में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक जीतने के लिए सरबजोत सिंह और दिव्या टीएस पर गर्व है। उन्होंने कहा, मैं उनकी उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई देता हूं। उनकी प्रतिभा, समर्पण और टीम वर्क सराहनीय है और भारत के युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। गौरतलब है कि भारतीय निशानेबाज सरबजोत सिंह और दिव्या टीएस ने शनिवार को यहां एशियाई खेलों 2023 में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम शूटिंग स्पर्धा में रजत पदक जीता। भारतीय जोड़ी स्वर्ण पदक मैच में चीन के बोवेन झांग और रैनक्सिन जियांग से 16-14 से हार गई। निशानेबाजी में यह भारत का 19वां पदक था। भारत अब तक छह स्वर्ण, आठ रजत और पांच कांस्य पदक जीत कर निशानेबाजी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर चुका है।

### चिदंबरम ने चुनावी बॉन्ड को 'वैध रिश्वत' बताया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने शनिवार को चुनावी बॉन्ड को "वैध रिश्वत" बताया और दावा किया कि चूंकि, चार अक्टूबर को इनकी नई किस्त जारी होगी, तो यह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए एक "सुनहरी फसल" होगी। सरकार ने शुक्रवार को चुनावी बॉन्ड की 28वीं किस्त जारी करने की मंजूरी दे दी। यह चार अक्टूबर से 10 दिनों तक बिक्री के लिए उपलब्ध रहेगा। यह फैसला राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में इस साल प्रस्तावित विधानसभा चुनावों के मद्देनजर लिया गया है। इन राज्यों में चुनाव की तारीखों की जल्द ही घोषणा हो सकती है। चिदंबरम ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर कहा कि चुनावी बॉन्ड की 28वीं किस्त चार अक्टूबर से शुरू होगी। उन्होंने कहा, "यह भाजपा के लिए सुनहरी फसल होगी। पिछले रिकॉर्ड पर गौर करें, तो तथाकथित गुप्त दान का 90 फीसदी हिस्सा भाजपा के खाते में जाएगा।" पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, "करीबी पूंजीपति दिल्ली में अपने स्वामी को 'चढ़ावा' चढ़ाने के लिए अपनी चेकबुक खोलेंगे।" चिदंबरम ने कहा कि चुनावी बॉन्ड "वैध रिश्वत" होते हैं। राजनीतिक दलों को दिए जाने वाले चंदे में पारदर्शिता लाने के प्रयासों के तहत चुनावी बॉन्ड की व्यवस्था लाई गई थी। चुनावी बॉन्ड की पहली किस्त की बिक्री मार्च 2018 में हुई थी। चुनावी बॉन्ड जारी करने के लिए सिर्फ भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ही अधिकृत बैंक है।

# पंजाब में किसानों का 'रेल रोको' आंदोलन तीसरे दिन भी जारी



एनसीआर समाचार

**चंडीगढ़।** पंजाब में किसानों का 'रेल रोको' आंदोलन शनिवार को तीसरे दिन भी जारी है। प्रदर्शनकारी किसान हाल ही में आई बाढ़ में फसल के नुकसान के लिए मुआवजे, न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी और व्यापक कर्ज माफी की मांग कर रहे हैं।

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि आंदोलन की वजह से ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित हुई है, जिससे कुछ ट्रेनों को रद्द करना पड़ा और कुछ ट्रेनों को गंत्वयों से पहले ही समाप्त किया गया या फिर उनके मार्ग परिवर्तित कर दिये गए है।


तीन दिवसीय आंदोलन में शामिल किसान बृहस्पतिवार से ही फरीदकोट, समराला, मोगा, होशियारपुर, गुरदासपुर, जालंधर, तरनतारन, संगरूर, पटियाला, फिरोजपुर, बठिंडा और अमृतसर में रेल पटरियों पर बैठे हुए हैं। आंदोलन की वजह से सैकड़ों की संख्या में रेल यात्री पंजाब और हरियाणा में फंसे हुए हैं।

लुधियाना स्टेशन पर खड़े एक रेल यात्री ने कहा कि वह गोरखपुर जाने वाली ट्रेन में सवार होने के लिए सड़क के माध्यम से जालंधर से यहां आए थे लेकिन रेल कब आएगी इसकी कोई जानकारी नहीं है।

स्टेशन पर खड़े एक अन्य यात्री ने कहा कि आंदोलन की वजह से अमृतसर से उनकी ट्रेन रद्द हो गई जिससे उनके परिवार के 12 सदस्यों को बिहार जाना था। यात्री ने बताया कि उन्हें बाद में पता चला कि ट्रेन लुधियाना से जाएगी और उनके परिवार को अमतृसर से सड़क मार्ग से आना पड़ा। उन्होंने बताया कि हालांकि ट्रेन के बारे में अभी भी कोई सूचना नहीं है।

# अज्ञानता का राजनीतिक लाभ लेना शर्मनाक: धनखड़

एनसीआर समाचार




**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम की आलोचना करके राजनैतिक लाभ अर्जित करने के प्रयास को मानवता के लिए शनिवार को घातक बताया? और कहा कि देश का भविष्य युवाओं के योगदान और उनकी सजगता पर निर्भर करेगा।

श्री धनखड़ आज यहां संकल्प फाउंडेशन और पूर्व लोक सेवा अधिकारी संघ को संबोधित कर रहे थे। उपराष्ट्रपति ने भारतीय मूल्यों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, समाज में परिवर्तन तब आएगा जब हम अपने सांस्कृतिक मूल्यों का आदर करेंगे।? भारतीयता और भारत हमारे लिए सर्वोपरि हैं और? प्रत्येक व्यक्ति भारतीय होने पर गर्व करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि भारत जैसी समृद्ध विरासत पूरी दुनिया में कहीं नहीं है। भारत की संस्कृति पांच हजार वर्षों से भी अधिक पुरानी संस्कृति है, जो लोकाचार और मानवीय मूल्य भारत की संस्कृति में विद्यमान है? जो पूरी दुनिया में किसी भी देश की संस्कृति में नहीं है। उन्होंने कहा कि जब पूरी दुनिया कोविड महामारी से जूझ रही थी उस समय भारत ने एक सौ से अधिक देशों को वैक्सीन भेज कर उनकी सहायता की। भारतीय संस्कृति का यही लोकाचार और? संस्कृति की पहचान है। वसुधैव कुटुंबकम का सच्चा अर्थ यही है।

श्री धनखड़ ने अन्य देशों में जाकर भारत की आलोचना करने वालों पर निशाना साधते हुए कहा कि जब बहुत अधिक प्रगति होती है तब कुछ ताकतें देश की प्रगति की आलोचना करने में कोई कसर नहीं छोड़ती हैं? और किसी भी हद तक जाकर आलोचना करती हैं तथा देश को बदनाम करने का कुकृत्य करती हैं।

उपराष्ट्रपति ने कहा किसी भी देश की सबसे बड़ी पूंजी वहां का मानव संसाधन है। देश की सांस्कृतिक विरासत भी एक बड़ी पूंजी होती है और सांस्कृतिक विरासत एक सौम्य शक्ति के रूप में देश की तरक्की में अपनी भूमिका निभाती है। देश के युवाओं को आगाह करते हुए श्री धनखड़ ने कहा,देश के युवा राष्ट्र की उन्नति के कर्णधार हैं और भारत को विकसित बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। भारत की आबादी में युवाओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। हमारे देश का भविष्य देश के युवाओं के योगदान और उनकी सजगता पर निर्भर करेगा। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने वाले योद्धा युवा ही बनेंगे।

सांसदों के आचरण और मयार्दा को लेकर अपनी चिंता को साझा करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि संसद में सांसद संवाद करेंगे, चर्चा करेंगे, गहन विचार विमर्श करेंगे और महत्वपूर्ण कानूनों के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएंगे लेकिन वे शोर हंगामा, आरोप-प्रत्यारोप करते हैं। उन्होंने कहा, जिस दिन हमारे देश के युवा ठान लेंगे की चुना हुआ सांसद संविधान की अपेक्षा के अनुसार अपने कर्तव्य का पालन करेगा उस दिन हमारे सांसदों को संविधान के अनुसार आचरण करना पड़ेगा।

भारत की नई शिक्षा नीति की प्रशंसा करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा नई शिक्षा नीति बदलाव का एक मुख्य कारण बनेगी। इस शिक्षा नीति के तहत युवा एक साथ कई पाठ्यक्रमों का अध्ययन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि समाज में परिवर्तन लाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण और प्रभावी साधन यदि कोई है तो वह शिक्षा ही है और इसमें कोई संदेह नहीं है कि भारत की नई शिक्षा नीति के माध्यम से समाज में एक महत्वपूर्ण और क्रांतिकारी परिवर्तन होगा जो देश के शिक्षा जगत को एक नई दिशा प्रदान करेगा। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति ने वरिष्ठ समाजसेवी श्री माधव विनायक कुलकर्णी मधु भाई को ऋषि सम्मान से सम्मानित किया।

# एयर फोर्स ने दिखाया शौर्य

## सूर्य किरण ने बनाया आसमान में त्रिशूल, एयरक्राफ्ट ने हवा में भरा फ्यूल

एनसीआर समाचार

**भोपाल।** भारतीय वायु सेना ने 91वें स्थापना दिवस पर भोपाल में अपना शौर्य दिखाया। शनिवार सुबह बड़े तालाब के ऊपर मल्टी-एयरक्राफ्ट फ्लाई पास्ट किया गया। जिसमें एयर फोर्स के जाबांज पायलटों ने अपना पराक्रम दिखाया। इस फ्लाईपास्ट को देखने के लिए हजारों की तादाद में लोग बोट क्लब और वीआईपी रोड पर पहुंचे थे। आसमान में मंडराते लड़ाकू विमानों के करतबों को देखकर सभी हैरान रह गए। वहीं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, पत्नी साधना सिंह के साथ पहुंचे।

इस रोमांच का साक्षी बनने के लिए बोट क्लब, वीआईपी रोड, वन विहार से लेकर राजा भोज सेतु तक दर्शकों की भारी भीड़ नजर आई। साथ ही लोगों ने ये शो घरों और होटलों की छतों से भी देखा। स्कूली बच्चे और कॉलेज स्टूडेंट्स इन रोमांचक कारनामों को देखकर खुश नजर आए। वहीं बुजुर्ग और छोटे-छोटे बच्चे भी नजर आए।



### स्काई डाइविंग करते नजर आएंगे जवान

सबसे पहले पैरा जंपर हेलिकॉप्टर से नीचे कूद और पैराशूट से आसमान में तिरंगा बनाया। भारत के राष्ट्रगान के साथ एयर शो की शुरूआत हुई। इसके बाद दो चिनूक हेलिकॉप्टर ने बड़े तालाब पर पानी से कुछ फीट ही ऊपर पोजिशन होल्ड की। इसी पोजिशन में हेलिकॉप्टर ने राउंड लिए। वहीं बड़े तालाब का पानी हवा में उड़ाया।

### सूर्य किरण विमान ने बनाया डायमंड

इसके बाद गजराज फॉर्मेशन में रिफ्यूलिंग एयरक्राफ्ट क'-78 ने दो ट-2000 प्लेन में हवा में फ्यूल भरा। वहीं तेजस ने टॉप स्पीड में हवा में गोते लगाए। इनके गर्जन से आकाश गूंज गया। 9 सूर्य किरण विमान ने 6000 फीट की ऊंचाई पर डायमंड शेप बनाया। एयरक्राफ्ट ने प्रदर्शन कर आसमान में त्रिशूल का आकार बनाया। साथ ही 800 फीट की ऊंचाई पर फाइटर जेट्स हवा में 360 डिग्री घूमकर तेजी से नीचे आए और फिर ऊपर की ओर उड़ान भरी।

# आदित्य-एल1 मिशन: पृथ्वी से 9.2 लाख किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर चुका है अंतरिक्ष यान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आदित्य एल-वन अंतरिक्ष यान अब पृथ्वी से 9.2 लाख किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर चुका है। अब यह सन-अर्थ लैग्रेंज प्वाइंट (एल1) की ओर अपना रास्ता तलाश रहा है।

शनिवार को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सोशल नेटवर्किंग साइट 'एक्स' पर जानकारी साझा करते हुए कहा कि अंतरिक्ष यान पृथ्वी के प्रभाव क्षेत्र से सफलतापूर्वक बचकर, पृथ्वी से 9.2 लाख किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर चुका है। अब यह सन-अर्थ लैग्रेंज प्वाइंट 1 (एल1) की ओर अपना रास्ता तलाश रहा है। इसरो ने कहा कि यह लगातार दूसरी बार है जब पृथ्वी के प्रभाव क्षेत्र के बाहर अंतरिक्ष यान भेजा गया है, पहली बार मंगल ऑर्बिटर मिशन के लिए अंतरिक्ष यान पृथ्वी के प्रभाव क्षेत्र से बाहर भेजा गया था।

### लैग्रेंज प्वाइंट का क्या है मतलब?

इसरो के मुताबिक जिस जगह पर आदित्य एल-1 अंतरिक्ष यान जाएगा उसे एल-1 यानी लैग्रेंज प्वाइंट वन(1) कहते हैं। ये दूरी पृथ्वी और सूर्य की दूरी का महज 1 प्रतिशत है। धरती और सूर्य के बीच लैग्रेंज प्वाइंट ही वो जगह है, जहां से सूर्य को बिना किसी ग्रहण या अवरोध के देखा जा सकता है। धरती और सूर्य के बीच पांच लैग्रेंज प्वाइंट है।


एनसीआर समचार, साप्ताहिक समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

**कार्यालय :**
12/276, संगम विहार
नई दिल्ली- 62

**फोन :**
8888883968
9811111715


## एनसीआर समाचार पत्र के स्वामित्व/ प्रकाशन परिवर्तन के संबंध में आवश्यक सूचना

एनसीआर समाचार पत्र के समस्त पाठकों तथा समाचार पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टर जी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृव में हो रहा है।

**अतः** भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नए कार्यालय जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली- 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 सम्पर्क करें।

# तंबाकू नियंत्रण कानून को सख्त बनाने कॉलेज छात्रों ने किया अपील

एनसीआर समाचार




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य में 39.1 प्रतिशत आबादी तंबाकू पदार्थों का उपयोग करती है। राज्य में तंबाकू उत्पादों विशेषकर चबाने वाले तंबाकू के उपयोगकताओं की संख्या सर्वाधिक है।

इनमें युवा भी शामिल हैं। नवीनतम जीवाईटीएस 2019 सर्वे के मुताबिक तंबाकू उपयोग की प्रारंभिक आयु 07 वर्ष दशार्यी गई है जो अपने आप में चिंतनीय है। इसे देखते हुए शुक्रवार को "विश्व हृदय दिवस" के अवसर पर "वॉलंटरी हेल्थ एसोसिएशन ऑफ इंडिया (वीएचएआई) तथा इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय सेवा योजना गुरुकुल महिला महाविद्यालय द्वारा महाविद्यालय परिसर में आयोजित किया गया।

समय रहते हुए युवा पीढ़ी को तंबाकू या तंबाकू उत्पादों की चपेट में आने से बचाने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम में गुरूकुल महाविद्यालय की छात्राओं को चिकित्सा विशेषज्ञों ने एक ओर जहां तंबाकू उपयोग के हानिकारक प्रभावों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। वहीं छात्राओं को इससे दूर रहने और स्वस्थ्य जीवनशैली अपनाने के प्रति जागरूक भी किया गया। "तंबाकू से दूरी स्वास्थ्य हृदय के लिए जरूरी"कार्यक्रम में उपस्थित लगभग 250 छात्राओं ने तंबाकू मुक्त संस्थान और छत्तीसगढ़ बनाने का संकल्प लिया। साथ ही तंबाकू नियंत्रण कानून को सख्त बनाने और लोगों से तंबाकू का सेवन नहीं करने की अपील भी की। कार्यक्रम में गुरूकुल महिला महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) ईकाई का सक्रिय योगदान रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आईएमए रायपुर के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने कहा "आज का युवा ही कल का भविष्य है। इसलिए तंबाकू नियंत्रण में युवाओं की भूमिका बहुत अहम है। तंबाकू का सेवन किसी भी रूप में करने वाले व्यक्ति को कई तरह की बीमारियां होने का खतरा सर्वाधिक रहता है। इसमें कैंसर के साथ ही दिल से संबंधित बीमारियां भी हैं। एक्टिव एवं पैसिव दोनों स्मोकिंग को रोकना चाहिए। पैसिव स्मोकिंग किसी और के स्मोकिंग करने से होती है और यह 30% हमारे शरीर को नुकसान पहुंचती है। इसलिए उन्होंने युवाओं से तंबाकू उत्पादों के सेवन से खुद को, अपने परिवार और समाज को बचाने की अपील की ताकि समाज को नई दिशा मिल सके। इस दौरान उन्होंने कॉलेज छात्रों को तंबाकू का सेवन नहीं करने और तंबाकू मुक्त छत्तीसगढ़ बनाने में योगदान देने की अपील की।"कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित राज्य तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की राज्य सलाहकार डॉ. नेहा साहू ने "तंबाकू और तंबाकू उत्पादों की चपेट में आने से होने वाली समस्याओं की जानकारी दी। साथ ही तंबाकू नियंत्रण की दिशा में छत्तीसगढ़ में किए जा रहे प्रयासों की विस्तृत जानकारी देते दुए उन्होंने छात्राओं को समझाया कि तंबाकू के सेवन से हमारा शरीर दिमाग संबंध कार्य विकास सब कुछ प्रभावित होता है और यह हमारे समाज और देश की अर्थव्यवस्था पर भी प्रभाव डालती है। छात्राओं से उन्होंने तंबाकू का उपयोग ना स्वयं करने और अपने परिवार वालों से भी इसका सेवन नहीं करने का आह्वान कियाक" हृदय रोग विशेषज्ञ एमएमआई हॉस्पिटल डॉ. सुमंता पाढ़ी ने कहा कि "तंबाकू कंपनी हमको गिफ्ट के रूप में कैंसर एवं हार्ट जैसी बीमारी देती है। उन्होंने बताया कि किस प्रकार तंबाकू हमारे हार्ट को डैमेज करता है।"

कार्डियोवैस्कुलार सर्जन,संकल्प हॉस्पिटल, डॉ. निशांत चंदेल ने युवा पीढ़ी को कैंसर से बचने के लिए जागरुक करते हुए बताया की निकोटिन एक स्टिम्युलेंट है जो शरीर को कार्य करने के लिए उत्तेजित करता है यह कुछ सेकंड में हमारे शरीर को असर पहुंचना है। सडन डेथ हो सकती है। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल एवं कॉलेज एसोसिएशन के सचिव मोती जैन तंबाकू उत्पादों का सेवन करने की वजह से अपने कई परिचितों की स्थिति के बारे में प्रकाश डाला। साथ ही तंबाकू निषेध कानून का सख्ती से पालन करने और युवाओं को तंबाकू मुक्त छत्तीसगढ़ बनाने में योगदान देने की अपील की।

वहीं वोलेंट्री हेल्थ एसोसिएशन की आकांक्षा ने कोटपा अधिनियम और उसमें संशोधन की आवश्यकता क्यों है, क्या संशोधन जरूरी है, संस्थान इसके लिए क्या प्रयास कर रहा है। इसपर मुख्य रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 100 मीटर के दायरे में तंबाकू की अगर दुकान दिखती है तो उसकी रिपोर्ट की जा सकती है। महाविद्यालय के उप प्राचार्य डॉ राजेश अग्रवाल ने वोलेंट्री हेल्थ एसोसिएशन ( वीएचएआई) एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की टीम का धन्यवाद ज्ञापन कर आश्वासन दिया कि हमारी छात्राएं तंबाकू सेवन नहीं करेंगी और इसके प्रति जागरूक होकर नशा मुक्ति के लिए प्रयास करेंगी। साथ ही भविष्य में तंबाकू निषेध के लिए प्रयास में सहयोग प्रदान करेगी। इस दौरान कॉलेज की शिक्षिकाओं ने सक्रिय योगदान दिया।

## सीआरपीएफ महानिदेशक ने कश्मीर का 'ऑपरेशनल' दौरा किया



**श्रीनगर, एजेंसी।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिदेशक सुजॉय लाल थाओसेन ने परिचालन तैयारियों का आकलन करने और क्षेत्र में तैनात कर्मियों का मनोबल बढ़ाने के लिए कश्मीर का दौरा किया। सीआरपीएफ के प्रवक्ता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सीआरपीएफ महानिदेशक का दक्षिणी कश्मीर में अनंतनाग जिले के एक वन क्षेत्र में आतंकवादी मुठभेड़ के लगभग दो सप्ताह बाद का यह दौरा है, जिसमें सेना के दो अधिकारी, एक पुलिस उपाधीक्षक और एक जवान शहीद हो गए। एक सप्ताह तक चले ऑपरेशन में अधिकारियों की हत्या के पीछे शामिल लश्कर-ए-तैयबा के एक शीर्ष कमांडर सहित दो आतंकवादी भी मारे गये थे।

उन्होंने बताया कि महानिदेशक ने श्रीनगर में रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर (आरटीसी) और दक्षिण कश्मीर में सीआरपीएफ बटालियन का दौरा किया। उनके साथ जम्मू-कश्मीर जोन सीआरपीएफ के अतिरिक्त महानिदेशक नलिन प्रभात, कश्मीर अभियान क्षेत्र के सीआरपीएफ के महानिरीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार वर्मा और श्रीनगर क्षेत्रीय सीआरपीएफ के महानिरीक्षक अजय यादव उपस्थित थे। प्रवक्ता के मुताबिक उच्च पदस्थ अधिकारियों के साथ इस दौरे का उद्देश्य, परिचालन तत्परता का आकलन करना और क्षेत्र में तैनात सीआरपीएफ कर्मियों का मनोबल बढ़ाना है।

## भारत के साथ 'करीबी संबंधों' को लेकर प्रतिबद्ध है कनाडा : ट्रूडो

**टोरंटो, एजेंसी।** कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो ने कहा है कि उनका देश भारत के साथ करीबी संबंध स्थापित करने को लेकर "बहुत गंभीर" है, क्योंकि उसकी आर्थिक ताकत बढ़ रही है और वह एक अहम भूराजनीतिक भागीदार है, लेकिन वह चाहते हैं कि भारत खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के संबंध में पूरी सच्चाई सामने लाने के लिए कनाडा के साथ मिलकर काम करे। ट्रूडो ने ब्रिटिश कोलंबिया में 18 जून को हुई निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की "संभावित" संलिप्तता के आरोप लगाए हैं, जिसके कारण भारत और कनाडा के बीच तनाव बढ़ गया है। भारत ने 2020 में निज्जर को आतंकवादी घोषित किया था। भारत ने ट्रूडो के आरोपों को "बेतुका" और "निहित स्वार्थों से प्रेरित" बताकर खारिज कर दिया है। उसने इस मामले में



एक भारतीय अधिकारी को कनाडा से निष्कासित किए जाने के बाद जवाबी कार्रवाई करते हुए एक वरिष्ठ कनाडाई राजनयिक को भारत से निष्कासित कर दिया।

'द नेशनल पोस्ट' समाचार पत्र के अनुसार, ट्रूडो ने कहा कि भारत के खिलाफ "विश्वसनीय आरोपों" के बावजूद, कनाडा उसके साथ निकट संबंध स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। ट्रूडो ने मॉन्ट्रियाल में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनका मानना है कि वैश्विक मंच पर भारत के बढ़ते महत्व को देखते हुए कनाडा और उसके सहयोगियों का उसके साथ "रचनात्मक और गंभीर तरीके से" जुड़े रहना "अत्यंत महत्वपूर्ण" है।

उन्होंने संवाददाताओं से कहा, "भारत एक बढ़ती आर्थिक शक्ति और महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक भागीदार है। और जैसा कि हमने पिछले साल अपनी हिंद-प्रशांत रणनीति में कहा था, हम भारत के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने को लेकर बहुत गंभीर हैं।" समाचार पत्र ने ट्रूडो के हवाले से कहा "साथ ही, कानून के शासन का पालन करने वाले देश के रूप में, हमें इस बात पर जोर देना चाहिए कि भारत को यह सुनिश्चित करने के लिए कनाडा के साथ मिलकर काम करने की आवश्यकता है कि इस मामले (निज्जर की हत्या) के पूरे तथ्य सामने आएं।" ट्रूडो ने कहा कि उन्हें अमेरिका से आश्वासन मिला है कि अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन बृहस्पतिवार को वाशिंगटन में अपने भारतीय समकक्ष के साथ बैठक के दौरान निज्जर की हत्या में भूमिका को लेकर सार्वजनिक रूप से भारत पर लगाए गए आरोपों का मामला उठाएंगे।

## अपनी मातृभूमि की रक्षा की प्रतिज्ञा लें युवा : राज्यपाल मंगुभाई पटेल



**भोपाल, एजेंसी।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि देश को युवाओं से अनेक आशा और अपेक्षाएं हैं। युवा देश के कर्णधार हैं। कश्मीरी युवा मातृभूमि की रक्षा की प्रतिज्ञा लें।

यह बात राज्यपाल पटेल ने शुक्रवार को "वतन को जानो" कश्मीरी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। गृह मंत्रालय के सहयोग से नेहरु युवा केंद्र ने जल एवं भूमि प्रबंधन संस्थान (वाल्मी) में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जम्मू और कश्मीर के 6 जिलों के प्रतिभागी शामिल हुए। इस अवसर पर राज्यपाल पटेल ने नेहरु युवा केंद्र की गतिविधियों पर आधारित ब्रोशर का लोकार्पण भी किया। राज्यपाल ने कहा कि कश्मीरी युवा स्वामी विवेकानन्द के जीवन से प्रेरणा लें। उनके आदर्शों का अनुसरण करें। युवाओं के सतत प्रयास और सक्रिय भागीदारी से भारत विश्व गुरु बनेगा। उन्होंने कहा कि प्रतिभागियों के लिए "वतन को जानो" कार्यक्रम देश को जानने और नए दोस्त बनाने का एक सुअवसर है।

पटेल ने प्रतिभागियों को मध्यप्रदेश से वापस जाने के बाद भी पारस्परिक संवाद कायम रखने की समझाईश दी। उन्होंने कहा कि संवाद के लिए परस्पर मोबाइल नंबर और पते का साझा करें।

कश्मीर लौटने पर अपने परिवार और समाज के लोगों को प्रदेश की साझा संस्कृति, रीति-रिवाज और विविधता में रची-बसी एकता की ताकत के बारे में बताएं।

राज्यपाल पटेल ने कहा कि प्रतिभागी "वतन को जानो" कार्यक्रम का उपयोग वैश्विक नजरिए से समाज, देश और भविष्य के सकारात्मक चिंतन को सुदृढ़ बनाने में करें।

## भाटी ने फिर भाजपा का दामन थामा

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में पूर्व मंत्री देवी सिंह भाटी सहित कुछ नेता भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। भाजपा प्रदेश कार्यालय पर गुरुवार रात प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में भाजपा का दामन थामा। श्री भाटी ने भाजपा में वापसी की है। उनके पिछले कई दिनों से फिर से भाजपा में आने की चर्चा भी चल रही थी। इन नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास कार्यों, जनकल्याणकारी नीतियों पर विश्वास जताते हुए बिना किसी शर्त के भाजपा में शामिल हुए।

इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष सी पी जोशी, राष्ट्रीय महासचिव एंव प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह, प्रदेश चुनाव प्रभारी एवं केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी, नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़ ने श्री भाटी, शिक्षाविद् श्रवण चौधरी, बांदीकुई से भाजपा के पूर्व प्रत्याशी भागचंद सैनी और गेटवैल हॉस्पिटल सीकर के बीएल रणवां को माला और भाजपा का दुपट्टा पहनाकर भाजपा की



सदस्यता ग्रहण कराई।

इस अवसर पर श्री अरूण सिंह ने कहा कि राजस्थान में भाजपा परिवार में सदस्यता ग्रहण करने को लेकर बहुत उत्साह और उत्सुकता है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार के कुशासन से आज प्रदेश का हर वर्ग परेशान है और भाजपा का परिवार बढ़ रहा है। लोगों की भाजपा के प्रति आस्था और विश्वास बढ़ा है। श्री प्रहलाद जोशी ने कहा कि पार्टी में शामिल होने वाले सभी सदस्यों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व पर विश्वास कर ही पार्टी में शामिल हुए है।

## कावेरी मुद्दे पर कर्नाटक बंद से बेंगलुरु में जन-जीवन प्रभावित

**बेंगलुरु, एजेंसी।** तमिलनाडु को जल देने के विरोध में 'कन्नड़ ओक्कूटा' की ओर से शुक्रवार को आहूत कर्नाटक बंद को बेंगलुरु और राज्य के दक्षिणी इलाकों के लोगों का पूरा समर्थन मिला। बंद से जन-जीवन प्रभावित रहा।

अधिकारियों ने बेंगलुरु शहर, मांड्या, मैसुरु, चामराजनगर, रामनगर और हसन जिलों में दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा-144 के तहत निषेधाज्ञा लागू की है। साथ ही वहां के स्कूल और कॉलेज के लिए छुट्टी घोषित की गई है। 'कन्नड़ ओक्कूटा' कन्नड़ और किसान समूहों का एक मूल संगठन है। नदी जल विवाद को लेकर मंगलवार को बेंगलुरु में भी बंद आहूत किया गया था। मांड्या जैसे कावेरी बेसिन जिलों में अधिकतर दुकानें, व्यापारिक प्रतिष्ठान और भोजनालय आदि बंद रहे।

उन इलाकों में निजी वाहन भी सड़कों से नदारद रहे।

## अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर कसा कानूनी शिकंजा

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप पर कानूनी शिकंजा कसता ही जा रहा है। उन पर अपनी संपत्ति की कीमत को बढ़ा चढ़ाकर (अरबों डॉलर बढ़ाने का) बताने का आरोप है। उन्होंने अदालत में इस पर देरी से संज्ञान लेने की अपील दायर की थी। स्थानीय एक अदालत ने उनकी अपील खारिज कर दी। डोनाल्ड जे. ट्रम्प पर नागरिक धोखाधड़ी मुकदमा सोमवार से शुरू होने की संभावना है। यह जानकारी स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अदालत ने गुरुवार को दो पन्नों के संक्षिप्त आदेश में ट्रायल जज आर्थर एफ. एंगोरोन के खिलाफ दायर उनकी अपील



को रद्द कर दिया।

यह मामला पिछले साल न्यूयॉर्क के अटॉर्नी जनरल, लेटिटिया जेम्स सामने लाए थे। उनका आरोप है कि ट्रंप ने बैंकों से अनुकूल ऋण शर्तों को प्राप्त करने के लिए कुछ वर्षों में अपनी कुल संपत्ति अरबों डॉलर तक बढ़ा दी ।

## कांगो में रॉकेट विस्फोट, एक की मौत, 11 घायल

**गोरमा, डीआर कांगो, एजेंसी।** कांगो के उत्तरी किवु प्रांत में गुरुवार को एक रॉकेट आकस्मिक विस्फोट में होने की वजह से एक व्यक्ति की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए।

सेना के एक प्रवक्ता ने बताया कि विस्फोट स्थानीय समयानुसार शाम में करीब चार बजे हुआ। सैन्य प्रवक्ता गुइलाउम काइको नदजिक ने बताया कि उत्तरी किवु प्रांत की राजधानी गोमा शहर में एक सैन्य वाहन पर सवार एक सैनिक द्वारा रखा गया आरपीजी 7 रॉकेट सड़क घटना के बाद अनजाने में चल गया। उन्होंने कहा कि रॉकेट शहर के यूनिटी स्टेडियम में गिरा, जिससे 11 नागरिक घायल हो गए। उन्होंने कहा कि सैनिक की मौत हो गई।

## एआईएसएफ के राष्ट्रीय सम्मेलन के प्रतिनिधि सत्र में जुटे देश-विदेश के शिक्षाविद



**बेगूसराय, एजेंसी।** बिहार के बेगूसराय में चल रहे ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन (एआईएसएफ) के चार दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे दिन शुक्रवार को प्रतिनिधि सत्र में देश और विदेश के प्रतिनिधि एवं शिक्षाविद शामिल हुए। जिसमें विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रतिनिधि सत्र के दौरान सेमिनार के मुख्य वक्ता शिक्षाविद, वैज्ञानिक और वरिष्ठ कवि गौहर राजा ने कहा कि भाजपा भारत को पाकिस्तान का कॉपी बनाना चाह रही है।

जिस तरह पाकिस्तान में मुसलमानों को धर्म के नाम पर रौंदा जा रहा है, उसी तरह भाजपा भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाकर यहां के हिन्दुओं को रौंदना चाह रही है। पाखंडी बाबाओं की चरण वंदना करके सत्ता में आई भाजपा यहां के बच्चों को विज्ञान पढ़ने से वंचित करना चाहती है। उन्होंने कहा कि सरकार सबको नौकरी नहीं दे सकती है। इसीलिए छात्रों को शिक्षा से वंचित कर रहे हैं।

बाबा और भाजपा नेताओं का गठजोड़ कार्पोरेट के इशारों पर देश को अंधभक्ति एवं अशिक्षा में झोंक देगी।

अशिक्षित और बेरोजगारों की फौज के कारण भाजपा की राजनिति और बाबाओं का आश्रम चलता है। हमें वामपंथी, जनवादी, प्रगतिशील, लोकतांत्रिक गठजोड़ कर कार्पोरेट्स परस्त भाजपा-आरएसएस को हराना होगा।

## एक नजर

### तेलंगाना में शुक्रवार शाम तक जारी रहेगा गणेश विसर्जन

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना में गुरुवार सुबह शुरू हुई गणेश शोभा यात्रा (विसर्जन जुलूस) शुक्रवार शाम तक जारी रहेगी।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रदेश में अब तक गणेश शोभायात्रा शांतिपूर्ण ढंग से आगे बढ़ रही है। यहां हुसैन सागर के आसपास पांच स्थानों पर लगभग 70-80 हजार गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया है। शेष 5-10 हजार मूर्तियों के आज शाम तक विसर्जित होने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि संभावित यातायात भीड़ की आशंका के मद्देनजर पुलिस विसर्जन प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए उपाय कर रही है। तेलंगाना में गणेश विसर्जन समारोह के सुचारू और सुरक्षित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए किए गए उपायों का निरीक्षण करने हेतु राज्य के गृह मंत्री मोहम्मद महमूद अली, मंत्री श्रीनिवास यादव, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अंजनी कुमार और हैदराबाद के पुलिस आयुक्त सी.वी. आनंद के नेतृत्व में एक टीम ने गुरुवार को हवाई सर्वेक्षण किया। गणेश विसर्जन कार्यक्रम की निगरानी के लिए लगभग 40,000 पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है, जिसमें हैदराबाद पुलिस आयुक्त कार्यालय में लगभग 25,694 सुरक्षाकर्मी और साइबराबाद पुलिस आयुक्त कार्यालय और राचकोंडा पुलिस आयुक्त कार्यालय में 13,000 अतिरिक्त सुरक्षाकर्मी तैनात हैं। सूत्रों ने बताया कि 20,000 से अधिक सीसीटीवी कैमरों से लैस कमांड कंट्रोल सेंटर से गणेश विसर्जन जुलूस पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

### यूक्रेनी राष्ट्रपति ने नाटो महासचिव से की मुलाकात

**कीव, एजेंसी।** यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमिर जेलेंस्की ने गुरुवार को यूक्रेन और गठबंधन के बीच सहयोग एवं मेल-मिलाप पर चर्चा करने के लिए उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के महासचिव जेन्स स्टोल्टेनबर्ग से मुलाकात की।

यूक्रेन के राष्ट्रपति प्रेस विंग की ओर से शुक्रवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। दोनों पक्षों ने रक्षा मुद्दों पर बातचीत की। इस दौरान, यूक्रेन के ऊर्जा बुनियादी ढांचे को संभावित हमलों से बचाना और नाटो सदस्य देशों द्वारा यूक्रेन को अतिरिक्त वायु रक्षा प्रणालियों की आपूर्ति की संभावनाएं पर भी विचार विमर्श किया गया।

श्री जेलेंस्की ने मीडिया को इस वार्ता को 'वास्तव में सहयोगियों के बीच सार्थक बातचीत' बताया। उन्होंने कहा, ह्लयूक्रेन के गठबंधन का वैधानिक सदस्य बनने से पहले यह केवल समय की बात है। हम इसे जल्द से जल्द पूरा करने के लिए सब कुछ कर रहे हैं ह्व

श्री स्टोल्टेनबर्ग ने कहा कि यूक्रेन के लिए नाटो का समर्थन जारी रहेगा। नाटो यूक्रेन के साथ तब तक खड़ा रहेगा, जब तक इसकी जरूरत पड़ेगी। श्री स्टोल्टेनबर्ग इन दिनों यूक्रेन की यात्रा पर हैं।

### भाजपा भ्रमित भी और भयभीत भी: कमलनाथ

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने आज भारतीय जनता पार्टी पर सबको दिग्भ्रमित करने का आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी इस बार स्वयं ही दिग्भ्रमित और भयभीत दोनों है।

श्री कमलनाथ ने एक्स पर पोस्ट किया, सबको दिग्भ्रमित करने वाली भाजपा आगामी चुनावों में अपनी हार को सामने देखकर खुद ही दिग्भ्रमित हो गयी है और डरकर विरोधाभासी नीति अपना रही है, जिससे जनता में भाजपा की हँसी उड़ रही है। उन्होंने कहा कि एक तरफ भाजपा दावा कर रही है कि वो नई पीढ़ी के नेताओं को आगे बढ़ाना चाहती है, दूसरी तरफ वो ऐसे नेताओं को चुनाव लड़ने के लिए बाध्य कर रही है, जिनके पास लड़ने की इच्छा-शक्ति नहीं है। चुनाव की तैयारी कर रहे पार्टी के कई युवा नेता खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। भाजपा भ्रमित भी है और भयभीत भी।

### बड़ी संख्या में लोगों ने एम एस स्वामीनाथन को श्रद्धांजलि दी

**चेन्नई, एजेंसी।** भारत में 'हरित क्रांति' के प्रणेता और विश्व विख्यात कृषि वैज्ञानिक एम एस स्वामीनाथन को शुक्रवार को यहां बड़ी संख्या में लोगों ने श्रद्धांजलि दी। उनके पार्थिव शरीर को तारामणि में एम एस स्वामीनाथन रिसर्च फाउंडेशन के परिसर में रखा गया है ताकि आम लोग उनके अंतिम दर्शन कर श्रद्धांजलि दे सकें। फाउंडेशन की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि स्वामीनाथन का 30 सितंबर की दोपहर को बसंत नगर शवदाहगृह में पूरे पुलिस सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। स्वामीनाथन ने 28 सितंबर को यहां अपने तेयनामपेट आवास पर अंतिम सांस ली थी।

### चीन में एवरग्रांडे के दो पूर्व अधिकारी हिरासत में, चेयरमैन पुलिस की निगरानी में

**हांगकांग, एजेंसी।** चीन ने रियल एस्टेट डेवलपर चाइना एवरग्रांडे के अधिकारियों को निशाना बनाया है। यह कंपनी कर्ज में डूबी हुई है। चाइना एवरग्रांडे के दो पूर्व अधिकारियों को हिरासत में लिया गया है ।कंपनी के अरबपति चेयरमैन पुलिस की निगरानी में हैं। चीन के इस ताजा कदम से रियल एस्टेट जगत में संकट गहराने की आशंका बढ़ गई है। इस पर अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स में व्यापक चर्चा की गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक एक समय इस कंपनी के प्रोजेक्ट्स को चीन में सफलता की गारंटी माना जाता था। दो साल पहले इसके पतन की कहानी शुरू हुई। एवरग्रांडे ने हांगकांग में सार्वजनिक रूप से कारोबार करने वाली अपनी तीन कंपनियों में गुरुवार को कारोबार निलंबित कर दिया। दो साल पहले एवरग्रांडे के 300 अरब डॉलर के कर्ज में डूब जाने से दुनिया सकते में आ गई थी। रिपोर्ट्स के अनुसार एक अन्य प्रमुख चीनी डेवलपर कंट्री गार्डन ने वर्ष की पहली छमाही में 7.3 बिलियन डॉलर के नुकसान की सूचना दी है।

### जॉर्जिया चुनाव मामला: अदालत ने सह-प्रतिवादी स्कॉट हॉल दोषी ठहराया

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से जुड़े जॉर्जिया चुनाव हस्तक्षेप मामले में सह-प्रतिवादियों में से एक स्कॉट हॉल को फुल्टन काउंटी सुपीरियर कोर्ट ने दोषी ठहराया है। श्री हॉल पर सात आरोप हैं, जिसमें आरोप लगाया गया है कि वह जॉर्जिया में 2020 के चुनाव में मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडेन की जीत को पलटने के लिए पूर्व राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ एक साजिश का हिस्सा थे। श्री स्कॉट पर विशेष रूप से कॉफी काउंटी में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप है। फुल्टन काउंटी के न्यायाधीश स्कॉट मैकेफी ने शुक्रवार को उसके खिलाफ प्रत्येक मामले के लिए 12 महीने की परिवीक्षा लगाई, जिसके कारण प्रभावी रूप से पांच साल की परिवीक्षा अवधि के साथ-साथ प्रत्येक मामले के लिए 1,000 डॉलर का जुमार्ना यानी कुल 5,000 डॉलर का जुमार्ना लगाया। इसके अलावा ने स्कॉट को मतदान या चुनाव प्रशासन से संबंधित किसी भी गतिविधि में भाग नहीं लेने का आदेश दिया।

### एपेक शिखर सम्मेलन के लिए रूस को अमेरिका का निमंत्रण नहीं मिला है: एंटोनोव

**मास्को, एजेंसी।** रूस को अभी तक सैन फ्रांसिस्को में आयोजित होने वाले एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपेक) शिखर सम्मेलन के लिए अमेरिका की ओर से आधिकारिक निमंत्रण नहीं मिला है। अमेरिका में रूस के राजदूत अनातोली एंटोनोव ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने नवंबर में आयोजित होने वाले एपेक शिखर सम्मेलन के मुद्दे पर कहा, हमें अभी तक अमेरिका से आधिकारिक निमंत्रण नहीं मिला है।

# वायु प्रदूषण के खिलाफ जंग के लिए दिल्ली तैयार

## सीएम ने किया 15 सूत्री विंटर एक्शन प्लान का ऐलान

एनसीआर समाचार



**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सर्दी के मौसम में दिल्ली में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए शुक्रवार को 15 सूत्री विंटर एक्शन प्लान की घोषणा की। दिल्ली सरकार सख्ती से इसे लागू करेगी, ताकि ठंड के मौसम में दिल्ली वालों को प्रदूषण की समस्या से बचाया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ सालों में दिल्लीवासियों की मेहनत से प्रदूषण के स्तर में करीब 30 फीसद की कमी आई है। प्रदूषण के खिलाफ इस जंग में इस बार फिर से दिल्ली तैयार है और दिल्ली सरकार का विंटर एक्शन प्लान भी तैयार है। मुख्यमंत्री ने बताया कि विंटर एक्शन प्लान के तहत दिल्ली में चिह्नित 13 हॉटस्पॉट के लिए अलग-अलग एक्शन प्लान बनाया गया है। इस बार दिल्ली के 5 हजार एकड़ से अधिक खेतों में बॉयो डी-कंपोजर का निःशुल्क छिड़काव किया जाएगा। निर्माण साइटों पर कड़ी नजर रहेगी, एंटी डस्ट मशीनों का इस्तेमाल करेंगे और वाहन प्रदूषण को कम करने के साथ-साथ खुले में कूड़ा जलाने पर रोक रहेगी। प्रदूषण बढ़ने पर सख्ती से ग्रैप को लागू किया जाएगा और पड़ोसी राज्यों के साथ मिलकर काम करेंगे।

**दिल्ली सरकार का 15 सूत्री विंटर एक्शन प्लानः**

-13 हॉटस्पॉट के लिए अलग-अलग विशेष एक्शन प्लानः

केजरीवाल ने 15 सूत्री विंटर एक्शन प्लान की जानकारी देते हुए कहा कि हमने दिल्ली के अंदर 13 हॉटस्पॉट चिह्नित किए हैं, जहां ज्यादा प्रदूषण होता है। हर हॉटस्पॉट के लिए अलग-अलग एक्शन प्लान बनाया गया है। इसके लिए एक वॉर रूम बनाया गया है। 13 विशेष टीमें बनाई गई हैं। इन सभी हॉट स्पाट की सघन निगरानी ग्रीन वार रूम से की जाएगी।

**परालीः**

पिछले तीन वर्षों से हमने दिल्ली के खेतों में पराली गलाने के लिए पूसा बायो-डी-कंपोजर का मुफ्त में सफलता पूर्वक छिड़काव किया है। इसके नतीजे काफी अच्छे आए हैं। पिछले साल हमने 4400 एकड़ खेत में बायो डीकंपोजर का छिड़काव किया था। इस साल 5000 एकड़ से अधिक बासमती और गैर-बासमती कृषि भूमि पर मुफ्त में बायो-डीकंपोजर का छिड़काव किया जाएगा।

**धूल प्रदूषणः**

केजरीवाल ने कहा कि धूल प्रदूषण को कम करने के लिए कई सारे कदम उठाए गए हैं। निर्माण साइट्स पर निगरानी रखने के लिए कई टीमें बनाई गई हैं। 500 वर्गमीटर से ज्यादा वाले निर्माण साइट को डस्ट कंट्रोल करने के लिए वेब पोर्टल पर पंजीकृत करना होगा। पांच हजार वर्ग मीटर से ज्यादा वाले निर्माण साइट पर एंटी स्मॉग गन लगाना अनिवार्य होगा। सड़कों पर सफाई के दौरान उड़ने वाली धूल को रोकने के लिए 82 मैकेनिकल रोड स्पीपिंग मशीन लगाई गई हैं। इसके अलावा 530 वाटर स्प्रिंक्लिंग मशीनें और 258 मोबाइल एंटी स्मॉग गन सड़कों पर पानी छिड़काव के लिए लगाई जाएंगी।

**वाहन प्रदूषणः**

वाहन से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए पीयूसी सर्टिफिकेट की जांच की जाएगी। साथ ही 10 साल पुराने डीजल और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहन के प्रतिबंध को सख्ती से लागू करने के लिए 385 टीमें गठित की गई हैं। दिल्ली में अत्यधिक ट्रैफिक वाली 90 सड़कों की पहचान की गई है। इन सड़कों पर ट्रैफिक कम करने के लिए वैकल्पिक रूट उपलब्ध कराए जाएंगे। वैकल्पिक रूटों का प्रचार प्रसार किया जाएगा।

**खुले में कूड़ा जलाने पर रोकः**

दिल्ली के अंदर खुले में कूड़ा जलाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध है। इसकी निगरानी के लिए 611 टीमों टीमों का गठन किया गया है।

**औद्योगिक प्रदूषणः**

मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली में स्थित सभी 1727 औद्योगिक इंडस्ट्रीज अब पीएनजी से संचालित होती हैं। इसकी निगरानी के लिए 66 टीमों का गठन किया गया है। ये टीमें सुनिश्चित करेंगी कि ये इकाइयां किसी भी अनधिकृत और प्रदूषणकारी ईंधन का उपयोग तो नहीं कर रही हैं। साथ ही, अवैध रूप से चल रही औद्योगिक इकाइयों पर भी कार्रवाई करेगी।

**ग्रीन वॉर रूमः**

केजरीवाल ने कहा कि इस सम्बन्ध में एक ग्रीन वॉर रूम बनाया है, जिसके जरिए 24 घंटे निगरानी की जाएगी। यहां सभी एजेंसियों द्वारा हर दिन की गई कार्रवाई की रिपोर्ट का विश्लेषण होगा और अगले दिन की योजना बनाई जाएगी।

**ग्रीन दिल्ली एपः**

केजरीवाल ने बताया कि 3 साल पहले लॉन्च किया गया ग्रीन दिल्ली एप जनता के बीच काफी लाकप्रिय रहा है। एप पर अभी तक 70,470 से अधिक शिकायतें आईं। इसमें से 63,344 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है, जो कि 90 फीसद है। दिल्ली के सभी लोगों से हमारी अपील है कि वे अपने मोबाइल में ग्रीन दिल्ली एप डाउनलोड करें और दिल्ली में कहीं भी प्रदूषण करने वाली गतिविधि को देखें तो ग्रीन दिल्ली एप पर सूचना अवश्य दें। हम उसपर कार्रवाई करेंगे।

**रियल टाइम सोर्स अपोरशमेंट स्टडीः**

आईआईटी दिल्ली और डीपीसीसी के साथ रियल टाइम सोर्स अपोरशमेंट स्टडी की जा रही है। इसके लिए रॉउज एवेन्यू रोड पर स्थित सर्वोदय बाल विद्यालय में एक सुपरसाइट बनाई गई है। इसके डेटा का इस्तेमाल कर हम जगह-जगह फोकस तरीके से एक्शन कर पाएंगे।

**पटाखों पर प्रतिबंधः**

पिछले सालों की तरह इस साल भी दिल्ली के अंदर पटाखों के उत्पादन, भण्डारण और किसी भी प्रकार की बिक्री या खरीद पर पूरी तरह प्रतिबन्ध रहेगा।

**हरित क्षेत्र को बढ़ानाः**

दिल्ली में ग्रीन कवर बढ़ाने के लिए एक करोड़ से ज्यादा नए पौधे लगाए जाएंगे, जिसमें से 52 लाख पौधे दिल्ली सरकार लगाएगी।

**ईको ई-वेस्ट पार्कः**

होलम्बी कलां में एक ई-वेस्ट पार्क बनाया जा रहा है। पार्क के निर्माण में तेजी लाने के लिए कंसल्टेंट की नियुक्ति कर दी गई है।

**जन जागरूकता अभियानः**

केजरीवाल ने बताया कि प्रदूषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न जन जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। इसमें रन अगेन्स्ट पॉल्यूशन, रेड लाइट ऑन, गाड़ी ऑफ समेत अन्य कैंपेन चलाए जाएंगे।

**केंद्र सरकार, सीएक्यूएम और पड़ोसी राज्यों से संवादः**

केजरीवाल ने कहा कि प्रदूषण कोई बाउंड्री नहीं देखता है। हरियाणा की हवा दिल्ली आती है, दिल्ली की हवा यूपी जाती है। हमारी कोशिश है कि आसपास के राज्यों के साथ मिलकर प्रदूषण को कम करें। सेंटर फॉर साइंस एंड एन्वायरमेंट का डेटा बताता है कि दिल्ली में 31 फीसद प्रदूषण दिल्ली के आंतरिक स्रोतों की वजह से होता है, जबकि 69 फीसद बाहरी स्रोतों की वजह से है। पड़ोसी राज्यों से हमारी अपील है कि वाहन सीएनजी आधारित वाहन भी दिल्ली में आने दें।

दिल्ली के आसपास पॉल्यूटिंग ईंधन से चल रही इंडस्ट्री को पीएनजी में शिफ्ट किया जाए। ईंट भट्ठे को जिग-जैग तकनीक में बदला जाए। 24 घंटे बिजली की आपूर्ति की जाए, ताकि जेनरेटर की जरूरत न पड़े। एनसीआर में पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध होना चाहिए।

**ग्रैप का क्रियान्वयनः**

केजरीवाल ने बताया कि दिल्ली में ग्रैप को सख्ती के साथ लागू किया जाएगा। केंद्र सरकार की एजेंसी और सीएक्यूएम के जरिए तीन दिन बाद का पूवार्नुमान पता चल जाता है।

# कुलदीप भाटी ने समर्थकों के साथ की घर वापसी, 'आप' से तोड़ा नाता

एनसीआर समाचार



**नई दिल्ली।** रोहताश नगर विधानसभा के जमीनी नेता कुलदीप भाटी नें अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ आम आदमी पार्टी से नाता तोड़ते हुए कांग्रेस की सदस्यता ले ली। कुलदीप भाटी कुछ साल पहले कांग्रेस छोड़ आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए थे। नगर निगम की टिकिट नहीं मिलने से वे आप पार्टी से नाराज चल रहे थे। उत्तर पूर्वी दिल्ली के दो दर्जन से भी अधिक आम आदमी पार्टी के नेताओं व पदाधिकारियों ने कुलदीप भाटी के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली की मौजूदगी में आज सैंकड़ों समर्थकों ने कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया। आप छोड़ कांग्रेस में शामिल हुए प्रमुख लोगो में दिवेश पारस, महेंद्र कुमार, सलीम भी शामिल हैं। इस मौके पर राजीव भवन में आयोजित एक सभा में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक मुकेश शर्मा, भीष्म शर्मा, विपिन शर्मा, निगम में सदन के पूर्व नेता जितेन्द्र कुमार कोचर व पूर्व प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमित मलिक आदि भी मौजूद थे। ज्ञातव्य है कि श्री लवली ने दिल्ली के पार्टी छोड़ कर गए तमाम नेताओं से अपील की थी कि वो पुनः कांग्रेस परिवार में शामिल हों। उसी कड़ी में आज यह कार्यक्रम हुआ, जो लगातार जारी रहेगा। मंच का संचालन कांग्रेस नेता दीपक वशिष्ठ ने किया। इस मौके पर ठाकुर जगतपाल, गुजर समाज के अध्यक्ष जगबीर चौधरी, सतपाल पहलवान, सुशील तिवारी आदि भी शामिल थे। श्री लवली ने इस मौके पर आम आदमी पार्टी से आए कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि दोनो ही दलों ने दिल्ली को न केवल ठगा है बल्कि दिल्ली के विकास में दोनो दलों की रुचि नही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आए दिन भाजपा व आप पार्टी के झगड़े से दिल्ली के विकास में न केवल रुकावट आई है बल्कि बड़े पैमाने पर प्रोजेक्ट भी रुके हुए है।

## डेंगू से निपटने में नाकाम साबित हो रही है नगर निगम और सरकार : संदीप कपूर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में डेंगू के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। नगर निगम और सरकार के पास पूरे आंकड़े भीं नही है। यह कहना है भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ निगम पार्षद संदीप कपूर का। संदीप कपूर कहते हैं इसे दिल्ली सरकार तथा दिल्ली नगर की लापरवाही ही कहा जाएगा।

संदीप कपूर कहते हैं सरकारी आंकड़ो के मुताबिक ही इस समय डेंगू के करीब तीन हजार मामले है और संदिग्ध मामलो की संख्या पांच हजार से अधिक है। दूसरी और नगर निगम की ओर से घरों में दवा डालने तथा गलियों में नालियों में दवा डालने के साथ-साथ मच्छर प्रजनन रोकने के ठोस उपाय भी पर्याप्त मात्रा में नहीं किये जा रहे। संदीप कपूर कहते हैं इस समय सफाई की व्यवस्था ठीक नहीं है वो चाहे अस्पतालों में मरीजों की दवा मिलने की हो या मच्छरों की दवा छिड़काव की कुछ भी नियमित तथा सुचारू रूप से नहीं किया जा रहा है।

# सांस्कृतिक संबंध दिलों को जोड़ने वाला होता है : अनूप लाठर

**जी20 के उपलक्ष्य में श्री अरबिंदो कॉलेज द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित**



एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक परिषद के सहयोग से श्री अरबिंदो कॉलेज द्वारा जी 20 के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय भारत-चीन के परस्पर मजबूत सम्बंधो की भूमिका को आधार बनाया जाना था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली विश्वविद्यालय सांस्कृतिक परिषद के अध्यक्ष अनूप लाठर के साथ-साथ प्रो. रविन्द्र कुमार, प्रो. निरंजन कुमार एवं जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय के पूर्व पीवीसी प्रो. चिंतामणि महापात्रा वक्ता के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर अनूप लाठर ने अपने वक्तव्य में कहा कि चीन से हमारे सम्बन्ध बहुत पुराने हैं। पारंपरिक और व्यापारिक दोनो ही रूपों में उनसे हमारा सम्बंध हृदय, मन और आत्मा का हैं।

कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई। स्वागत वक्तव्य में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विपिन कुमार अग्रवाल ने भारत और चीन को एक साथ आने और उसके माध्यम से विश्व प्रगति के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# उच्च शिक्षण संस्थानों में जल्द शुरू होगा बिजनेस ब्लास्टर्स प्रोग्राम



-इनोवेटिव सुझाव, विशेषज्ञों से बातचीत के लिए उच्च शिक्षा मंत्री ने किया आईआईटी मद्रास के रिसर्च पार्क का दौरा

-पार्क में विकसित हो रहे आइडियाज से सीखकर यंग एंत्रप्रेन्योरशिप प्रोग्राम को आकार देने में मदद मिलेगी-आतिशी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सरकार अपने उच्च शिक्षण संस्थानों में एंत्रप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देने की दिशा में लगातार प्रयासरत है। सरकार उच्च शिक्षण संस्थानों में बिजनेस ब्लास्टर्स प्रोग्राम शुरू करने की तैयारी कर रही है। इसके लिए उच्च शिक्षा मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को आईआईटी मद्रास के रिसर्च पार्क का दौरा किया। वहां उन्होंने विभिन्न स्पेशलाइज्ड इनोवेशन एंड इन्क्यूबेशन सेंटर्स का दौरा किया। आतिशी ने विशेषज्ञों से उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्रों के बीच एंत्रप्रेन्योरशिप की संस्कृति को बढ़ावा देने वाले आवश्यक बदलावों पर चर्चा की। आतिशी ने कहा कि दिल्ली सरकार अपने सभी उच्च शिक्षण संस्थानों में एंत्रप्रेन्योरशिप को लेकर सकारात्मक वातावरण तैयार करने की दिशा में काम कर रही है। रिसर्च पार्क मॉडल कंपनियों, संगठनों और इच्छुक उद्यमियों को विभिन्न क्षेत्रों में रिसर्च व विकास की दिशा में सहयोग करने और आगे बढ? का अवसर प्रदान करता है। सरकार ने युवाओं को नौकरी लेने वाले की बजाए नौकरी देने वाले बनाने के लिए स्कूलों में बिजनेस ब्लास्टर्स प्रोग्राम की शुरूआत की हुई है। अब कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में छात्रों की बारी है। इसके लिए उन्होंने विभिन्न विशेषज्ञों से चर्चा कर यह जानने का प्रयास किया कि कैसे अपने संस्थानों में इनोवेटिव इन्क्यूबेशन सेंटर स्थापित कर सकते हैं। आतिशी ने आईआईटी मद्रास रिसर्च पार्क इनक्यूबेशन सेल, हेल्थकेयर टेक्नोलॉजी इनोवेशन सेंटर, बैटरी इंजीनियरिंग एंड इलेक्ट्रिक व्हीकल सेंटर, एडवांस मैन्यूफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट सेंटर, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ऑन सेंसर्स, स्पेशलाइज्ड सेंटर ऑफ वायरलेस टेक्नोलॉजी, 5जी लैब, और नेशनल सेंटर फॉर असिस्टेंट हेल्थ टेक्नोलॉजी का भी दौरा किया।

# `सभी अवैध कूड़ा प्वाइंट्स 8 दिन में साफ कर दिए जाएंगे : डॉ. शैली ओबरॉय

एनसीआर समाचार



**नई दिल्ली।** दिल्ली को जल्द अवैध कूड़े के ढेरों से निजात मिलेगी। निगम की आप सरकार ने पहले चरण में सभी 12 जोनों में 158 गारबेज वल्नरेबल पॉइंट्स की पहचान की है। इन्हें अक्टूबर के पहले सप्ताह यानि 8 दिन में साफ कर दिया जाएगा। इसके बाद सुनिश्चित किया जाएगा कि ऐसे स्थानों की सफाई के बाद कोई कूड़ा न डाले।

इसके लिए वहां पर गमले रखे जाएंगे। मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि अब दिल्ली होगी साफ' अभियान के तहत पहले चरण में सभी 12 जोनों में 158 गारबेज वल्नरेबल पॉइंट्स को साफ किया जाएगा। सीएम अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली को साफ करने का वादा किया है। हम दिल्ली को कचरा मुक्त बनाकर ही दम लेंगे।

दिल्ली नगर निगम मुख्यालय में मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने डिप्टी मेयर आले मोहम्मद इकबाल और नेता सदन मुकेश गोयल के साथ आज एक महत्वपूर्ण प्रेसवार्ता को संबोधित किया। डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली नगर निगम द्वारा 'अब दिल्ली होगी साफ' अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत दिल्ली के सभी 12 जोनों में गारबेज वल्नरेबल पॉइंट्स (कचरा स्थल) की पहचान कर ली गई है।

पिछले दो महीनों से दिल्ली के निगम पार्षदों, निगम अधिकारियों और कर्मचारियों ने मिलकर इन जीवीपी की पहचान की गई है। दिल्ली की जनता के लिए खुशी की बात यह है कि इन जीवीपी को खत्म करने भी शुरूआत हो चुकी है। मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि हमारा मकसद दिल्ली के सभी ढलाव घरों को खत्म करने का है। ढलाव घर काफी पुराने बने हुए हैं, जो खुले हुए हैं और इनसे कूड़ा बाहर फैलता रहता है।

इन ढलाव घरों को कम करना है। कुछ जगह पर ये खत्म भी हो चुके हैं लेकिन जनता की आदत सी बन गई है जहां खाली जगह दिखी, वे वहां कूड़ा डाल देते हैं। उन जगहों पर धीरे-धीरे एक कूड़े का ढेर खड़ा हो जाता है। इसे ही हम गारबेज वल्नरेबल पॉइंट्स (जीवीपी) कहते हैं। उन्होंने कहा कि हमने इन जीवीपी को सभी जोन में चिन्हित कर लिया है। सेंट्रल जोन में 11, करोल बाग में 13, शाहदरा उत्तरी क्षेत्र में 10, नजफगढ़ में 10, नरेला जोन में 10 पश्चिम क्षेत्र में 10, रोहिणी क्षेत्र में सर्वाधिक 37, सिविल लाइंस क्षेत्र में 22 शाहदरा दक्षिण क्षेत्र में 15 दक्षिण क्षेत्र में 10 और केशव पुरम क्षेत्र में 10 जीवीपी की पहचान की गई है। इसके अलावा कुछ-कुछ जोन में इन जीवीपी को खत्म भी कर दिया गया है।

हम इन सभी कचरा स्थलों को अक्टूबर के पहले हफ्ते तक खत्म कर देंगे और इनका सौंदर्यीकरण कर दिया जाएगा। इस संबंध में निगम के शीर्ष अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निदेर्शानुसार हम इनका सौंदर्यीकरण कर देंगे।

हम इन स्थलों पर गमले रखेंगे और पेड़ पौधे लगाएंगे। मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि सभी जोनों में जागरुकता अभियान भी चलाए जा रहे हैं। वहां के आरडब्ल्यूए, एनजीओ और नागरिकों की भागीदारी जुटाने के लिए भी अभियान चलाए जा रहे हैं। जिन जीवीपी को खत्म किया है उन स्थलों पर साइनेज बोर्ड लगाए जा रहे हैं। इन बोर्ड के माध्यम से साफ-सफाई से संबंधित संदेश दिए जाएंगे।

## एक नजर

### बाल कलाकारों द्वारा धार्मिक नृत्य प्रतियोगिता आयोजित : अशोक जैन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वर्तमान समय में देश की कला एवं संस्कृति पर पश्चिमी सभ्यता हावी होती जा रही है अतः कला एवं संस्कृति को संजोए रखने के उद्देश्य से अखिल भारतीय संस्था तरुण मित्र परिषद द्वारा बाल कलाकार धार्मिक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि निगम पार्षदा अलका राघव ने कहा कि जैन धर्म में क्षमावाणी का बहुत महत्व है इससे मन के सभी विकारों को दूर किया जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष मनोज कुमार जैन ने की। परिषद के महासचिव अशोक जैन ने बताया कि श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, लक्ष्मी नगर में आयोजित 21वीं वार्षिक भव्य नृत्य प्रतियोगिता में 21 बाल कलाकारों ने अपनी परंपरागत वेशभूषा में अपनी अनूठी कला का प्रदर्शन कर सभी उपस्थित कला प्रेमियों का मन मोह लिया तथा नन्हे-मुन्ने बाल कलाकारों को अपनी कला निखारने का सुअवसर मिला। दिगम्बर जैन नैतिक शिक्षा समिति द्वारा संचालित पाठशाला की अध्यापिका नन्दिनी जैन व दीपा जैन स्वीटी के कुशल निर्देशन में आयोजित नृत्य प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में नीता, दीपा व मीनाक्षी जैन ने डिम्पल, अद्रिका व दिक्षिता जैन को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय घोषित किया। सभी विजेताओं को विशेष व अन्य सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार परिषद के पदाधिकारी रविन्द्र जैन, रजत जैन फाइल वाले व परिषद की संरक्षिका सुधा गुप्ता की ओर से भेंट किए गए। मंच संचालन शुभम जैन ने किया। इस अवसर पर परिषद के सहसचिव आलोक जैन, संगठन सचिव राकेश जैन, रविन्द्र कुमार जैन, मंदिर अध्यक्ष संजय जैन, मंत्री प्रवीन जैन, राजेन्द्र प्रसाद जैन व भाजपा मंडल अध्यक्ष ललित निगम आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### जिला समाज कल्याण अधिकारी ने किया निरीक्षण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जिला समाज कल्याण अधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने शुक्रवार को सोशल वेल्फेयर आफिसर नेहा शर्मा और गीताजली के साथ सनलाइट कॉलोनी पुरानी सीमा पुरी स्तिथ अनुकृति विशेष विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत उन्होंने संस्था द्वारा किये जा रहे सेवा कार्यो की प्रशंसा की तथा विद्यालय मै प्रशिक्षण ले रहे मानसिक दिव्याग बच्चो से मिले तथा उनको पढ़ा रही टीचरों वंदना नेगी, एवं अन्य से भी बच्चो को दी शिझा के बारे मै जानकारी ली संस्था के अध्यक्ष सुनहरी लाल यादव, उपाध्यक्ष डाक्टर राकेश रमण झा ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को संस्था का प्रतीक चिह्न देकर फूल मालाओ से उनका सम्मान किया संस्था की कोषाध्यक्ष कविता यादव ने प्रतीक चिह्न साल उडा कर सोशल बैलफेयर आफिसर नेहा शर्मा और वन्दना नेगी ने गीतांजली शोसल वेल्फेयर आफिसर का शाल प्रतीक चिह्न देकर स्वागत किया उक्त कार्यक्रम के समय मुख्य सामाज सेवी अरूण शर्मा, रवींद्र सिंह, साजिद चौधरी, कुन्दन, अमरजीत, संस्था के महासचिव अभिषेक कुमार, निशा, अनु, लछमी यादव, लक्की, सिमरन, सविता, बबिता, काजल, सोनू, अर्चना, सीमा, सना, हुमा सदफ, सोनम, नगमा, पूजा, सुप्रिया, सुरजीत आदि उपस्तिथ रहे।

### पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता अभियान में हो जनभागीदारी : अंशुल सिरोही

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन पॉल्यूशन कंट्रोल एसोसिएशन एवम सरस्वती एजुकेशनल सोसाइटी के मार्गदर्शन में कार्यरत शक्ति नामक स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने आज दिल्ली नगर निगम शाहदरा दक्षिण के उपायुक्त अंशुल सिरोही से मुलाकात की। इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता अभियान में जन भागीदारी सुनिश्चित हो तभी हम अपने शहर को स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल बना पाएंगे।

सहायक आयुक्त अमिताभ श्रीवास्तव और जोन के ब्रांड अम्बेसडर आशीष जैन ने अपने संयुक्त वक्तव्य में कहा कि आप महिलाये ईको फ्रेंडली वस्तुओं का उत्पादन करे हम आप की हर संभव मदद करेंगे। संस्था अध्यक्ष एडवोकेट अमित मिश्रा और शक्ति समूह की महिलाओं ने भी शपथ ली कि वह अपने समूह के माध्यम से अन्य महिलाओं को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की और जागरूक करेगी साथ ही ऐसे ईको फ्रेंडली वस्तुओं का उत्पादन भी करेगी।

### सुंदर नगरी में मोहिनी जीनवाल ने चलाया सफाई अभियान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुंदर नगरी में सफाई पखवाड़ा के तहत शनि बाजार में सफाई अभियान चलाया गया। सफाई अभियान में क्षेत्र की निगम पार्षद मोहिनी जीनवाल, शहादरा उत्तरी जोन के उपायुक्त संजीव मिश्रा, सफाई अधीक्षक के.सी शर्मा, मुख्य सफाई निरीक्षक ब्रह्म प्रकाश शर्मा, सफाई निरीक्षक जयदेव, कनिष्ठ अभियंता ए.के मित्तल, उध्धान विभाग के मुकेश शर्मा, मेट्रो वेस्ट हैंडलिंग कम्पनी के प्रोजेक्ट ऑफिसर आर.के श्रीवास्तव, एव कम्पनी की आई.सी. टीम के अलावा क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिक हाजी आजाद, नासिर अंसारी, वसीम अब्बासी, शरीफ अहमद, जैनुल सिद्दीकी, इमरान, असगर, डी.के सिरसवाल, आदि ने स्वयं सफाई करके स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर मोहिनी जीनवाल ने कहा कि दिल्ली नगर निगम को सफाई व्यवस्था के लिए जाना जाता हैं निगम में यदि कोई सबसे ज्यादा काम करता हैं तो वह सफाई कर्मचारी हैं। लेकिन दुखद हैं कि 1998 के नियुक्त सफाई कर्मचारियों को पिछली बी जे पी शाशित निगम प्रशाशन ने स्थाई नही किया और कई कर्मचारी अस्थाई ही सेवा निवर्त हो गए। अब सफाई कर्मचारियों को स्थायी करने की प्रक्रिया शुरू की गई हैं। उपायुक्त संजीव मिश्रा ने सफाई अभियान में शामिल सभी नागरिकों का धन्यवाद करते हुए कहा कि सफाई केवल निगम का विषय नहीं है इसमे सभी को साथ देना होगा तभी क्षेत्र हमेशा के लिए साफ सुथरा रहेगा।

### हार्ट रोग को लेकर बरते सावधानी : डॉ. राहुल चंदोला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विश्व ह्रदय दिवस के अवसर पर पीएसआरआई अस्पताल के हार्ट एवं लंग रोग विशेषज्ञ व आईएचएलडी के चेयरमैन ड़ॉ राहुल चंदोला ने मोटापा, तनाव, व्यायाम का अभाव और खान पान में अनियमितता के साथ साथ मधुमेह और उच्च रक्त चाप से पीड़ित मरीजों की स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही के कारण बच्चे युवा और बुजुर्गो में हार्ट रोग के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हार्ट रोगियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक रहना चाहिए। साथ ही हार्ट रोग न हो इसके लिए समय-समय पर हार्ट की जांच जरुर कराएं।


ड़ॉ राहुल चंदोला ने बताया कि इसी तरह लंग रोग के मामले ज्यादा बढ़ रहे हैं उसकी मुख्य वजह बढता वायु प्रदूषण और अत्याधिक सिगरेट के सेवन से लंग रोग के मामले बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से योग करना चाहिए। आने वाले समय में लंग रोग के मामलों में और भी इजाफा हो सकता है। इसकी वजह ये है कि बढ़ता वायु प्रदूषण। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया पीएसआरआई अस्पताल में एक ही छत के नीचे हार्ट एवं लंग के सफलता पूर्वक ट्रांसप्लांट किये जाते हैं। लंग रोग के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि अगर सांस चलने फिरने में सांस फूलता हो उसे नजरअंदाज न करे। और छाती में दर्द के साथ वाये हाथ मे खिचाव के साथ दर्द हो और साथ ही जबड़े में दर्द हो तो उसे नजरअंदाज न करे क्योंकि ये हार्ट रोग के लक्षण हो सकते हैं। डॉ. राहुल चंदोला ने बताया कि नियमित रूप से हर रोज 40 मिनट का व्यायाम करें तलीय पदार्थों का सेवन कम से कम करे।

# दीवाली से पूर्व अवैध पटाखे के कारोबार को रोकने में जुटी पुलिस

अरुण प्रताप सिंह

**गाजियाबाद:** दीपावली आने में अभी डेढ़ महीना बाकी है, पटाखा कारोबारियों ने अवैध रूप से पटाखा बनाने की तैयारी शुरू कर दी है जबकि दिल्ली एनसीआर में पटाखों पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा प्रतिबंध लगा हुआ हैं। आज बुधवार को गाजियाबाद कमिश्नरेट सिटी जॉन अंतर्गत आने वाले नंदग्राम थाना क्षेत्र अवैध रूप से संचालित हो रही पटाखा फैक्टरी पर पुलिस में छापेमारी करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने अठौर नगला की रामनगर कॉलोनी में अवैध रूप से चल रही पटाखा फैक्ट्री से लाखों रुपए के बने अधबने अवैध पटाखे बरामद किए हैं। जबकि फैक्ट्री संचालक दो लोग इस्तेकार और जमशेद फरार हैं। आपको बता दे की नंदग्राम एसीपी रवि कुमार ने थाना नंदग्राम में प्रेस वार्ता कर अवैध रूप से पटाखा बनाने वाले गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया हैं, पुलिस दोनों फरार आरोपी इस्तेकार पुत्र जमील और जमशेद पुत्र इमामली निवासी फरूखनगर असालतपुर तलाश कर रही हैं।



गाजियाबाद कमिश्नरेट पुलिस एक्शन मोड में नजर आ रही है। फरूखनगर इलाके में अवैध रूप से बेचे जा रहे पटाखे में स्थानीय पुलिस की भूमिका संदिग्ध इलाके मोड़ थाना क्षेत्र में स्थित फरुखनगर इलाके में पिछले 30-35 सालों से पटाखों का कारोबार किया जाता है लेकिन पिछले 4-5 सालो से दिल्ली एनसीआर में सुप्रीम कोर्ट द्वारा पटाखा बेचने पर प्रतिबंध लगा हुआ है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा लगाया गया प्रतिबंध के बावजूद भी फरुखनगर इलाके में पिछले 5 सालों से अवैध रूप से खूब पटाखा बनाया और बेचा जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि फरुखनगर इलाके में अवैध रूप से बेचे जा रहे पटाखे में स्थानीय पुलिस की भूमिका संदिग्ध रही हैं। फरुखनगर इलाके में हो चुके कई बड़े हादसे, कई लोगों की जा चुकी जान उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद के फरुखनगर इलाके में पिछले 8 सालों में कई बड़े हादसे भी हो चुके हैं जिन हादसों में कई लोग अपनी जान भी गवा चुके हैं। लेकिन बड़े हादसे होने के बावजूद भी फरुखनगर इलाके से अवैध पटाखों का कारोबार बंद नहीं हुआ।

इस अवैध पटाखे के कारोबार को बंद न करने का मुख्य कारण गाजियाबाद प्रशासन ढीला रवैया रहा, अगर प्रशासन चाहता तो इस अवैध कारोबार को बड़ी ही आसानी से बंद करा सकता था। ट्रांस हिंडन जोन का एक थाना अवैध पटाखों का कारोबार करने के लिए माना जाता हैं गढ़– गाजियाबाद कमिश्नरेट ट्रांस हिंडन जॉन अंतर्गत आने वाले टीला मोड़ थाना क्षेत्र के फरुखनगर इलाका अवैध पटाखे का कारोबार करने के लिए गढ़ माना जाता है। फरुखनगर इलाके में अब से कुछ साल पहले दीपावली से दो-तीन दिन पहले एक पटाखों का मेला लगाया जाता था लेकिन दिल्ली एनसीआर में पटाखों पर लगा बैन होने के चलते पिछले कई सालों से फरुखनगर में चोरी छिपे पटाखे बेचने का काम किया जा रहा है।

प्रशासन के द्वारा लगातार अवैध पटाखा बनाने वाले कारोबारी पर कार्रवाई भी की जा रही है लेकिन प्रशासन से बेखकूफ होकर फरुखनगर इलाके में चोरी छिपे पिछले कई सालों से दीपावली के समय पटाखे बेचने का कारोबार किया जा रहा है। डीसीपी ट्रांस हिंडन शुभम पटेल ने बताया कि फरुखनगर इलाके में पूर्व में पटाखों का कारोबार किया जाता था, अब फरुखनगर इलाके में इस तरह का कोई भी कारोबार नहीं किया जा रहा हैं। टीला मोड़ थाने में हाल ही में दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है और उनके विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाएगी।

पूर्व में लोनी एसडीएम रहे प्रशांत तिवारी ने की थी पटाखा कारोबारी पर कड़ी कार्रवाई, एसडीएम प्रशांत की कार्रवाई से पटाखा कारोबारियों हुई थी नींद हराम गाजियाबाद लोनी में पूर्व एसडीएम रहे प्रशांत तिवारी ने फरुखनगर इलाके में पटाखा कारोबारी पर कड़ी कार्रवाई करते हुए उनकी नींद हराम कर दी थी। लेकिन एसडीएम प्रशांत तिवारी का ट्रांसफर होने के बाद पटाखा कारोबारी ने फिर से अवैध कारोबार करना शुरू कर दिया।

लोनी में बतौर एसडीएम रहे प्रशांत तिवारी के कार्यकाल में पूर्ण रूप से फरुखनगर इलाके से पटाखों का कारोबार खत्म तो नहीं हुआ किन्तु कुछ हद तक कारोबारी ने अपना ये गैर कानूनी काम फरुखनगर इलाके से बंद कर अन्य जगह करना शुरू कर दिया था। पूर्व एसडीएम प्रशांत तिवारी का पटाखा कारोबारी में इस कदर खौफ था कि फरुखनगर इलाका छोड़कर अन्य इलाकों में पटाखा बनाने का काम शुरू कर दिया गया। इसका ताजा उदाहरण आज नंदग्राम पुलिस के द्वारा कि गई कार्रवाई से देखने को मिला है।

फरुखनगर में कब कब हुए हादसे, कितने गवा चुके अपनी जान –29 अप्रैल 2017 को पटाखा फैक्ट्री में कार्य करते हुए धमाके में पांच लोगों की मौत हुई थी। 29 अक्टूबर 2016 को फरुखनगर में एक पटाखा फैक्टरी में धमाके के बाद आग लगने से एक मजदूर की मौत हो गई थी। हादसे में महिला समेत कई लोग घायल हुए थे। 27 जुलाई 2015 धमाके होने से गोदाम की दीवार गिरी। हादसे के दौरान मजदूरों की जान बच गई थी। 08 नवंबर 2015 पटाखा फैक्ट्री में लगी आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया था। फायर ब्रिगेड में आग पर काबू पाया था। 07 मार्च 2015 पटाखों से भरी कार में लगी आग लग गई थी। हादसे के दौरान कार में बैठे एक बच्चे की मौत हो गई थी।

## एक नजर

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा कर रही अनावरण का इंतजार




**कमल सिंह, उत्तर प्रदेश।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा अनावरण का इंतजार कर रही है। नगर पंचायत में धूल फांक रही है दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा, चबूतरा निर्माण के बाद भी प्रतिमा नहीं लगाई है। चबूतरे का उद्घाटन हो चुका है। मूर्ति को कंबल में लपेटा, उद्घाटन का बोर्ड लगाकर कर सिर्फ खानापूर्ति की गई। लाखों की लागत लगाई गई है, इसलिए लोगों में भारी आक्रोश है। इससे चेयरमैन, एड की लापरवाही सामने आ गई है। यह मामला आगरा की फतेहाबाद नगर पंचायत का है।

### महाराष्ट्र में गणपति विसर्जन और जश्ने ईद मिलदुन नबी शांति पूर्वक मनाया गया



**मोहम्मद समीर, महाराष्ट्र:** महाराष्ट्रा से गणपति विसर्जन के चलते पब्लिक के साथ आपस मे बात करके पुलिस प्रशासन ने माडवली कराके कल मनवाया गणपति विसर्जन जिसके चलते मालवानी मलाड वेस्ट में आज मनाया गया 12 रबीउलव्वल। पुलिस प्रशासन ओर पब्लिक के सहयोग के बहुत हि शांतिपूर्वक से तरीके जुलूस निकला गया।

### हिंदुस्तान के मशहूर इस्लमिक यूनिवर्सिटी के नाजिम हजरत मौलाना अपने दो रोजा दौरे पे तसरीफ लाये



**मोहम्मद समीर, उत्तर प्रदेश:** हिंदुस्तान के मशहूर इस्लमिक यूनिवर्सिटी दारुल उलूम नदवातूल उलमा के नज़िम और मुस्लिम परसनला बोर्ड के सेक्रेटरी के नाजिम हजरत मौलाना सय्यद बेलाल अब्दुल हई नद्वी अपने दो रोजा दौरे पे तसरीफ लाये। दोहा इंटरनेशन एअरपोर्ट पर नद्वी बिरादरी उनका इस्तेकबाल करते हुए।

## 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम के तहत पोषक क्षेत्र में शनिवार को निकली गई प्रभात फेरी





संजीव कुमार झा

**झारखंड:** मवि एग्यारकुण्ड में 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम के तहत प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार झा के नेतृत्व में पोषक क्षेत्र में शनिवार को प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभारी प्रधानाध्यापक झा ने कहा कि प्रार्थना सभा में सभी छात्र एवं समुदाय द्वारा पंच प्रण प्रतिज्ञा को दोहराया गया। इसके बाद पोषक क्षेत्र पाथरचाली, लकड़ाकनाली, सियार कनाली, कोड़ाकुली में प्रभात फेरी निकाली गयी। प्रभात फेरी के दौरान प्रतिभागी छात्र ढोल, नगाड़े, राष्ट्रीय ध्वज, वीर शहीदों के पोस्टर, पंच प्रण प्रतिज्ञा का प्रिंट आदि कार्यक्रम आयोजित की गई।

उन्होंने कहा कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत विद्यालय में निबंध लेखन, चित्रांकन, रंगोली निर्माण, देश प्रेम संबंधी गीत गायन प्रतियोगिता, नाटक कहानी वाचन आदि देशभक्ति आधारित एवं स्थानीय वीरों पर आधारित प्रतियोगिता कराई गयी। कार्यक्रम में शिक्षक प्रमोद राव विदन मंडल, कुमारी सोना दास, पंपी खान, विधान दास, अर्पणा बाउरी, चंदना बाउरी, मारुति बाउरी दुलाली बाउरी आदि थे।

## गणता में तालुका स्तरीय विज्ञान मेले में वासना (वातम) के बाल वैज्ञानिक आकर्षण बने

सुरेशकुमार दाला भाई पुरोहित

गुजरातः गनता में तालुका स्तरीय विज्ञान मेले में वासना (वातम) के बाल वैज्ञानिक आकर्षण बने। बनासकांठा जिले के लाखनी तालुका के गणता में आयोजित तालुका स्तरीय विज्ञान मेले में तालुका के सभी स्कूलों के बच्चों ने अपने अभिनव कार्य प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का उद्घाटन श्रीमान ने किया। अगले दिन समापन के अवसर पर महेशभाई दवे और गुजरात केशाजी चौहान एवं अन्य अतिथि श्री केशाजी चौहान द्वारा दीप प्रगटय द्वारा विज्ञान मेले से संबंधित एवं जल संचयन से संबंधित विचार एवं श्री शंकरभाई चौधरी साहबविज्ञान मेले का आयोजन बच्चों की सोच कौशल की तकनीकी प्रस्तुतियों के



माध्यम से किया जाता है। साथ ही वासना (वातम) के श्रीमान वासना (वातम) स्वयं और अन्य अतिथि प्रत्येक कक्षा में आकर बच्चों की नई सोच को नई गति देते हैं।) श्रीमान रमेशभाई.परमार, सैलरी सेंटर स्कूल के प्रिंसिपल और विशेष रूप से अनुभवी बच्चों में रुचि रखते हैं। सभी कार्य एवं बाल टीम सीआरसी श्री विहाजी राजपूत के मार्गदर्शन मेंबच्चों की टीम

रबारी अरविंदकुमार,
गमित अंजलिबेन,
राजपूत रिंकलबेन,
पुरोहित ममताबेन,
गोहिल रघुभाई,
गोहिल देवभाई,
राजपूत विपुलकुमार,
राजपूत दिग्विजय कुमार,
राजपूत कृपालकुमार,
राजपूत जीतेन्द्रकुमार
राजपूत तुषार कुमार,

और इसमें श्रीमान के तकनीकी माध्यम से सरकार द्वारा नये विचारों को साकार किया गया। विजयसिंह चंदनसिंह विहोल विषय विद्युत परिवहन बाल वैज्ञानिक राजपूत रामिलाबेन और विहोल भवानीसिंह द्वारा निर्देशित श्री शंकरभाई चौधरी साहब का आकर्षण बने। बी आर सी श्री विनयभाई जोशी साहब और गणना आचार्य श्री करशनभाई एवं सीआरसी भावेशभाई को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## प्रदेश के गृह एवं जेल मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा पहुंचे दतिया, 85 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सीसी रोड का किया भूमिपूजन



**रमेश शर्मा, राजस्थान:** प्रदेश के गृह एवं जेल मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा दतिया पहुंचे। दतिया निवास पर आमजन और भाजपा कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनीं। ग्राम एरई के किसानों के भुगतान के लिये फैक्ट्री मालिक के साथ चर्चा की। अनामय आश्रम से पंचशील कॉलोनी तक 85 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सीसी रोड का किया भूमिपूजन। गृहमंत्री डॉ मिश्रा दतिया के रंगमहल गार्डन में आयोजित पंचायत सचिवों के सहभोज और सम्मान समारोह कार्यक्रम में पहुंचकर शिरकत भी करेंगे।

## विराट कोहली ने गुड़गांव में लॉन्च किया अपना विदेशी डाइनिंग रेस्तरां

कृतिका कुमारी

**नई दिल्ली:** प्रसिद्ध भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली ने अपनी शानदार एथलेटिक क्षमताओं के लिए अत्यधिक सफलता व पहचान हासिल की हैं। किन्तु चेस मास्टर को भोजन, खास तौर से दिल्ली के भोजन के प्रति कुछ ज्यादा ही जुनून है। भारतीय भोजन की ओर उनके प्रेम ने उन्हें खाद्य क्षेत्र में कदम रखने और गुड़गांव में अपना विशाल नया रेस्तरां खोलने के लिए मजबूर किया है।

लॉन्च किए गए नए रेस्तरां को वन 8 कम्यून के नाम से जाना जाता है। गुड़गांव में एम3एम इंटरनेशनल फाइनेंशियल सेंटर (आईएफसी) में स्थित, रेस्तरां स्टूडियो रेनेसा ने डिजाइन किया है।





रेस्तरां के अंदर का भाग चमकदार है, जिसमें गुलाबी सोने के स्पर्श के साथ माउव, लैवेंडर और गुलाबी जैसे आंखों को पकड़ने वाले रंगों के साथ एक आकर्षक डिजाइन पैच सम्मिलित है।

तो वहीं रेस्तरां अपने त्रुटिहीन माहौल का दावा करता है, रेस्तरां में अलग अलग प्रकार के स्वादिष्ट भोजन भी उपलब्ध हैं। जब विराट से खास तौर पर रेस्तरां के भोजनो के विषय में पूछा गया तो, उन्होंने उत्तर दिया कि यह मात्र एक साधारण रेस्तरां नहीं है, बल्कि यह एक ऐसी जगह है जहां लोग अंतरराष्ट्रीय भोजन का मजा उठा सकते हैं और साथ ही अपने पलो को यादगार बना सकते हैं।

मेनू को मुख्य रूप से शेफ अनिरुष मुंडी ने डिजाइन किया है और इसमें कई ताजा विदेशी भोजन पेश किए गए हैं जिनमें विराट के कुछ शीर्ष व्यंजन भी सम्मिलित हैं। इसमें स्पेगेटी चेरी टमाटर स्टू, टमाटर जौ रिसोट्टो, जुचिनी क्रोक्वेट्स और ग्रीन मैक और चीज जैसे कुछ 40+ व्यंजन सम्मिलित हैं।

तो वही उनका नया खुला रेस्तरां नई ऊंचाइयों को छूने के लिए तैयार है, कोहली स्वयं को अपने जीवन के एक महत्वपूर्ण मोड़ पर पाते हैं। ज्यों -ज्यों विश्व कप पास आ रहा है, पूरा देश इस हाई-ऑक्टेन मार्की इवेंट में महान भारतीय बल्लेबाज के बेहतर प्रदर्शन की आशा कर रहा है ।

## पिंडदान करने गया जा रहे एक तीर्थयात्री की ट्रेन से गिरकर हुई मौत



भोला कुमार

**बिहार:** पटना गया रेलखंड के तारेगना स्टेशन पर ट्रेन से गिरकर एक तीर्थयात्री की मौत हो गई। मृतक विलासपुर का रहने वाला था। जो अपने पूर्वजों का पिंडदान करने गया शहर जा रहा था। उसके साथ उसके कुछ परिजन भी थे। परिजनों का कहना था कि सभी पटना से गया जाने वाली ट्रेन में सवार हुए। ट्रेन जैसे ही तारेगना स्टेशन पहुंची तो मृतक पानी पीने उतरा। वापस ट्रेन में सवार होने के दौरान ट्रेन खुल गई। इस दौरान उसका पैर फिसला और वह गिर पड़ा, जिससे उसकी मौत हो गई।

## झालावाड़ में एक साल से अधिक समय के बाद मिला मंगू खां को अपने आशियाने का पट्टा





गोवर्धन सिंह

**राजस्थान:** झालावाड़ नगर परिषद् झालावाड़ में लगाई गई पट्टे की फाइल को एक वर्ष से अधिक का समय बीत जाने के बाद प्रशासन शहरो के संग अभियान के समापन के दिन मंगू खां को अपने आशियाने का स्टेट ग्राण्ट का पट्टा मिल गया। सहवरित पार्षद अहफाज अली ने बताया कि वार्ड नं. 13 निवासी मंगू खां की फाईल स्टेट ग्राण्ट एक्ट में करीब एक वर्ष पहले से लगी हुई थी परन्तु कुछ तकनीकी खामी के कारण पट्टा नहीं बन पा रहा था, जिसको लेकर स्वायत्त शासन विभाग के मुख्य सचिव कुंजीलाल मीणा से लेकर डीएलबी के अधिकारियों तथा सभापति संजय शुक्ला व कार्यवाहक आयुक्त अशोक शर्मा तक मामले को उठाया गया तब जाकर मंगू खां को अपने आशियाने का पट्टा दिलाने में सफल हो पाये।

सहवरित पार्षद अहफाज अली, चेतन नरवाल ने बताया कि, राजस्थान सरकार की फ्लैगशिप योजना हर गरीब को अपने घर का पट्टा मिले जिसका घर-घर प्रचार प्रसार किया गया और राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, स्वायत्त शासन मंत्री शान्ति कुमार धारीवाल का सपना हर गरीब को पट्टा दिलाने में मदद करते रहे है पट्टो के लिए कई बार नगरपरिषद् कार्यालय पर प्रदर्शन भी किये गये।

इससे कई गरीब लोगो को लाभ मिला। मंगू खां ने अपने आशियाना का पट्टा मिलने के बाद झालावाड़ नगरपरिषद् के सभापति संजय शुक्ला, नगरपरिषद् आयुक्त अशोक कुमार शर्मा, सहवरित पार्षद अहफाज अली का आभार जताया और राजस्थान के यशस्वी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व स्वायत्त शासन मंत्री शान्ति कुमार धारीवाल की हर गरीब को पट्टा दिलाने की योजना प्रशासन शहरो के संग अभियान की सराहना की। मंगू खां को पट्टा देते समय मौजूद रहे सभापति संजय शुक्ला, सहवरित पार्षद अहफाज अली, चेतन नरवाल, रईस चौधरी, साजिद खान मौजूद रहे।

## नर्सेज का विरोध प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी

### गांधी जयंती पर रखेंगे सामुहिक उपवास




गोवर्धन सिंह

**राजस्थान:** झालावाड़ सरकार के नकारात्मक रवैये एवं विभागीय अधिकारियों की वादाखिलाफी से आक्रोशित नर्सेज का विरोध प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा। जिला संयोजक लोकेश मीना ने बयान जारी कर बताया कि, राजस्थान नर्सेज संयुक्त संघर्ष समिति के आव्हान पर नर्सेज की 11 सुत्रीय मांगों के समाधान हेतु जयपुर में प्रांतीय संयोजक राजेन्द्र राना व के के यादव आमरण अनशन पर बैठे है। उनके समर्थन में उषा वर्मा, मालती शर्मा, सुनीता सैनी, सुशीला चौधरी आज क्रमिक अनशन पर बैठी।

11 सुत्रीय मांगपत्र के समर्थन में झालावाड़ में जनाना चिकित्सालय के गेट पर नर्सेज ने इकट्ठे होकर नारेबाजी कर सरकार की वादाखिलाफी के लिए विरोध प्रदर्शन किया तथा आचार संहिता से पहले नर्सेज के 11 सुत्रीय मांगपत्र के पर शीघ्र निर्णायक आदेश करवाने की मांग की। सलाहकार ललित गुर्जर ने बताया कि 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर पूरे प्रदेश सहित झालावाड़ जिले के नर्सेज उपवास करेंगे। आज जिला मुख्यालय सहित जिले के समस्त चिकित्सा संस्थानों में नर्सेज द्वारा विरोध प्रदर्शन जारी रहा।

आज के प्रदर्शन में राधेश्याम पाटीदार, अरुण श्रृंगी, कमल शर्मा, राजेश कसारा, राजेन्द वर्मा, बनवारी चोपदार, वैभव, विजय मालव, मनोज मीना, राकेश वर्मा, सत्यनारायण रेगर, प्रशांत वर्मा, अरविंद नागर, मोहन भील, पिंकी राठौर, कविता सोनी, मधुबाला मेहर, प्रीति शर्मा, मालती बामनियां, संतोष मीना, दुर्गा नागर, कोमल राठौर, रेखा धाकड़, रिजवाना, गुलनाज, अनिता शर्मा यास्मीन सहित अनेक नर्सेज उपस्थित रहे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी हेमराज लोधा ने जारी की।

## रामसिंह मीणा ने गांव में जनता की सेवा के लिए एक हेड पंप खुदके निजी जमीन पर सवंय के रुपए से लगवाया



**गोवर्धन सिंह, राजस्थान:** झालावाड़ जिले के उपखंड क्षेत्र अकलेरा की ग्राम पंचायत तुरकाडिया के गांव सलावद में आगामी सरपंच रामसिंह मीणा ने आज गांव में जनता की सेवा के लिए एक हेड पंप खुद स्वयं के निजी जमीन पर खुदके रुपए से लगवाया है। सर्व समाज के लिए निशुल्क पानी पीने के लिए होल करवाया है और छतीसी कॉम की सेवा में हाजिर है।

24 घंटा सर्व समाज के काम आने वाले आगामी सरपंच रामसिंह मीणा गत 5 वर्षो से लोगों की निशुल्क सेवा करता आ रहा है। ग्राम पंचायत तुरकाडिया के प्रबल सरपंच ऐस टी सीट के दावेदार राम सिंह मीणा सलावद में व ग्राम पंचायत तुरकाडिया के गांवो में हमेशा से लोगों की सेवाएं करते आ रहे हैं।

# बढ़ते ऋण की वजह से अपने कारोबार को छह कंपनियों में विभाजित करेगी वेदांता

कृतिका कुमारी

**मुंबईः** अरबपति अनिल अग्रवाल के वेदांता समूह ने अपने भारतीय धातु, खनन और ऊर्जा समूह, वेदांता लिमिटेड के सम्पूर्ण बदलाव को प्रदर्शित किया, जिसमें अपने व्यापर को छह अलग-अलग कंपनियों में बांटने का निर्णय लिया गया है। विभाजित छः में से पांच को ऋ25 तक सूचीबद्ध करने की तैयारी है। पुर्निर्माण के साथ, अग्रवाल का लक्ष्य इन व्यापारों के फैलाव तथा विकास के लिए उपयुक्त निवेश आकर्षित करके मूल्य अनलॉक करने के लिए स्वतंत्र "शुद्ध प्ले" कंपनियों का निर्माण करना है। वेदांता लिमिटेड के अनुसार वह अक्टूबर में जरुरी सेबी अनुमोदन के लिए फाइल करने की तैयारी कर रही है। समूह ने अग्रवाल का नाम भी बदल दिया है। मुख्य प्रवर्तक समूह इकाई, वोल्कन इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड, वेदांता इंक।



विश्व के स्तर पर लगातार बढ़ती ब्याज लागत, आने वाले साल में परिपक्व होने वाले समूह के ब्रांड में तकरीबन $ 2 बिलियन के साथ मिलकर, इसकी जटिल कॉर्पोरेट बनावट को आसान बनाने और कर्जा चुकाने के लिए मूल्य को अनलॉक करने की तात्कालिकता बढ़ गई है। प्रॉक्सी सलाहकार फर्म क्रुअर के संस्थापक और प्रबंध निदेशक अमित टंडन ने बताया, "ऐसा लगता है कि डीमर्जर का फैसला होल्ड-सीओ स्तर पर कर्जा संबंधी परेशानियों से प्रेरित है।" घोषणा से उत्साहित वेदांता लिमिटेड के शेयर 6.82% बढ़कर ?222.55 पर बंद हुए। एनएसई पर, जबकि इसकी सहायक कंपनी हिंदुस्तान जिंक 3.59% बढ़कर ?308.65 पर पहुंच गई।

वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने बताया, "हमारी व्यावसायिक इकाइयों को पृथक करके हम मानते हैं कि हम हर क्षेत्र में तेजी से विकास के लिए मूल्य और क्षमता को अनलॉक करेंगे।" शुक्रवार को दिए एक साक्षात्कार में, वेदांता लिमिटेड के वित्त अध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया, "डीमर्जर भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों निवेशकों को 'कमोडिटी-विशिष्ट' बिल्ड-प्ले संस्थाओं में निवेश करने और मूल्य बनाने का मौका प्रदान कर सकता है।"

डिमर्जर को एक आम ऊर्ध्वाधर विभाजन की योजना बनाई गई है; वेदांता लिमिटेड के प्रत्येक शेयर के लिए, शेयरधारकों को पांच नई सूचीबद्ध कंपनियों-वेदांता एल्युमीनियम, वेदांता ऑयल एंड गैस, वेदांता पावर, वेदांता स्टील एंड फेरस मटेरियल्स और वेदांता बेस मेटल्स में से प्रत्येक का हिस्सा मिलेगा। अजय अग्रवाल ने कहा, "हमारा मानना है कि इससे पूरा मूल्य मिल जायेगा तथा हर व्यवसाय में शेयरधारकों का मूल्य बढ़ेगा क्योंकि प्रत्येक व्यवसाय के लिए शेयरधारक बहुत अलग हो सकते हैं।"मुंबईः क्या अपने कारोबार को छह कंपनियों में विभाजित करेगी वेदांता

अरबपति अनिल अग्रवाल के वेदांता समूह ने अपने भारतीय धातु, खनन और ऊर्जा समूह, वेदांता लिमिटेड के सम्पूर्ण बदलाव को प्रदर्शित किया, जिसमें अपने व्यापर को छह अलग-अलग कंपनियों में बांटने का निर्णय लिया गया है। विभाजित छः में से पांच को ऋ25 तक सूचीबद्ध करने की तैयारी है। पुर्निर्माण के साथ, अग्रवाल का लक्ष्य इन व्यापारों के फैलाव तथा विकास के लिए उपयुक्त निवेश आकर्षित करके मूल्य अनलॉक करने के लिए स्वतंत्र "शुद्ध प्ले" कंपनियों का निर्माण करना है। वेदांता लिमिटेड के अनुसार वह अक्टूबर में जरुरी सेबी अनुमोदन के लिए फाइल करने की तैयारी कर रही है। समूह ने अग्रवाल का नाम भी बदल दिया है। मुख्य प्रवर्तक समूह इकाई, वोल्कन इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड, वेदांता इंक।

विश्व के स्तर पर लगातार बढ़ती ब्याज लागत, आने वाले साल में परिपक्व होने वाले समूह के ब्रांड में तकरीबन $ 2 बिलियन के साथ मिलकर, इसकी जटिल कॉर्पोरेट बनावट को आसान बनाने और कर्जा चुकाने के लिए मूल्य को अनलॉक करने की तात्कालिकता बढ़ गई है। प्रॉक्सी सलाहकार फर्म क्रुअर के संस्थापक और प्रबंध निदेशक अमित टंडन ने बताया, "ऐसा लगता है कि डीमर्जर का फैसला होल्ड-सीओ स्तर पर कर्जा संबंधी परेशानियों से प्रेरित है।" घोषणा से उत्साहित वेदांता लिमिटेड के शेयर 6.82% बढ़कर ?222.55 पर बंद हुए। एनएसई पर, जबकि इसकी सहायक कंपनी हिंदुस्तान जिंक 3.59% बढ़कर ?308.65 पर पहुंच गई।

वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने बताया, "हमारी व्यावसायिक इकाइयों को पृथक करके हम मानते हैं कि हम हर क्षेत्र में तेजी से विकास के लिए मूल्य और क्षमता को अनलॉक करेंगे।" शुक्रवार को दिए एक साक्षात्कार में, वेदांता लिमिटेड के वित्त अध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया, "डीमर्जर भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों निवेशकों को 'कमोडिटी-विशिष्ट' बिल्ड-प्ले संस्थाओं में निवेश करने और मूल्य बनाने का मौका प्रदान कर सकता है।"

डिमर्जर को एक आम ऊर्ध्वाधर विभाजन की योजना बनाई गई है; वेदांता लिमिटेड के प्रत्येक शेयर के लिए, शेयरधारकों को पांच नई सूचीबद्ध कंपनियों-वेदांता एल्युमीनियम, वेदांता ऑयल एंड गैस, वेदांता पावर, वेदांता स्टील एंड फेरस मटेरियल्स और वेदांता बेस मेटल्स में से प्रत्येक का हिस्सा मिलेगा। अजय अग्रवाल ने कहा, "हमारा मानना है कि इससे पूरा मूल्य मिल जायेगा तथा हर व्यवसाय में शेयरधारकों का मूल्य बढ़ेगा क्योंकि प्रत्येक व्यवसाय के लिए शेयरधारक बहुत अलग हो सकते हैं।

## केन्द्रीय विद्यालय प्रबन्धन कमिटी की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई संपन्न



सूरज मौर्या

**उत्तर प्रदेशः** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता मे जी.आई.सी. परिसर के अन्दर संचालित केन्द्रीय विद्यालय प्रबन्धन समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक में छात्रो के नामांकन की स्थिति के सम्बन्ध में चर्चा पर बताया गया कि शैक्षिण सत्र 2023-24 में अगस्त माह के अन्त तक कुल विद्यार्थियो की संख्या 369 जिसमें 213 छात्र एवं 156 छात्राए शामिल हैं। स्टाफ की स्थिति के बारे प्रधानाचार्य ने बताया कि कुल अनुमोदित 24 कर्मचारियो के सापेक्ष प्राचार्य सहित कुल 15 कर्मचारी स्थायी एवं 04 अशंकालिक कर्मचारी कार्यरत हैं।

बैठक में छात्रो के निरंतन उन्नयन एवं उत्थान सी.बी.एस.ई. सम्बद्धता, नये भवन के निर्माण की प्रगति, कक्षा-10 हेतु कक्ष की आवश्यकता, स्टाफ शौचालय के साथ ही बालक एवं बालिका शौचालय आवश्यकता एवं मरम्मत, जनरेट/प्रोजेक्टर की खरीद, स्टाफ टेबल व कुर्सी, फोटो कापी मशीन, आफिस के लिये इनवैटर, म्यूजिकल की बोर्ड आदि क्रय किये जाने पर विस्तृत चर्चा की गयी। कक्ष रूम की उपलब्धतता के बारे में बताया गया कि केन्द्रीय के बगल जी.आई.सी. भवन के एक कक्ष खाली पड़ा है। उसे खाली कराकर साफ सफाई कराने का निर्देश दिया गया।

जी.आई.सी. विद्यालय के साथ-साथ केन्द्रीय विद्यालय की रंगाई पुताई की भी जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि क्रय किये जाने वाले सामानो का प्रस्ताव बनाकर अनुमोदित कराते हुये यथा सम्भव क्रय किया जाय। बैठक में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे देवेन्द्र प्रताप सिंह, प्राचार्य जी.आई.सी. राजकुमार दीक्षित, प्राचार्य केन्द्रीय विद्यालय अजय सिंह, के अलावा चन्द्रमा प्रसाद ओझा, पद्मश्री अजीता श्रीवास्तव के अलावा अन्य सभी सदस्यगण उपस्थित रहें।

## आयोग द्वारा बनाये गये स्वीप कैलेण्डर के मुताबिक जिले में समस्त नोडल अधिकारी कार्यक्रमों का संचालन करें - कलेक्टर श्री दीपक आर्य

मुकेश हरियाणी

**मध्य प्रदेशः** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य के निर्देशन पर स्वीप समिति की बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के रिटर्निंग आफीसर, जनपद सीईओ, सीएमओ, बीएमओ, जिले के महाविद्यालयों के प्राचार्य, जिला शिक्षा अधिकारी, डीपीसी, जिला खेल अधिकारी, स्वीप कोर्डिनेटर उपस्थित हुए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने बैठक में निर्देश दिये कि आयोग द्वारा बनाये गये स्वीप कैलेण्डर के अनुसार जिले में समस्त नोडल अधिकारी कार्यक्रमों का संचालन करें। प्रत्येक विधानसभा में प्रतिदिन स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जाये।



जिन मतदान केन्द्रों पर विगत विधानसभा चुनाव में कम मतदान हुआ है, उसकी सूची बनाकर विशेष स्वीप गतिविधियां संचालित की जाये। जिला स्वीप नोडल अधिकारी श्री पीसी शर्मा ने बैठक में कहा कि आयोग के स्वीप ऑब्जर्वर द्वारा जिले में भ्रमण किया जाएगा।

अतः प्रत्येक कार्यक्रम का प्रतिवेदन एवं डाक्यूमेंटेशन कर फाईल तैयार रखे। स्वीप गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य मतदान प्रतिशत में वृद्धि का है, जिससे प्रत्येक मतदाता लोकतंत्र के इस त्यौहार को बनाकर गर्व महसूस करें। जिला स्वीप कॉर्डिनेटर डॉ. अमर कुमार जैन ने स्वीप के अंतर्गत आयोजित होने वाली गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि आयोग वर्ष 2011 से राष्ट्रीय मतदाता दिवस बनाने के साथ ही स्वीप गतिविधियों का आयोजन कर रहा है। स्वीप गतिविधियों के कुशल संचालन का ही परिणाम है कि जहां पहले 50 से 55 प्रतिशत मतदाता मतदान करते थे ,वही अब यह आंकड़ा 75 प्रतिशत तक पहुंच गया है। बैठक में सभी को स्वीप कैलेण्डर की साप्ताहिक गतिविधियों के आयोजन के लिए निर्देशित किया गया।

## एक नजर

### वाराणसी में डेंगू के पांच नए मरीज मिलने से हड़कंप, कुल आंकड़ा पहुंचा 136 के पार




**अमन पांडे, उत्तर प्रदेशः** जिला मलेरिया अधिकारी एसी पांडेय ने बताया कि शुक्रवार को हीरामनपुर, पहड़िया, सारनाथ, सुसुवाही, अखरी में नए मरीज मिले हैं। इनमें चार मरीजों की उम्र 21 से 25 साल है जबकि हिरामनपुर में भी 43 वर्षीय युवक में संक्रमण की पुष्टि हुई है। वाराणसी में डेंगू का संक्रमण खत्म होने का नाम नहीं ले रहा। शुक्रवार को पांच नए मरीज मिले हैं। इसके साथ ही कुल मरीजों का आंकड़ा 136 पहुंच गया है। जबकि भगवानपुर, शिवाजी नगर कॉलोनी, महमूरगंज, शिवपुर, कचहरी समेत 18 घरों में डेंगू का लार्वा मिलने पर लोगों को नोटिस भी दी गई है।

### फुलवरिया फोरलेन, हड़बड़ी में इंजीनियर ने बिगाड़ी डिजाइन




**अमन पांडे, उत्तर प्रदेशः** फुलवरिया फोरलेन का निर्माण चौथी बार निर्धारित मियाद पर नहीं पूरा हो सका। सड़क का काम 30 सितंबर तक पूरा करना था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अब सेतु निगम अक्तूबर अंत तक फोरलेन का निर्माण पूरा करने का दावा कर रहा है। फुलवरिया फोरलेन पर एक महीने और जाम झेलना पड़ेगा। लहरतारा सर्विस रोड 20 अक्तूबर तक खुल सकेगी। इससे पहले लहरतारा और बौलिया सर्विस रोड के बीच बने कट के पास जाम की समस्या बनी रहेगी।

### वाराणसी में ओपी राजभर, अखिलेश यादव पर साधा निशाना




**अमन पांडे, उत्तर प्रदेशः** सुभासपा सुप्रीमो ओपी राजभर शनिवार को वाराणसी पहुंचे। वाराणसी में ओपी राजभर ने अखिलेश यादव और राहुल गांधी पर जमकर हमला बोला। बोले- अखिलेश यादव ने सीट बांटकर मेरा भी पेट भर दिया था। दोनों नेता झूठ बोलने में माहिर हैं सुभासपा सुप्रीमो ओपी राजभर शनिवार को वाराणसी पहुंचे। ओपी राजभर ने वाराणसी में अपना बयान दिया।

अखिलेश यादव के दलित सहभोज पर ओपी राजभर ने प्रहार किया। उन्होंने अखिलेश के दलित सहभोज को ड्रामा बताया। घोसी उपचुनाव में चाचा भतीजे की जोड़ी को लेकर भी बयान दिया। बोले- जब देश का चुनाव होता है तो जनता देश के हित के लिए वोट देती है। भ्रष्टाचार पर बड़े पैमाने पर लगाम लगी है।

### वाहनों के कागज नहीं रख सकेंगे डीलर और आरटीओ

**दीपक कौशल, उत्तर प्रदेशः** लखनऊ में नई बाइक और कार खरीदने वालों के लिए बड़ी खबर है। अब नए निजी वाहन खरीदने पर गाड़ियों के प्रपत्र डीलर और आरटीओ कार्यालय में नहीं रखें जाएंगे। बल्कि वाहन संबंधी पूरे कागजात शोरूम पर स्कैन करने के बाद वाहन मालिक को दे दिया जाएगा। इसके बदले वाहन मालिक को 100 रुपये के स्टांप पर शपथ पत्र इस संबंध में देना होगा कि कागजात की जरूरत पर वाहन मालिक को पूरा प्रपत्र आरटीओ कार्यालय में जमा करना होगा।

## आधुनिक उपकरणों की खरीद के लिए एसडीआरएफ को 12.65 करोड़ रुपये जारी

युधिष्ठिर राणा

**हिमाचल प्रदेशः** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज यहां पुलिस मुख्यालय में आयोजित हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य आपदा मोचन बल को और सुदृढ़ एवं सशक्त करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। इस बल को आधुनिक तकनीक एवं उपकरणों से सुसज्जित करने के लिए जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। प्रदेश सरकार ने राज्य आपदा मोचन बल को आधुनिक उपकरणों की खरीद के लिए लगभग 12 करोड़ 65 लाख 45 हजार रुपये की राशि जारी की है। उन्होंने कहा कि हिमाचल आपदा संभावित क्षेत्रों में शामिल है और इस तरह के कदम आपदा के समय राहत एवं बचाव कार्यों में और तेजी लाने में सहायक होंगे।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में एसडीआरएफ की तीन कम्पनी तैनात हैं। इस बल के जवानों को प्रशिक्षित करने एवं उनके क्षमता निर्माण के लिए भी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि, एसडीआरएफ को अत्याधुनिक बनाने में धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि हाल ही में आई आपदा से निपटने के लिए प्रदेश सरकार ने गत तीन माह में लगभग 750 करोड़ रुपये की राशि जारी की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में हाल ही में बरसात के दौरान आई आपदा में




एसडीआरएफ ने बेहतरीन कार्य करते हुए बहुमूल्य मानव जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित की है। राजधानी शिमला के फागली तथा समरहिल में इस बल के सदस्यों ने फंसे हुए लोगों को निकालने में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके अतिरिक्त मण्डी जिला के सराज विधानसभा क्षेत्र के कुकलाह, पंडोह तथा हणोगी इत्यादि विभिन्न क्षेत्रों में फंसे लोगों को निकालने में एसडीआरएफ जवानों के प्रयास अनुकरणीय रहे हैं।

उन्होंने कहा कि एसडीआरएफ ने सेना और एनडीआरएफ के साथ मिलकर विभिन्न बचाव अभियानों को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। इसके लिए सभी जवान बधाई के पात्र हैं।

इस अवसर पर प्रधान सचिव राजस्व ओंकार चन्द शर्मा ने कहा कि प्रदेश में संभवतया आज तक की सबसे बड़ी त्रासदी से निपटने में मुख्यमंत्री ने आगे बढ़कर नेतृत्व किया। उनके दिशा-निर्देशन में पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ सहित स्थानीय लोगों ने भी राहत एवं बचाव कार्यों में अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

इससे पहले पुलिस महानिदेशक संजय कुंडू ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया और एसडीआरएफ को उपकरणों की खरीद के लिए समुचित राशि प्रदान करने पर उनका व प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में इस बार की आपदा से निपटने में प्रदेश सरकार और यहां के लोगों ने साहस एवं संवेदनशीलता का परिचय दिया है। हिमाचल ने यह भी दिखाया कि मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में प्रदेश बचाव अभियानों के साथ त्वरित राहत पहुंचाने में सदैव प्रभावितों के साथ खड़ा है।

राज्य आपदा मोचन बल की पुलिस अधीक्षक इल्मा अफरोज ने शिमला के समरहिल व फागली सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में एसडीआरएफ द्वारा संचालित अभियानों पर आधारित एक प्रस्तुतिकरण दिया।


कार्यक्रम के दौरान एसडीआरएफ शिमला से कांस्टेबल विकास मोहन, मण्डी से हेड कांस्टेबल देवेन्द्र कुमार, नवीन कुमार व बलविन्द्र सिंह, कांगड़ा से हेड कांस्टेबल पंकज, कांस्टेबल विशाल व रजत ने विभिन्न बचाव अभियानों के दौरान अपने अनुभव साझा किए।

इस अवसर पर विधायक यादविन्द्र गोमा व अजय सोलंकी, नगर निगम शिमला के महापौर सुरेन्द्र चौहान व उप-महापौर उमा कौशल, सचिव गृह अभिषेक जैन, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक सतवंत अटवाल सहित पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## 22 दिसंबर को रिलीज होगी प्रभास की 'सलार', रिलीज डेट कन्फर्म

कृतिका कुमारी

**नई दिल्लीः** साल 2022 में शाहरुख खान स्टारर फिल्मे 'पठान' और 'जवान' पहले ही बड़ी ब्लॉकबस्टर बनकर उभरी हैं, तथा अब अभिनेता इस वर्ष की अपनी तीसरी फिल्म, राजकुमार हिरानी की 'डनकी' की तैयारी में जुट गए हैं। कई अफवाहों के मध्य आखिरकार यह साफ हो गया है कि इस वर्ष क्रिसमस के समय बॉक्स ऑफिस पर शाहरुख खान बनाम प्रभास होने वाला है। ऐसा इस वजह से होगा क्योंकि दोनों आने वाली फिल्में एक ही समय के आसपास रिलीज होगी।



फिल्म ट्रेड एनालिस्ट मनोबाला विजयबालन ने 'सालार पार्ट 1: सीजफायर' की रिलीज डेट को साफ कर दिया। उन्होंने ट्वीट कर बताया कि, "पैन इंडिया स्टार प्रभास की 'सलार' 22 दिसंबर 2023 को पूरी दुनिया में बडे परदे पर रिलीज होने के कयास लगाये जा रहे है। शाहरुख खान की डंकी से क्लैश,यह तारीख इतनी अच्छी है कि प्रशांत नील की सालार पूरी दुनिया के बॉक्स ऑफिस पर साल की ऐतिहासिक शुरूआत करेगी।"

कुछ तकनीकी समस्याओ की वजह से के फिल्म की रिलीज डेट को टाल दिया गया था। पहले यह 28 सितंबर को रिलीज होने वाली थी, किन्तु अब इसे 22 दिसंबर तक बढ़ाए जाने के कयास लगाए जा रहे है। कथित तौर पर 'डनकी' ने भी उसी तारीख को क्रिसमस के आसपास रिलीज स्लॉट बुक कर लिया है। यद्यपि, सटीक रिलीज डेट जारी करना फिलहाल बाकी है।

## पुलिस ने की बड़ी कार्यवाही, अवैध हुक्काबार पर हुक्का, तम्बाकू आदि के साथ कुल 12 लोगों को किया गिरफ्तार

अमित शर्मा

**उत्तर प्रदेशः** पुलिस अधीक्षक देवरिया के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर श्रीयश त्रिपाठी के नेतृत्व में थानाध्यक्ष डीके मिश्रा कोतवाली में पुलिस टीम द्वारा शहर के हनुमान मन्दिर रोड स्थित प्रभावती काम्पलेक्स में अरविन्द यादव पुत्र शम्भू यादव की दुकान में अवैध रूप से संचालित हुक्काबार पर दबिश देते हुए मौके से कुल 12 लोगों को हिरासत में लिया गया।



पुलिस टीम द्वारा हिरासत में लिए गए 12 अभियुक्तों सहित हुक्काबार संचालक अरविंद के विरुद्ध थाना कोतवाली पर अंतर्गत धारा कोप्ता एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत करते हुए नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# महापौर संगीता सुशील तिवारी की अध्यक्षता में मेयर-इन-काउंसिल की बैठक हुई सम्पन्न

**मुकेश हरियाणी**

**मध्य प्रदेशः** मेयर-इन-काउंसिल की बैठक महापौर श्रीमति संगीता सुशील तिवारी की अध्यक्षता में, नगर निगम आयुक्त श्री चंद्रषेखर शुक्ला, महापौर प्रतिनिधि श्री सुषील तिवारी एवं समस्त एम.आई.सी.सदस्यों की उपस्थिति में आहूत की गई, जिसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा उपरांत निर्णय लिये गये। बैठक में प्रभारी सहायक आयुक्त एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि नगर निगम स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत सफाई संरक्षक दिनांक 25 सितम्बर से प्रदेषव्यापी कामबंद हड़ताल पर चले गये है। जिससे संपूर्ण शहर की सफाई व्यवस्था पूर्ण से प्रभावित हो गई है।

बैठक में चर्चा उपरांत जनहित को दृष्टिगत रखते हुये निर्णय लिया गया कि नगर पालिक निगम सागर की सफाई व्यवस्था प्रभावित होने के कारण म.प्र.नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 65 के अंतर्गत अत्यावष्यक सेवाओं के तहत सफाई कार्य को अत्यावश्यक सेवा घोषित करने हेतु प्रस्ताव शासन को अतिशीघ्र भेजा जाये , जो सफाई कर्मचारी प्रदेशव्यापी कामबंद हड़ताल में 25 से 29 सितम्बर तक अनुपस्थित है, ऐसे सफाई संरक्षकों का नो-वर्क-नो-पे के आधार पर वेतन काटा जाए एवं जो कर्मचारी आगामी दिवसों में कामबंद हड़ताल में शामिल होंगे उनका अनुपस्थित दिनांक का वेतन काटा जाए । सफाई संरक्षक दैनिक वेतन भोगी / स्थायीकर्मी यदि हड़ताल में शामिल रहते है तो ऐसे कर्मचारियों के विरूद्व अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए । शहर की सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुये आवश्यकता अनुसार सफाई कार्य हेतु श्रमिक रखे जाने का निर्णय लिया गया।



महापौर परिषद द्वारा निर्णय लिया गया कि इंडिया स्मार्ट सिटीज कांक्लेव-2023 में संपूर्ण देश में मध्यप्रदेष को सर्वश्रेष्ठ प्रदेश का पुरूस्कार प्राप्त होने पर नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्री मान.श्री भूपेन्द्रसिंह जी का नागरिक अभिनंदन किया जायेगा।

बैठक में संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास मध्यप्रदेश भोपाल के आदेशनुसार कायाकल्प योजना 2.0 के अंतर्गत सैंद्वातिक स्वीकृति प्राप्त हुई। अतः उक्त संबंध में तैयार सिटी रोड़ एक्षन प्लान को स्वीकृति प्रदान की गई तथा प्रस्ताव को शीघ्र शासन को भेजने का निर्णय लिया गया। तिलकगंज वार्ड पुरानी गल्ला मंडी के पास स्थित मीट मार्केट के स्थान पर चार मंजिला नई मार्केट तैयार हो चुकी है, दुकानों के आवंटन हेतु लोककर्म विभाग के इंजीनियर द्वारा भूतल, प्रथम तल, द्वितीय तल एवं तृतीय तल की दुकानों की कलेक्टर गार्डड लाईन के अनुसार आफसेट कीमत निर्धारित की गई। अतः निर्धारित आफसेट कीमत की स्वीकृति, व्यवस्थापन के अधीन आवंटन आदि के संबंध में चर्चा उपरांत नियमानुसार कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया। नगर निगम औषधालय कटरा वार्ड सागर के स्थान पर निर्मित व्यवसायिक दुकानों के आवंटन हेतु द्वितीय बार ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की गई। जिसमें भूतल पर दुकान क्रमांक 2 एवं 6 एवं प्रथम तल पर दुकान क्रमांक 1 निविदा समिति की अनुशंसा अनुसार उच्चतम आफर को स्वीकृति प्रदान गई,

विषय को परिषद में भेजे जाने का निर्णय लिया गया। नगर पालिक निगम सागर में कार्यरत, सेवानिवृत एवं फौत सफाई संरक्षक कर्मचारियों को पूर्व में 12 वर्ष एवं 24 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर क्रमोन्नत वेतनमान निगम परिषद प्रस्ताव क्रमांक 20 दिनांक 12.01.2004 के अनुसार दिया गया था। क्रमोन्नति वेतनमान हेतु गठित समिति की अनुशंसा अनुसार क्रमोन्नत वेतनमान का लाभ पूर्व में जारी आदेष अनुसार दिनांक 01.06.2004 के स्थान पर संशोधित कर दिनांक 25.04.2000 से दिये जाने हेतु अतिरिक्त व्यय की जानकारी सहित अगली बैठक में रखे जाने का निर्णय लिया गया। संचालनाय, नगरीय प्रशासनएवं विकास विभाग भोपाल के आदेशानुसार राजवीनगर कालोनी शिवाजीनगर वार्ड सागर में भू-खण्ड के आवंटन में हुई। अनियमितताओं के संबंध में गठित जांच समिति के प्रतिवेदन के संबंध में निर्णय लिया गया कि एम.आई.सी.सदस्यों की समिति गठित कर जांच करायी जावे एवं जांच प्रतिवेदन अगली बैठक में रखा जाय।

बैठक के अंत में महापौर संगीता सुशील तिवारी, महापौर प्रतिनिधि श्री सुशील तिवारी एवं एम.आई.सी.सदस्यों ने इंडिया स्मार्ट सिटीज कांक्लेव-2023 के राष्ट्रीय मंच पर केन्द्रीय मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी द्वारा सागर को बेस्ट मोबिलीटी अवार्ड से सम्मानित होने पर कार्यकारी निदेषक सागर स्मार्ट सिटी एवं नगर निगम आयुक्त श्री चंद्रषेखर शुक्ला द्वारा पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर महापौर प्रतिनिधि श्री सुशील तिवारी ने कहा कि सागर स्मार्ट सिटी को बेस्ट मोबिलीटी अवार्ड से सम्मानित किये जाने से पूरे सागर शहर का सम्मान बढ़ा है, इसके लिये उन्होंने नगर निगम आयुक्त एवं स्मार्ट सिटी सी.ई.ओ.श्री चंद्रषेखर शुक्ला को बधाई दी।

बैठक में एम.आई.सदस्य विनोद तिवारी, अनूप उर्मिल, धर्मेन्द्र खटीक, रूपेष यादव, रेखा नरेष यादव, ति संगीता शैलेष जैन, ति आषारानी नंदन जैन, कंचन सोमेष जड़िया, राजकुमार पटैल, सहायक आयुक्त राजेषसिंह राजपूत, आनंद मंगल गुरू, कार्यपालन यंत्री विजय दुबे, श्री पूरनलाल अहिरवार, सहायक यंत्री सुधीर मिश्रा, संजय तिवारी, उपयंत्री रामाधार तिवारी, राजकुमार साहू, निगम सचिव श्री मुन्नालाल रैकवार सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# कैबिनेट मंत्री माननीय स्वतंत्र देव सिंह का किया गया भव्य स्वागत



**द्वारका प्रसाद मेहरा**

**मध्य प्रदेशः** उत्तरप्रदेश भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं वर्तमान कैबिनेट मंत्री (जलशक्ति विभाग) माननीय श्री स्वतंत्र देव सिंह के सेमरवारा मंडल आगमन पर पदाधिकारियों द्वारा निया मैरिज गार्डन सड़वा में आत्मीय स्वागत किया गया। माननीय मंत्री जी के मुख्य आतिथ्य में रैगांव विधानसभा की (कोर कमेटी) की बैठक ली गई। तत्पश्चात भोजन कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष श्री लौकेश सिंह जी के निवास पर संपन्न हुआ।

इस अवसर पर सतना भाजपा जिलाध्यक्ष मान. श्री सतीश शर्मा, जिला महामंत्री प्रतिमा बागरी, विधानसभा संयोजक धर्मेंद्र सिंह बिसेन, अनुसूचित मोर्चा जिला अध्यक्ष सत्यनारायण बागरी, जिला मीडिया कामता पांडे, विधानसभा विस्तारक शिवदत्त मिश्रा, पूर्व विधायक ऊषा चौधरी, मंडल प्रभारी अरुण सिंह, मंडल अध्यक्ष सेमरवारा लौकेश सिंह, जिला कार्यसमिति संजू द्विवेदी, सिंहपुर मंडल अध्यक्ष राजेश शुक्ला, कोठी मंडल अध्यक्ष यशवंत पांडे, महामंत्री सीतेंद्र मिश्रा, कार्यालय मंत्री दिलीप द्विवेदी, संजीव सिंह, रावेंद्र सिंह, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र रजक डियर, युवा मोर्चा महामंत्री द्वय धनंजय पाठक एवं हर्षित सिंह, युमो उपाध्यक्ष जितेंद्र बागरी, सहिल लोधी, श्यामू द्विवेदी, युमो मंत्री करन रजक अखिलेश अहिरवार,आई टी सयोंजक कौशलेंद्र सेन, कार्य समिति सदस्य अमित रजक, अरूण रजक, रवि बागरी, सचिन रजक, शिवम बर्मा, राहुल रजक, शिवा रजक, छोटू रजक, के साथ भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ पत्रकार व लोकतंत्र सेनानी कामरेड प्रकाश चन्द्र श्रीमाली की द्वितीय पुण्यतिथि पर एक श्रद्धांजलि सभा की गई आयोजित

**अशोक कुमार**

**उत्तर प्रदेशः** ललितपुर-वरिष्ठ पत्रकार व लोकतंत्र सेनानी कामरेड प्रकाश चन्द्र श्रीमाली की द्वितीय पुण्यतिथि पर जिला चिकित्सालय परिसर में एक श्रद्धांजलि सभा की गई। इसके बाद अन्नपूर्णा संघ के माध्यम से भोजन सेवा की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने कामरेड प्रकाश चन्द्र श्रीमाली को याद कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

सबसे पहले स्वर्गीय प्रकाश चन्द्र श्रीमाली के चित्र पर सभी आगुन्तकों ने माल्यापर्ण किया। इसके बाद प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले (सप्पू) ने कहा कि स्वर्गीय प्रकाश चन्द्र श्रीमाली ने सदैव अपनी कलम के माध्यम से गरीब, असहाय और दबे,



कुचले वर्ग की आबाज उठाई। देश मे जब आपातकाल लगा तो उन्होंने उसका डट कर मुकाबला किया।

पत्रकार मंजीत सिंह ने कहा कि आपातकाल दौरान कामरेड प्रकाश चन्द्र श्रीमाली को तत्कालीन सरकार ने मीसा के तहत 14 महीने के लिए जेल भी भेज दिया गया, लेकिन उन्होंने सरकार से माफी नहीं मांगी। वह एक निष्पक्ष पत्रकार थे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष बलबंत सिंह ने भी कामरेड श्रीमाली के जीवन पर अपने विचार रखे इस अवसर पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष नवनीत किलेदार वरिष्ठ कांग्रेसी बहादुर अहिरवार एडवोकेट राकेश रजक शशीकांत दिक्षित महिला कांग्रेस अध्यक्ष नेहा तिवारी मोहम्मद आसिफ एडवोकेट वरिष्ठ कांग्रेसी सुनील खजुरिया यूथ कांग्रेस अध्यक्ष अंकित यादव मोंटी शुक्ला पत्रकार अजीत जैन भारती कुंदन पाल अमित सैनी सुनील सैनी इरफान खान किसने कांत कटारे पत्रकार यशपाल सिंह नाती राजा वरिष्ठ कांग्रेसी अशोक सोनी प्रभाकर पुष्पक श्रीमाली परिवार से स्वर्गीय प्रकाश चंद्र श्रीमाली के बड़े पुत्र मनीष श्रीमाली अभय श्रीमाली पत्रकार बड़ी बहू दिव्या शिखा पुष्पक परि श्री माली योगीराज श्री माली आदि लोग श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित रहे।

# कलह ने 'असामान्य ट्रैफि क स्पाइक्स' की वजह से होने वाली बड़ी रुकावटो का किया समाधान

**कृतिका कुमारी**

**नई दिल्लीः** एक घंटे की लंबी रुकावट के पश्चात डिस्कॉर्ड ऑनलाइन वापस आया है, त्वरित संदेश सेवा ने शुक्रवार सुबह इसका खुलासा किया है। कंपनी ने कहा कि प्लेटफॉर्म पर "असामान्य ट्रैफि क स्पाइक्स" का महसूस होने की वजह से आउटेज हुआ था। तृतीय-पक्ष वेब मॉनिटरिंग सेवा डाउनडिटेक्टर के मुताबिक, समस्याएँ तकरीबन 6 AM ET/3 AM PT पर आरम्भ हुईं।

कंपनी के स्थिति पेज पर आज सुबह लिखा गया, "हम असामान्य ट्रैफि क स्पाइक्स को महसूस कर रहे हैं जिसके कारणवश उपयोगकताओं को अस्थायी तौर पर अवरुद्ध किया जा रहा है और हमारे द्वारा इस समस्या को कम करने पर काम किया जा रहा हैं।" उपयोगकताओं द्वारा सोशल मीडिया पर रिपोर्ट की गयी थी कि वे सेवा में लॉग इन नहीं कर पा रहे थे, यह देखते हुए कि उन्हें "माफ करें, आपको ब्लॉक कर दिया गया है" का मैसेज दिखाई दे रहा था। जो लोग लॉग इन करने में सक्षम थे उन्होंने बताया कि वे अपने संदेश देखने में असमर्थ थे।

क्लाउडफेयर ने एक सुचना में आउटेज को संबोधित किया, इस विषय की कोई जांच नहीं की। 'हम डिस्कॉर्ड ट्रैफि क को प्रभावित करने वाले कारको से परिचित हैं तथा इसकी जांच कर चुके हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा, क्लाउडफ्लेयर उपयोगकताओं को DDoS हमलों से सुरक्षित करने के लिए उपाय करता है।

सामन्यतः हम प्रत्येक दिन 140 बिलियन साइबर खतरों को रोकते हैं। इस विशिष्ट उदाहरण में, वैध ट्रैफि क क्लाउडफेयर फि ल्टर में पकड़ा गया था। वहां से हमने इन फि ल्टरों को नाकाम कर दिया और शमन को वापस ले लिया, जिससे प्रभाव रुक गया है। क्लाउडफेयर ने साफ किया है कि कोई भी अन्य उपयोगकर्ता इन शमन में नहीं फँसा है।

## एक नजर


### शारदीय नवरात्र से पहले सारी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली जाए- जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन



**अनुप कुमार, उत्तर प्रदेशः** आगामी 14/15 की मध्य रात्रि से प्रारंभ हो रहे शारदीय नवरात्र मेला में कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त बनाए रखने के दृष्टिगत की गई सुपर जोनल मजिस्ट्रेट/वरिष्ठ प्रभारी, मेला मजिस्ट्रेट की तैनाती मीरजापुर 29 सितम्बर 2023- जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने जारी अपने एक आदेश के तहत दिनांक 14द15 अक्टूबर 2023 की मध्य रात्रि से प्रारंभ हो रहे शारदीय नवरात्र मेला- 2023 को सकुशल व निर्विघ्न एवं कानून- व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाए रखने के दृष्टिगत अपर जिला मजिस्ट्रेट शिव प्रताप शुक्ला को सुपर जोनल मजिस्ट्रेटध्वरिष्ठ प्रभारी एवं नगर मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह को मेला मजिस्ट्रेट नामित किया गया है जो संपूर्ण मेला क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे तथा पूर्ण रूप से उत्तरदाई होंगे।

### आगामी लोकसभा चुनाव से पहले मिजार्पुर में बीजेपी को लगा बड़ा झटका

**अनुप कुमार, उत्तर प्रदेशः** लोकसभा चुनाव से पहले जहां भाजपा अपने हर संसदीय क्षेत्र को मजबूत करना चाहती है, वहीं मिजार्पुर लोकसभा से भाजपा को बहुत बड़ा झटका लगा है। भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता एवं वर्तमान जिला महामंत्री संतोष गोयल ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता के साथ ही पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। अभी तक यह मालूम नहीं




हुआ है कि उन्होंने ऐसा क्यों किया, लेकिन सूत्रों के हवाले से मालूम चला कि वह पार्टी से नाराज चल रहे थे, जिसके कारण उन्होंने पार्टी से इस्तीफा दे दिया।

### केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने डीएम से की बात, नहीं तोड़ा जाएगा ऑस्कर विजेता स्माइल पिंकी का आवास



**अनुप कुमार, उत्तर प्रदेशः** मिजार्पुर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन से केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री एवम मिजार्पुर जनपद की लोकप्रिय सांसद अनुप्रिया पटेल ने की मुलाकात। बताते चले की ऑस्कर विजेता स्माइल पिंकी के आवास को वन विभाग ने तोड़ने की नोटिस दिया था, जिसको लेकर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री एवं मिजार्पुर जनपद की लोकप्रिय सांसद अनुप्रिया पटेल ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर ऑस्कर विजेता स्माइल पिंकी के ग्राम रामपुर ढबही स्थित आवास को न तोड़ने का निर्देश दिया है। वहीं जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने ऑस्कर विजेता स्माइल पिंकी के परिवार को संबंधित स्थल से नहीं हटाने का आश्वासन केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल को दिया है कि स्माइल पिंकी के परिवार को संबंधित स्थल से नहीं हटाया जाएगा। जिलाधिकारी में यह भी बोला कि अगर आवश्यकता पड़ी तो पिंकी की आवास को बचाने के लिए जिला प्रशासन के द्वारा वन विभाग को आवासीय भूमि की जगह सरकारी भूमि दिया जाएगा।

### केन्द्रीय विद्यालय प्रबन्धन कमिटी की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई संपन्न

**दीपक कौशल**

उत्तर प्रदेशः तरबगंज तहसील के बनगांव से सुबह 10 बजे गोण्डा के गाँधी पार्क तक जन जागरण रैली निकाली गयी, जो अवध केशरी सेना के समर्थन में निकाली गयी।जिसके आयोजक डॉ. अशोक सिंह जी, सुरेश तिवारी वशिष्ठ भगत सिँह, पंकज सिँह, राहुल सिंह, दीपक सिंह, रोहित सिंह मनोमित्र, घंटू पाल, कालिया, रविंद्र सिंह, डब्लू, दिनेश तिवारी, रंजीत यादव, अंकुर कौशल, सर्वेश कौशल, राम बहादुर शर्मा, ध्रुब लाल यादव, शिवम सिंह, अभी सिंह, नन्हें सिंह, आदि विभिन्न छात्र संगठन के लोगों ने रैली निकालकर गोण्डा के गाँधी पार्क में सुबह 10 बजे पहुँचे।

# पुलिस ने 7 किलो 970 ग्राम गांजा के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

**सूरज कुमार**

**छत्तीसगढ़ः** थाना खरोरा पुलिस की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना खरोरा छेत्रगत ग्राम सारागांव स्थित निलजा मोड़ के पास एक व्यक्ति अपने पास बैग में गंजा रखा है तथा बिक्री की फिराक में ग्रहाक की तलाश कर रहा है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश व थाना प्रभारी खरोरा के नेतृत्व में थाना खरोरा पुलिस की टीम द्वारा उक्त स्थान जाकर मुखबिर द्वारा बताए हुए व्यक्ति को पकड़ा गया।

पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम अजय कुमार डहरिया निवासी पलारी बलौदाबाजार का बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके बैग की तलाशी लेने पर बैग में गांजा पाया गया। उसके बाद टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी अजय कुमार दरिया को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 7



किलो 970 ग्राम गांजा कीमत लगभग 80000 रुपए जब्त कर आरोपी के विरुद्ध थाना खरोरा में धारा 20बी नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीकृत किया गया।

इसी प्रकार थाना खरोरा पुलिस की टीम द्वारा थाना खरोरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भैंसा स्थित बगुलामुखी मंदिर के पास गंज के साथ आरोपी ईश्वर जांगड़े को गिरफ्तार किया गया।

# आरोपी के पिता ने लगाई गुहार कहा, मेरे बेटे को मृत्यु दंड दिया जाए

**मो. हसन रजा**

**मध्य प्रदेशः** उज्जैन में 15 साल की छोटी बच्ची के साथ बलात्कार करने वाले व्यक्ति को पुलिस ने हिरासत में लेने के बाद अदालत में पेश कर दिया है। कोर्ट ने आरोपी को सात दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए एक अन्य ऑटो ड्राइवर पर भी मामला दर्ज कर लिया है, जिसने पुलिस को बच्ची के बारे में नहीं बताया था। लोग सवाल उठा रहे हैं कि क्या जिन लोगों के चौखट पर बच्ची मदद मांगने पहुंची थी, क्या उन पर भी मामला दर्ज किया जायेगा। आरोपी के पिता ने अपने बेटे के कुकृत्य पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जो हुआ बहुत गलत हुआ। " मेरे बेटे को इसकी सजा जरूर मिलना



चाहिए। आरोपी के पिता ने रोते हुए कहा कि इस पाप के लिए मौत के सिवा और क्या सजा होगी ? अगर मेरे बस में होता तो मैं ही उसे उसकी जान ले लेता।

वहीं पीड़ित की हालत गंभीर है। उसे इंदौर के दसरे गवर्मेंट हॉस्पिटल में रेफर कर दिया गया है। कई डॉक्टरों की टीम लगातार पीड़ित की मॉनिटरिंग कर रही है।

500 अधिक घरों, ढाबे से होकर गुजरी बच्ची, लेकिन किसी ने नहीं की मदद

जानकारी मिली है कि बलात्कार के 2 घंटे बाद वो 500 से अधिक घर, टोले नाके और ढाबे होकर गुजरी। उत्तर प्रदेश की सीमा से सटे जिले में स्तिथ अपने घर से वह छात्रवृति की परीक्षा देने के लिए स्कूल गई थी। फिर न जाने कैसे वह क्षिप्रा एक्सप्रेस में बैठकर 700 किलोमीटर दूर मध्य प्रदेश के उज्जैन में ट्रैन से उतरने के बाद तीन ऑटो में सवार हुई । इसी दौरान उसके साथ दरिंदगी को अंजाम दिया गया। इसके बाद वह शाम के छह बजे अर्धनग्न और लहूलुहान हालत में दो घंटे तक सड़कों पर मदद की भीख मांगती रही, लेकिन मदद के लिए किसी ने भी एक कदम तक नहीं बढ़ाया।

इंस्पेक्टर अजय वर्मा के मुताबिक साइबर सेल के 30-35 लोगों को छानबीन करने के लिए लगाया गया था। तीन से चार दिन तक उनमें से कोई भी नहीं सोया। जब हम घटना के स्थान पर आरोपी के ले जा रहे थे तब उसने भागने की कोशिश भी की थी। लेकिन भागने के दौरान वह जीवनखेड़ी के पास सीमेंटड रोड से टकरा गया और घायल हो गया, तभी हमने उसे फिर से दबोच लिया।

# केन्द्रीय विद्यालय प्रबन्धन कमिटी की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई संपन्न

**अनुप कुमार**

**उत्तर प्रदेशः** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता मे जी.आई.सी. परिसर के अन्दर संचालित केन्द्रीय विद्यालय प्रबन्धन समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक में छात्रो के नामांकन की स्थिति के सम्बन्ध में चर्चा पर बताया गया कि शैक्षिण सत्र 2023-24 में अगस्त माह के अन्त तक कुल विद्यार्थियो की संख्या 369 जिसमें 213 छात्र एव 156 छात्राए शामिल हैं। स्टाफ की स्थिति के बारे प्रधानाचार्य बताया कि कुल अनुमोदित 24 कर्मचारियो के सापेक्ष प्राचार्य सहित कुल 15 कर्मचारी स्थायी एवं 04 अशंकालिक कर्मचारी कार्यरत हैं। बैठक में छात्रो के निरंतन उन्नयन




एवं उत्थान सी.बी.एस.ई. सम्बद्धता, नये भवन के निर्माण की प्रगति, कक्षा-10 हेतु कक्ष की आवश्यकता, स्टाफ शौचालय के साथ ही बालक एवं बालिका शौचालय आवश्यकता एवं मरम्मत, जनरेट/प्रोजेक्टर की खरीद, स्टाफ टेबल व कुर्सी, फोटो कापी मशीन, आफिस के लिये इनवैटर, म्यूजिकल की बोर्ड आदि क्रय किये जाने पर विस्तृत चर्चा की गयी।

कक्ष रूम की उपलब्धतता के बारे में बताया गया कि केन्द्रीय के बगल जी.आई.सी. भवन के एक कक्ष खाली पड़ा है।

# अब्दुल बारी सिद्दीकी की आई सफाई, कहा हमारा मकसद किसी को ठेस पहुँचाने के नहीं था

**मो. हसन राजा**

**बिहारः** मुजफ्फरपुर में औरतों को लेकर दिए गए बयान के बाद हंगामा बढ़ने के बाद अब्दुल बारी ने इस पर सफाई दी है। अपने कथित कमेंट के बाद आरजेडी नेता ने बोला कि हमारा मकसद किसी को भी दुख पहुँचाना नहीं था। उन्होंने यह बयान फखऊ के अत्यंत पिछड़ा प्रकोष्ठ की रैली में दिया। इसमें गावं-गावं से सैड़कों महिलाएं शामिल हुई थी। उन्होंने कहा कि हमने उन्हें समझाने के लीये यह भाषण दिया था। हमारा इरादा किसी को चोट पहुँचाने का नहीं था। यदि कोइ हमारी भाषा से दुखी हुआ हो तो हम खेद जताते हैं।



वीमेन रेजर्वेशन बिल यानी नारी शक्ति वंदन अधिनियम को भारत को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से मंजूरी मिल गई है। अब यह बिल कानूनी रूप ले चूका है। इस दौरान आरजेडी नेता और बिहार के पूर्व मंत्री अब्दुल बारी सिद्दीकी ने इस पर अजीबोगरीब कमेंट किया है। उन्होंने कहा था अगर आरक्षण देना ही है तो पिछड़ा और अत्यंत पिछड़ा महिलाओं को रिजर्वेशन दें, नहीं तो वीमेन रेजर्वेशन के नाम पर लिपिस्टिक और बॉब कट वाली औरतें आगे आ जाएंगी।

सिद्दीकी ने व्यक्त किया खेद

अब्दुल बारी सिद्दीकी ने लोगों को सतर्क करते हुए कहा कि ऐसी स्तिथि में आपकी महिलाओं को कुछ भी नहीं मिलेगा।

## एक नजर

### करनाह में यात्री वाहन पलटने से छह घायल



**प्रवेज अहमद हजम, जम्मू कश्मीरः** उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के करनाह के जरला इलाके में शुक्रवार को टाटा सूमो यात्री वाहन पलट जाने से छह लोग घायल हो गए। एक अधिकारी ने कश्मीर समाचार सेवा (केएनएस) को बताया कि टाटा सूमो कुपवाड़ा से तंगधार जा रही थी, तभी करनाह के जरला इलाके में उसने नियंत्रण खो दिया और पलट गई। घटना के बाद घायल यात्रियों को इलाज के लिए उप जिला अस्पताल तंगधार ले जाया गया, जहां हालत स्थिर बताई जा रही है। घायलों की पहचान शरतपल्ला निवासी स्वर्गीय अब मजीद की पत्नी बदरेन बेगम (65), हाजिनार्ड निवासी अब्दुल खालिक भट की पत्नी जुबैदा बेगम (40), मंगता मगरे के पुत्र स्किंदर मगरे (40) के रूप में हुई है। खोवारपारा के शरतपल्ला निवासी अब मजीद की बेटी बुशरा (20), हंदवाड़ा निवासी शाजिद शाह के बेटे शौकत अहमद (28) और बागबेला निवासी नूर हैदर शाह के बेटे नासिर हुसैन (20) शामिल हैं। अधिकारी ने कहा, "इस संबंध में तंगधार पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।"

### मुंबई से आ रहे विमान में बम की सूचना निकली फर्जी



**अमन पांडे, उत्तर प्रदेशः** वाराणसी एयरपोर्ट पर अकासा एयरलाइंस की फ्लाइट में बम होने की सूचना मिली। सुरक्षा एजेसिंयों की तरफ से मुंबई से आए विमान की जांच की गई। लेकिन तलाशी अभियान में यह सूचना झूठी निकली। एक ट्वीट के जरिए अकासा एयरलाइंस के विमान में बम की सूचना से शुक्रवार को वाराणसी एयरपोर्ट पर हड़कंप मच गया। मुंबई से वाराणसी आ रहे विमान में बम की सूचना मिलने से हड़कंप मचा था। सूचना मिलते ही सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गईं थीं। जांच के बाद पता चला कि सूचना फर्जी थी।

### जश्ने मिलादुन्नबी का त्योहार हर्षोउल्लास से मनाया



**मोहम्मद अलीम, राजस्थानः** 28 सितम्बर झालावाड़ जिले के बकानी कस्बे में ईद मिलादुन्नबी का त्यौहार हर्षोल्लाहस के साथ मनाया गया। जुलुस का कटला मोहल्ले पर पहुंचने पर मुस्लिम खिदमत सोसाइटी की जानिब से ईद मिलादुन्नबी के जुलूस का मुस्लिम खिदमत सोसाइटी के सदर परवेज खान की अगवाई मे पुष्प वर्षा कर स्वागत (इस्तकबाल ) किया गया। कमेटी के सदस्य शकील नागोरी, पूर्व सदर रईस पठान, शाकिर बेग, अजगर बेग, नासिर लखारा सोनू खान, आशिफ इकबाल, पपू मछली, जावेद खान अदनान खान, असलम मंसूरी, मुन्ना अंसारी सकिल नीलगर, इमरान नागोरी, सिकंदर बेग, कमेटी के सभी सदस्य मौजूद रहे

### आगरा में अवैद्ध नाव संचालन से लोगों की जान को खतरा



**कमल सिंह, उत्तर प्रदेशः** आगरा दबंगो ने ऐलान कर पुनः अवैद्ध नाव संचालन चालू किया। क्योरी घाट पर पुनः अवैध नाव संचालन कर पुलिस को खुली चुनौती। अवैध नावो पर कार्रवाई करके दिखाएं पुलिस और वन विभाग। दूसरे दिन भी प्रतिबंधित चंबल नदी में चलाई गई अवैद्य नाव। 10 सवारी की क्षमता वाली नाव में बिठाई जा रही 100 सवारी। चंबल नदी में संरक्षित जलीय जीव जंतुओं की जान को खतरा। अवैद्ध नावो में लगे नुकीले व धारदार ब्लेड़ो से मगरमच्छ व घड़ियाल की जान को बढ़ा खतरा।

### हाथ ठेला एवं फुटपाथ व्यापारी संघ ने सरकार के समक्ष रखी अपनी समस्या

**संजय सिंह चौहान, मध्य प्रदेशः** उज्जैन ने संभाग आयुक्त को अपनी समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया। 2014 स्ट्रीट वेंडर एक्ट लागू होने के बाद मध्य प्रदेश गवर्नमेंट ने 2017 में बनाया पत्र विक्रेताओं के लिए रूल स्कीम मगर उनको कानून का लाभ नहीं मिल रहा है। महाकाल मंदिर प्रशासक व सुरक्षा गार्ड मनमाने रूप से स्ट्रीट वेंडर से खुलेआम उनके व्यवसाय स्थल पर उपयोग किए जाने वाली सामग्री की कर रहे हैं। खुले में लूटपाट इस संबंध में भारतीय मजदूर संघ शहर कांग्रेस अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी शहर अध्यक्ष सांसद महोदय नगर पालिका निगम आयुक्त जिला कलेक्टर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मानव अधिकार आयोग अध्यक्ष सहित कई विभागों में अपनी पीड़ा के साथ आवेदन दिया। यह जानकारी देते हुए संघ के जिला उपाध्यक्ष कालूराम चौहान ने बताया कि, महाकाल मंदिर समिति में लगे सुरक्षा गार्ड मनमानी कर रहे हैं। सावन माह में दो माह के लिए स्ट्रीट वेंडर को हटाया गया था जहां से हटाया गया है।

# सागर विश्वविद्यालय में हिंदी पखवाड़ा का समापन समारोह और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम हुआ आयोजित

**मुकेश हरियाणी**

**मध्य प्रदेशः** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में हिन्दी दिवस समारोह - 2023 'हिन्दी पखवाड़ा' का आज समापन कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस समापन समारोह और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो नीलिमा गुप्ता ने की। कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत दीप प्रज्वलित कर की गई और इस दौरान सरस्वती वंदना की स्तुति डॉ. अवधेश प्रताप सिंह तोमर ने दी। इसके बाद कार्यक्रम में पधारें अतिथियों का स्वागत किया गया कुलपति प्रो नीलिमा गुप्ता का स्वागत शॉल और स्मृति चिन्ह देकर संयुक्त कुलसचिव संतोष सोहगौरा ने किया। उन्होंने पखवाड़े का प्रतिवेदन भी प्रस्तुत किया। गौरतलब हो कि विश्वविद्यालय में हिंदी पखवाड़े का आयोजन 14 सितंबर से लेकर 29 सितंबर तक हुआ। इस दौरान हिंदी को सशक्त और समृद्ध बनाने के लिए अनेक तरह के कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं विश्वविद्यालय में आयोजित की गई।




हिंदी पखवाड़े के समापन और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के दौरान कुलपति प्रो नीलिमा गुप्ता ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि, "हिंदी पखवाड़े को सही मायने में डॉ. हरीसिंह विश्वविद्यालय ने मनाया और हिंदी भाषा को आगे ले जाने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा हरसंभव प्रयास किया जा रहा है।" उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश एक हिंदी प्रदेश है। सीयूसीटी के माध्यम से एडमिशन होने पर अलग अलग राज्य से बच्चे विश्वविद्यालय आने लगे और यह प्रसन्नता का विषय है कि वर्तमान में 12 प्रदेश के शिक्षक विश्वविद्यालय में पढ़ा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हर भाषा के छोटे छोटे समूह विश्वविद्यालय में बनने चहिए, ताकि विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं एक दूसरे की भाषा बोलना और समझना सीख सकें। उन्होंने कहा कि भारत एक है यह हमें मानकर चलना चाहिए। वन अर्थ के कांसेप्ट पर चलना है तो एक दूसरे की भाषा जानना और समझना आवश्यक है। उनके अनुसार हिंदी को समृद्ध बनाने में विश्वविद्यालय का और विशेष रूप से राजभाषा प्रकोष्ठ का योगदान है। इस अवसर पर हिंदी विभाग के प्रो आनंद प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि, "हिंदी पखवाड़ा वर्ष भर चलते रहना चाहिए। हिंदी के साथ हमारा जीवन भर का जुड़ाव है। हिंदी अभिव्यक्ति की एक जीवन रेखा है।

हिंदी को लेकर कोई संकट नहीं हैं। अटल बिहारी जी का हिंदी में वक्तव्य काफी प्रभावित करने वाला होता था। हिंदी को लेकर वर्तमान में बहुत सारा काम हो रहा है। हिंदी को लिखना, पढ़ना और जीना जरूरी है। हिंदी का स्वरूप बहुआयामी है। हिंदी क्लब की शुरूआत कुलपति जी की प्रेरणा से विश्वविद्यालय में हुई है। जो काफी सुखद है। समय समय पर विश्वविद्यालय में हिंदी विषय पर कार्यशाला का आयोजन होना चाहिए। माँ के साथ जो रिश्ता होता है, वो रिश्ता हमारा हिंदी के साथ होना चाहिए। एनईपी ने हिंदी भाषा को करीब लाने का काम किया है।

कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय में आयोजित हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण भी कुलपति प्रो नीलिमा गुप्ता के हाथों से किया गया। विजयी प्रतिभागियों में शिक्षक, कर्मचारी विवि के विद्यार्थी और स्कूल के विद्यार्थी सम्मिलित रहे। समापन समारोह और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का संचालन डॉ. संजीव सराफ ने किया और आभार संतोष सोहगौरा ने ज्ञापित किया। इस दौरान प्रो. अतुल एम. गोंसाई (विश्वविद्यालय कार्यपरिषद सदस्य) मंचासीन रहे। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के सभी अध्यापकगण, कर्मचारी, शोधार्थी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन जवाहरलाल नेहरू पुस्तकालय सभागार में किया गया।

## बारामूला में नशीली दवाओं के साथ एक पुलिसकर्मी समेत दो गिरफ्तार

**प्रवेज अहमद हजम**

**जम्मू कश्मीरः** बारामूला अधिकारियों ने बताया कि, उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले में शुक्रवार शाम को मादक पदार्थों के साथ दो तस्करों में से एक पुलिस पुलिसकर्मी को गिरफ्तार किया गया। एक अधिकारी ने बताया कि रल्ड पीएस बोनियार के नेतृत्व में पुलिस स्टेशन बोनियार की एक पुलिस पार्टी बोनियार बारामूला में स्थापित एक चेकपॉइंट पर उरी के एसडीपीओ की देखरेख में दो व्यक्तियों को रोका गया, जिनकी पहचान सज्जाद हुसैन कुरेशी (पुलिसकर्मी) पुत्र नजीर अहमद कुरेशी निवासी बांदी उरी नदीम अहमद अवान पुत्र मोहम्मद हुसैन निवासी गिंगल उरी के रूप में हुई।




अधिकारी उन्होंने कहा कि तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 48 ग्राम प्रतिबंधित पदार्थ हेरियन बरामद किया गया। तदनुसार, कानून की संबंधित धाराओं के तहत पुलिस स्टेशन बोनियार में मामला दर्ज किया गया है और जांच शुरू कर दी गई है। हम आम जनता से आग्रह करते हैं कि यदि आप नशीली दवाओं की तस्करी या किसी भी अधिकारी ने आगे कहा, आपके आस-पास कहीं भी कोई अपराध हो, तो बेझिझक नजदीकी पुलिस प्रतिष्ठान से संपर्क करें या 112 डायल करें।

## कौन हैं डॉ. सिरिएक एबी फिलिप्स नीक्स द लिवरडॉक? उनके एक्स अकाउंट को बंद क्यों करना चाहते हैं हिमालय?

**कृतिका कुमारी**

**केरलः** एलोन मस्क के प्रभुत्व वाले माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म, यह ऑर्डर कॉलेज सिविल कोर्ट द्वारा हिमालय वेलनेस कॉर्पोरेशन द्वारा एक इलेक्ट्रानिक में घोषित किया गया था, जिसमें डॉ. फिलिप्स कंपनी के विरुद्ध मानहानि का आरोप लगाया गया था।

कौन है लिवरडॉक?

केरल में स्थित हेपेपेटिक्स डॉ. फिलिप्स सोशल मीडिया पर एक लोकप्रिय व्यक्ति हैं तथा अपनी ताकत का प्रयोग करते हुए मेडिकल में खोई हुई लिपस्टिक से लेकर प्रतीकात्मक-आधारित आधुनिक तरीकों के विषयो में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए कहते हैं। बीते कुछ सालो में, डॉ. फिलिप्स वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों के विरुद्ध मुख्य आधारों में से एक उभर कर प्रकट हो रहे हैं, जिनके विषय में उनका कहना है कि ये यांत्रिकी विज्ञान पर आधारित हैं और स्वास्थ्य के लिए घातक सिद्ध हो सकते हैं।



कोच्चि के राजगिरी अस्पताल के वरिष्ठ सलाहकार हेपेटिक और चिकित्सक-वैज्ञानिक डॉक्टर। फिलिप्स ने पारंपरिक, हर्बल औषधियों के प्रयोग से होने वाले दस्तावेजों पर कई अनुसंधान पत्र भी उजागर किए हैं। पारंपरिक चिकित्सा चिकित्सक अपना विरोध क्यों करते हैं? पारंपरिक चिकित्सा की उनकी मुखर आलोचना ने उनके कई दावों को भी उत्पन्न किया है, खास तौर पर आयुष चिकित्सा मित्रों के मध्य, जो दावा करते हैं कि डॉ. फिलिप्स का दावा मानहानि योग्य हैं।

फरवरी 2022 में, आयुष मंत्रालय ने अत्यधिक लोकप्रिय हर्बल दवा गिलोय के प्रयोग के विषय में उनकी आलोचना पर उन्हें चुनौती दी थी, और उन्हें भारतीय चिकित्सा प्रणाली के लिए केरल राज्य चिकित्सा परिषद की और से नोटिस दिया गया था।

उन्होंने एक पोस्ट के माध्यम से कहा, "हैलो हिमालय आयुर्वेद आपको शर्म आती है। आप इस तरह से खंडन नहीं करते हैं। जब आपके पास अपनी कमियों और अपने उदासीन "प्रकाशनों" के दिखाने के लिए कोई सबूत नहीं होता है तो आप जानकर को गोली मार देते हैं। कई सर्वसाधारण स्वास्थ्य और कानूनी जानकारों ने खाते के बंद होने की कड़ी निंदा की है, इसे वैज्ञानिक दृष्टि का अपमान तथा चिकित्सा गलत सूचना के विरुद्ध लड़ाई के लिए झटका बताया है।,

## आधार को राशन कार्ड से जोड़ने, ई-के.वाई.सी. तथा मोबाईल नंबर अपडेट करवाने की तिथि 31 अक्तूबर तक बढ़ी

**युधिष्ठिर राणा**

**हिमाचल प्रदेशः** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के एक प्रवक्ता ने आज यहां जानकारी दी कि राशन वितरण में पारदर्शिता लाने के लिए उपभोक्ताओं के राशन कार्डों में उनकी आधार संख्या पंजीकृत की जा रही हैं। ई-के.वाई.सी. के माध्यम से यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि राशन कार्ड में दर्ज व्यक्ति का नाम, जन्म तिथि तथा लिंग, आधार में दर्ज डाटा के अनुसार ही हो। इस प्रक्रिया में आम जनता का विभाग को पूर्ण सहयोग मिल रहा है।




उन्होंने बताया कि प्रदेश में गत दिनों में हुई भारी वर्षा व आधार से सम्बन्धित तकनीकी समस्याओं के मद्देजर विभाग द्वारा आधार संख्या पंजीकृत व ई-के.वाई.सी. करवाने की तिथि 30 सितंबर, 2023 तक बढ़ाई गई थी। परन्तु अभी भी कुछ उपभोक्ताओं द्वारा किसी कारणवश उनके राशन कार्डों में उनकी आधार संख्या को पंजीकृत नहीं किया जा सका है।

ऐसे उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए ई-के.वाई.सी. अपडेट करने की तिथि को 31 अक्टूबर 2023 तक बढ़ाया गया है। इसलिए उपभोक्ताओं से आग्रह है कि अपनी नजदीकी उचित मूल्य की दुकान पर जाकर ई-के.वाई.सी. की प्रक्रिया निर्धारित तिथि से पहले करवाएं। यदि कोई अपना आधार 31 अक्तूबर, 2023 तक जमा नहीं करवाता है तो उनके राशन कार्ड को अस्थाई रूप से बंद कर दिया जाएगा तथा आधार उपलब्ध करवाने के बाद ही राशन कार्ड को फिर से शुरू किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त लाभार्थी विभाग से नवीनतम, सक्रिय मोबाईल नम्बर साझा कर खाद्यान्नों सम्बन्धित सूचना प्राप्त कर सकते हैं।

## झालावाड़ के शाकिर हुसैन ने एक पैर से 30 सेकंड में 56 डिंकलाइन पुश-अप लगाकर बनाया एक नया विश्व रिकॉर्ड

**गोवर्धन सिंह**

**राजस्थानः** जवाहर कॉलोनी झालावाड़ निवासी शाकिर हुसैन ने एक पैर से 30 सेकंड में 56 डिंकलाइन पुश-अप लगाकर एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाकर इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करवा कर जिले का एवं देश का नाम रोशन किया है। इसके लिए उन्हें राष्ट्रीय प्रतिष्ठा पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। शाकिर हुसैन पावर लिफ्टिंग में वर्ल्ड चैंपियन भी रह चुके हैं। और कई बार उन्हें जिला स्तर पर सम्मानित किया जा चुका है।

वर्तमान में शाकीर जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड झालावाड़ में टेक्नीशियन प्रथम के पद पर कार्यरत हैं।शाकीर के पिता रोडवेज से रिटायर्ड हैं। उन्होंने कहा मुझे अपने बेटे के रिकॉर्ड बनाए जाने पर गर्व है। एवं उनके परिवार जन एवं उनके कार्यालय के सभी कर्मचारियों में खुशी की लहर है। इस उपलब्धि पर उनके घर परिवार में बधाई देने वालों का ताता लगा हुआ है।

इस अवसर पर समस्त बिजली कर्मचारी यूनियन के इंटक संगठन के जिला अध्यक्ष सलीम खान उपाध्यक्ष भरत राम, रवि श्रंगी आर.वी. के.एस जिला अध्यक्ष शौकत पठान महामंत्री गिरीश तिवारी ऑल राजस्थान




इलेक्ट्रिसिटी एम्पलाइज यूनियन इंटक के जिला अध्यक्ष नाजिश अहमद एवं समस्त कर्मचारियों ने शाकीर को बधाइयां देकर मुंह मीठा कराया एवं पंचकर्म चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संदीप निर्मल और द हल्क जिम के शाहिद पठान दानिश पठान और अवि जिम के कोच संतोष निर्मल ने शाकीर को बुलाकर सम्मानित किया वह बधाई दी। डॉ. सन्दीप व सन्तोष निर्मल द्वारा शाकिर को नूट्रिशन व एक्सरसाइज के लिए ट्रेनिंग दी गई।

## इन्दरगढ़ आदमी पार्टी सेंवड़ा के किसानों और युवाओं के हक के लिए लड़ेगी - संजय दुबे

**अरविन्द्र गुप्ता**

**मध्य प्रदेशः** इन्दरगढ़ आज सेंवड़ा विधानसभा के ग्राम चिमघन में आम आदमी पार्टी का जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसे आम आदमी पार्टी के प्रदेश संयुक्त सचिव जयेन्द्र सिंह सोमवंशी एवं आम आदमी पार्टी के सेंवड़ा विधानसभा के प्रत्याशी संजय दुबे ने संबोधित किया।

आज आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी संजय दुबे के गृह ग्राम चिमघन के निवासियों ने जोरदार स्वागत किया इस दौरान ग्रामवासी मध्यप्रदेश में अपने गांव का नाम रोशन होता देख खुशी के कारण भावुक हो गये। ग्रामवासियों में काफी जोश एवं उत्साह देखने को मिला।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संजय दुबे ने कहा कि आज सेंवड़ा विधानसभा का युवा बेरोजगार होकर दर दर भटकने पर मजबूर है। सरकारें रोजगार के नाम




पर घोषणाएं तो कर देतीं हैं लेकिन युवाओं के रोजगार की व्यवस्था करने में नाकाम हैं। सेंवड़ा विधानसभा के किसान भाईयों की हालत भी बदतर है। वर्तमान विधायक एवं सरकार ने मिलकर किसानों को सिर्फ ठगने का आम किया है आज सेंवड़ा विधानसभा का किसान उचित व्यवस्थाओं से वंचित है। सेंवड़ा में किसानों एवं युवाओं के हक एवं अधिकारों की लड़ाई आम आदमी पार्टी के द्वारा प्राथमिकता से लड़ी जायेगी।

आम आदमी पार्टी के प्रदेश संयुक्त सचिव जयेन्द्र सिंह सोमवंशी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सेंवड़ा विधानसभा में आम आदमी पार्टी से एक ऐसे प्रत्याशी चुनावी मैदान में है जो किसानों एवं युवाओं की लड़ाई को वर्षों से लड़ते चले आ रहे हैं। किसानों एवं युवाओं का साथ एवं आशीर्वाद आप प्रत्याशी संजय दुबे के साथ है। आज सेंवड़ा विधानसभा से जनता आम आदमी पार्टी को मौका देती है तो सेंवड़ा में दिल्ली एवं पंजाब जैसे विकास की गंगा बहेगी।

सेंवड़ा में बिजली समस्या की लड़ाई आप प्रत्याशी संजय दुबे के द्वारा लगातार सड़को पर लड़ी जा रही है। सोमवंशी जी ने कहा कि देश की केवल एक मात्र पार्टी आम आदमी पार्टी है जो विकास की गारंटी लिखित रूप में जनता को प्रदान करती है। आम आदमी पार्टी विकास पर विश्वास करती है न कि घोषणाओं पर जनसंवाद कार्यक्रम के बाद आप प्रत्याशी संजय दुबे के द्वारा ग्राम पिपरऊआ, जसवंतपुर, पहाड़ी रावत, खैरी चाचू, आनंदपुर आदि गांवों में जनसंपर्क किया।

इस दौरान आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## कुछ इस तरह ईद ए मिलाद मना रहे है जेएमएम नेता शेख फरीद

**मो. जैद रहमान**

**झारखंडः** हर साल ईद मिलादुन्नबी के मौके पर नौजवानों द्वारा रोड पर रैश ड्राइविंग और स्टंट कर अपनी जान को जोखिम में डालने वाले दृश्य हम आपको हर साल दिखाते है। पर आज हम आपको सरायकेला खरसावां के झामूमू जिला अध्यक्ष शेख फरीद को दिखा रहे है, जो ईद ए मिलाद के मौके पर मैरिन ड्राइव के नया पुल जो काफी संवेदनशील इलाका माना जाता है। जहां हर दिन सैकड़ों की संख्या में सड़क दुर्घटनाएं होती है। आज वहा शेख फरीद अपने कुछ साथियों के साथ पुल पर मौजूद नौजवानों से गुजारिश कर रहे थे, उन्हे समझा रहे थे। उनसे बाइक को हल्का चलाने की गुजारिश की, उनकी जान कितनी अनमोल हैं। आपको बता दे की नौजवानों ने भी उनकी बातों को समझा और फिर वहा से चले गाए।

आपको बता दे की पिछले साल जुलूस के दौरान कपाली के 3



युवकों की सोनारी कदमा रोड पर सड़क दुर्घटना हुई थी, जिसमें 2 की मृत्यु भी हो गई थी।

तब भी रात के करीब 10 बजे शेख फरीद वहा मौजूद थे, उन्होंने मृतक खुर्शीद अंसारी के टाटा मुख्य अस्पताल में इलाज के बिल को माफ कराने की हर संभव प्रयास की थी, परंतु वाह असफल रहे थे। ऐसा प्रतीत होता है कि उस बार तो वो असफल रह गए परंतु इस बार उनकी कोशिश कुछ अलग ही हैं।

## संपादकीय

# जुड़ेंगे नहीं, तो जीतेंगे कैसे

'जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया' यह नारा विपक्षी गठबंधन के आपसी रिश्तों और मजबूत गठबंधन को परिभाषित करना चाहिए, लेकिन सटीक नहीं बैठता। यह महज एक जुमला-सा लगता है, क्योंकि गठबंधन के घटकों की हकीकत में गंभीर विरोधाभास हैं। ताजातरीन घटनाक्रम पंजाब का है। कांग्रेस नेता प्रताप सिंह बाजवा ने दावा किया कि सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) के 32 विधायक उनके संपर्क में हैं। कांग्रेस सभी 13 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। यदि हमारी सरकार बनी, तो 2 महीने में ही 'आप' की सरकार गिर जाएगी। यह राजनीतिक बयान हो सकता है, लेकिन गठबंधन का आभास तक नहीं होता। यह भाषा परम दुश्मन राजनीतिक दल की है। बवाल तब गंभीर हुआ, जब पंजाब के कांग्रेस विधायक सुखपाल खैरा को नशीले पदार्थ और हथियारों की तस्करी के एक पुराने मामले में गिरफ्तार किया गया। यह 2015 का केस है। गिरफ्तार होते ही कांग्रेस ने कपड़े फाड़ने शुरू कर दिए और राज्यपाल से मुलाकात कर न्याय की गुहार लगाई। दिल्ली में कांग्रेस नेता उदित राज ने यहां तक बयान दे दिया कि चूंकि कांग्रेस कार्यकताओं का उत्पीड़न किया जा रहा है, लिहाजा कांग्रेस 'आप' के साथ गठबंधन नहीं करेगी। इस बयान का शीर्ष स्तर ने खंडन तक नहीं किया। तो फिर यह गठबंधन कैसा है? ऐसे राजनीतिक विवाद सूबे-सूबे जारी हैं, लिहाजा 'इंडिया' गठबंधन की एकजुटता और लामबंदी लगातार सवालिया रही है। 'राजधर्म' और 'राजनीतिक धर्म' के तर्क दिए जाते हैं कि पार्टी और सरकार की भूमिकाएं अलग-अलग हैं, लेकिन ये राजनीतिक तर्क नहीं, बयान भर हैं। 'आप' के संयोजक केजरीवाल ने यह स्पष्ट किया है कि 'आप' विपक्ष के गठबंधन के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हम गठबंधन धर्म निभाएंगे, लेकिन पंजाब में नशे को खत्म करने को भी हम प्रतिबद्ध हैं। इस संदर्भ में किसी भी व्यक्ति को नहीं छोड़ा जाएगा। केजरीवाल गोलमोल कर गठबंधन पर बात कर रहे हैं। पंजाब के अलावा राजस्थान और छत्तीसगढ़ में 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस को खूब गरियाया है। उन राज्यों में 'आप' विधानसभा चुनाव लड़ने के भी मूड में है। पश्चिम बंगाल में कांग्रेस ने अपने लोकसभा नेता अधीर रंजन चौधरी को निरंकुश छोड़ रखा है। वह बयान दे रहे हैं कि ममता बनर्जी की सरकार को अब भगवान भी नहीं बचा सकते। बंगाल में तृणमूल कांग्रेस और वाममोर्चे के बीच भी तनातनी बनी रहती है। मध्यप्रदेश में कांग्रेस और सपा ने आपसी विरोध के मोर्चे खोल रखे हैं। सपा वहां विधानसभा चुनाव भी लड़ेगी। चूंकि कुछ मतदाता वर्ग साझे हैं, लिहाजा कांग्रेस को चुनावी नुकसान हो सकता है। केरल में वाममोर्चे और कांग्रेसी मोर्चे की टकराव वाली सियासत ही 'सनातन' है। सवाल यह है कि क्या 'इंडिया' गठबंधन की नियति भी वही लग रही है, जो अभी तक के तमाम गठबंधनों की रही है? विपक्षी गठबंधन के सामने प्रधानमंत्री मोदी और सबसे संगठित पार्टी भाजपा को हराने की हिमालय-सी चुनौती है।

# ये नफरत हमें कहाँ ले जाएगी?

> 'प्रजातंत्र की जननी' भारत की संसद में हाल में इससे भी ज्यादा घृणास्पद घटनाक्रम हुआ. भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी ने बसपा सदस्य दानिश अली को मुल्ला, आतंकवादी, राष्ट्रद्रोही, दलाल और कटुआ कहा. इस मुद्दे पर भाजपा ने केवल अनमने भाव से खेद जताया है और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बिधूड़ी को चेतावनी दी है कि अगर उन्होंने इस तरह की हेट स्पीच फिर दी तो उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी.

**-राम पुनियानी-**




पिछले कुछ महीनों में देश में कई ऐसी घिनौनी घटनाएं हुईं हैं जिनसे यह पता चलता है कि हमारे समाज में नफरत का जहर किस हद तक घुल चुका है और यह भी कि यह नफरत दिन-दोगुनी रात-चौगुनी गति से बढ़ती जा रही है. उत्तरप्रदेश में कंडक्टर मोहित यादव ने बस थोड़ी देर के लिए रुकवा दी क्योंकि कुछ लोग लघुशंका निवारण करते चाहते थे और कुछ नमाज पढना चाहते थे. नमाज पढ़ते हुए यात्रियों का वीडियो बना लिया गया. यादव और बस के ड्राईवर के खिलाफ शिकायत हुई और दोनों को निलंबित कर दिया गया. कुछ दिन बाद यादव ने आत्महत्या कर ली.

उत्तरप्रदेश में ही एक प्राइमरी स्कूल की अध्यापिका तृप्त त्यागी ने होमवर्क न करने के कारण एक मुस्लिम बच्चे को क्लास में खड़ा किया और फिर दूसरे बच्चों से कहा कि वे सब उसे एक-एक तमाचा मारें. अध्यापिका ने यह भी कहा कि मुस्लिम लड़कों को स्कूल छोड़ देना चाहिए. एक अन्य अध्यापिका मंजुला देवी ने दो मुस्लिम विद्यार्थियों, जो आपस में लड़ रहे थे, से कहा कि यह उनका देश नहीं है. कुछ स्कूलों से ऐसी खबरें मिलीं हैं कि हिन्दू बच्चे अपने मुस्लिम सहपाठियों को अपने साथ नहीं खिलाते.

'प्रजातंत्र की जननी' भारत की संसद में हाल में इससे भी ज्यादा घृणास्पद घटनाक्रम हुआ. भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी ने बसपा सदस्य दानिश अली को मुल्ला, आतंकवादी, राष्ट्रद्रोही, दलाल और कटुआ कहा. इस मुद्दे पर भाजपा ने केवल अनमने भाव से खेद जताया है और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बिधूड़ी को चेतावनी दी है कि अगर उन्होंने इस तरह की हेट स्पीच फिर दी तो उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी. दानिश अली ने लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर हेट स्पीच देने और उन्हें अपमानित करने के लिए बिधूड़ी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की. वहीं कई भाजपा सांसद और नेता अपने साथी के बचाव में आगे आए हैं और उन्होंने दानिश अली पर बिधूड़ी को भड़काने का आरोप लगाया है. मुख़्तार अब्बास नकवी ने कहा कि दानिश अली ने कांग्रेस में शामिल होने के लिए यह सारा नाटक किया है. यह महत्वपूर्ण है कि जिस समय बिधूड़ी अपना जहरबुझा भाषण दे रहे थे, उस समय दो पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ हर्षवर्धन और रविशंकर प्रसाद हंस रहे थे.

संसद में जो हुआ वह नफरत की राजनीति का चरमोत्कर्ष था. इस प्रकृति की जितनी घटनाएँ हो रही हैं, उनमें से बहुत कम सामने आ रही हैं. कोई भी संवेदनशील नजर आसानी से पढ़ सकती हैं कि मुस्लिम समुदाय में किस कदर डर, असुरक्षा और रोष का भाव व्याप्त है. मुसलमान हाशिये पर ढकेल दिए गए हैं और वे कुंठित और असहाय महसूस कर रहे हैं. दलितों, महिलाओं और आदिवासियों की आर्थिक बदहाली, उनका दमन और अपमान और उनके खिलाफ हिंसा भी उतनी ही डरावनी है. और यह सब बहुसंख्यकवादी राजनीति के परवान चढ़ने का नतीजा है.

क्या नफरत हमारे समाज के लिए नई चीज है? बिलकुल नहीं. मुस्लिम और हिन्दू सांप्रदायिक धाराएं अपने जन्म के बाद से ही 'दूसरे' समुदाय के खिलाफ नफरत को हवा देती आईं हैं. इसी से देश में सांप्रदायिक हिंसा शुरू हुई. औपनिवेशिक काल में जिस तरह की सांप्रदायिक हिंसा हुई, वह उसके पहले राजे-रजवाड़ों की काल में होनी वाली शिया-सुन्नी या शैव-वैष्णव पंथिक हिंसा से बहुत अलग थी. आज जहाँ पाकिस्तान, हिन्दुओं और ईसाईयों के खिलाफ सांप्रदायिक नफरत से उबल रहा है वहीं भारत में मुसलमानों और ईसाईयों के खिलाफ नफरत बढ़ रही है.

धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ नफरत का आख्यान, सांप्रदायिक संगठनों ने गढ़ा और मीडिया ने उसे गहराई और व्यापकता दी. हमारे नेताओं को मीडिया की इस भूमिका का काफी पहले से अहसास था. स्वामी श्रद्धानन्द की अब्दुल रशीद द्वारा हत्या की खुलकर निंदा करते हुए महात्मा गाँधी ने अपने पाठकों का ध्यान अखबारों की भूमिका की ओर दिलाया. 'यंग इंडिया' के 30 दिसंबर 1926 के अंक में श्रद्धानंदजी - द मारटेयर' शीर्षक से प्रकाशित अपने लेख में उन्होंने सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने और समाज में नफरत और हिंसा का प्रसार करने में अखबारों की भूमिका के बारे में लिखा.

हिंसा का जहर फैलाने में प्रमुख सांप्रदायिक संगठन आरएसएस की भूमिका का खुलासा करते हुए तत्कालीन केन्द्रीय गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने आरएसएस के मुखिया गोलवलकर को लिखी एक चिट्ठी में कहा थाः उनके (आरएसएस) सभी भाषण सांप्रदायिक जहर से भरे रहते थे. हिन्दुओं को उत्साहित करने के लिए या उन्हें उनकी सुरक्षा के लिए संगठित करने के लिए, यह जहर फैलाने की जरुरत नहीं थी. इसी जहर के अंतिम नतीजे में देश को गांधीजी की अमूल्य जिन्दगी का बलिदान देखना पड़ा.

आज भी नफरत का स्त्रोत वही संगठन है जिसकी सरदार पटेल बात कर रहे हैं. इस नफरत को आरएसएस के विभिन्न अनुषांगिक संगठन बढ़ा रहे हैं. इस काम में कॉर्पोरेट-नियंत्रित गोदी मीडिया की भूमिका कम नहीं है. गोदी मीडिया सरकार के आगे नतमस्तक है और विपक्ष और सत्ताधारी दल के आलोचकों पर हमलावर है. सभी प्रमुख टीवी नेटवर्क कॉर्पोरेट घरानों ने खरीद लिए हैं और ये घराने सत्ताधारी दल के नजदीक हैं. हिन्दू राष्ट्र की स्थापना के लक्ष्य को लेकर चल रही भाजपा ने एक सोशल मीडिया सेल खोला है और नफरत के अपने सन्देश को फैलाने के लिए लाखों व्हाट्सएप ग्रुप बनाये हैं.

आश्चर्य नहीं कि इन हालातों में इंडिया गठबंधन को मजबूर होकर यह निर्णय लेना पड़ा कि उसके प्रवक्ता अलग-अलग चैनलों के 14 एंकरों की मेजबानी वाले टॉक शो में हिस्सा नहीं लेंगे. अपने आकाओं को खुश करने की होड़ में ये एंकर विपक्षी पार्टियों और अल्पसंख्यक समुदायों पर कीचड़ उछालने का कोई मौका हाथ से नहीं जाने देते. वे पत्रकारिता की इस मूल सिद्धांत को भूल चुके हैं कि पत्रकारों को निष्पक्ष होना चाहिए और उनमें यह साहस होना चाहिए कि वे शक्तिशाली सत्ताधारियों के मुंह पर बेबाकी से सच बोल सकें.

हमारा गणतंत्र एक गंभीर संकट के दौर से गुजर रहा है. प्रजातंत्र की उच्चतम संस्था से नफरत फैलाई जा रही है. इसका हमारे सामाजिक जीवन, हमारे संवैधानिक मूल्यों और देश के लोगों के बीच भाईचारे पर क्या असर पड़ेगा? जिस बेशर्मी से रमेश बिधूड़ी का बचाव किया जा रहा है उससे साफ है कि उन्हें उनके शीर्ष नेताओं का वरदहस्त हासिल है. हेट स्पीच को रोकने का कोई प्रयास नहीं हो रहा है और ना ही नफरत फैलाने वालों के खिलाफ कोई कार्यवाही हो रही है. धर्मसंसदों के आयोजक और यति नरसिंहानंद जैसे लोग नफरत की दुकानें चला रहे हैं.

# कुछ दिन घर क्यों नहीं बैठते महामहिम

**-राकेश अचल-**

चुनाव के मौसम में देश के राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के दौरों पर राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की आपत्ति से महामहिम उपराष्ट्रपति जी तिलमिला गए है। वे गहलोत की आपत्ति को संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों की मयार्दा के खिलाफ मानते हैं। सचमुच ये विमर्श का विषय है कि चुनावी मौसम में क्या देश के राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति अपने घरों पर नहीं बैठ सकते? ये सवाल भी जेरे बहस आना चाहिए कि क्या ये दोनों महानुभाव परोक्ष रूप से सत्तारूढ़ दल के लिए तो काम नहीं कर रहे? ये बात किसी से छिपी नहीं है कि राष्ट्रपति हों या उपराष्ट्रपति पिछले कुछ महीनों से उन पांच राज्यों की लगातार यात्राएं कर रहे हैं जहां अगले महीनों में विधानसभाओं के चुनाव होना है। राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मु मध्यप्रदेश जा रहीं हैं तो उप राष्ट्रपति जयदीप धनकड़ राजस्थान। इन पांच राज्यों में महमहिमों के दौरों की वजह से राज्य सरकारों को अलग से इंतजाम करना पड़ते हैं। इसका असर राजनीतिक दलों के चुनाव प्रचार अभियान पर पड़ता है। राजस्थान के नीमराणा में एक चुनाव अभियान के दौरान सीएम अशोक गहलोत ने उपराष्ट्रपति की पांच जिलों की यात्रा पर आपत्ति जताई थी। उन्होंने कहा था, ऐसी यात्राओं से सभी प्रकार के संदेश जाएंगे, जो लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है।

राजस्थान में उपराष्ट्रपति के दौर इसलिए गहलोत को खलते हैं क्योंकि उपराष्ट्रपति जयदीप धनकड़ राजस्थान से ही हैं और उनके बार -बार राजस्थान जाने से न केवल सरकार की चुनावी तैयारियां प्रभावित होती हैं बल्कि सत्तारूढ़ दल को राजनीतिक नुक्सानभी होता है ,क्योंकि उपराष्ट्रपति परोक्ष रूप से जो बातें करते हैं वे सत्तारूढ़ दल के खिलाफ जातीं हैं। एक राज्यपाल के रूप में धनकड़ जी अच्छे खासे बदनाम रहे है। उन्होंने बंगाल में अपने कार्यकाल के दौरान भाजपा के एजेंट के रूप में खुलकर काम किया था और उनकी खूब बदनामी भी हुई थी। लेकिन उन्होंने किसी आलोचना की फिक्र नहीं की। नतीजा उन्हें केंद्र सरकार से ईनाम भी मिला और आज वे देश के उप राष्ट्रपति तथा राज्यसभा के पदेन सभापति भी हैं।

उपराष्ट्रपति पिछले दिनों मध्यप्रदेश भी गए। वहां भी विधानसभा के चुनाव है। मध्यप्रदेश में धनकड़ माखनलाल चतुवेर्दी पत्रकारिता विश्विद्यालय के दीक्षांत समारोह में गए थे। इस समारोह में छात्रों और अतिथियों को जो पगड़ी पहनाई गयी वो मारवाड़ी थी। कहा गया कि इस समारोह के जरिये मध्यप्रदेश में एक खास वर्ग को संकेतों में सत्तारूढ़ दल के लिए मनाया गया। हालाँकि मै ऐसा नहीं मानता की मध्यप्रदेश में धनकड़ की मौजूदगी से चुनाव प्रभावित होंगे,लेकिन राजस्थान में ये आशंका सही साबित हो सकती है। हाँ पत्रकारिता कि छात्रों को कूढ़ मगज बनाने की एक कोशिश जरूर यहां हुई। उसमें उप राष्ट्रपति जी की कोई भूमिका नहीं थी।

मध्यप्रदेश आदिवासी बहुल राज्य है। यहां आदिवासियों को साधने के लिए केंद्र की सरकार बार-बार किसी न किसी कार्यक्रम के बहाने से राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू को आमंत्रित कर रही है। ताकि मध्यप्रदेश के आदिवासियों के मन में ये बात बैठाई जा सके कि भाजपा ही एक ऐसा दल है जिसने एक आदिवासी को राष्ट्रपति जैसे संबसे बड़े पद पर बैठाया। राष्ट्रपति अपने मुंह से खुलकर भले ही भाजपा के लिए काम न करती दिखाई देतीं हों लेकिन बाकी सबको ऐसा ही लगता है। और ये हकीकत भी है। इससे आँखें नहीं फेरी जा सकतीं।

राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के पद राजनीति से ऊपर उठा देते हैं ,किन्तु दुर्भाग्य है कि जो लोग इन पदों पर पहुँचते हैं वे राजनीति से ऊपर उठ ही नहीं पाते। कांग्रेस के जमाने में भी यही समस्या थी और आज भाजपा के राज में भी स्थितियां बदलीं नहीं है। फर्क सिर्फ इतना है कि कांग्रेस के जमाने में महामहिम आज की तरह सत्तारूढ़ पार्टी के लिए काम नहीं करते थे। मध्यप्रदेश में राजस्थान की तरह सरकार की तरफ से राष्ट्रपति या उपराष्ट्रपति के दौरों पर ऊँगली नहीं उठाई जा सकती ,लेकिन राजस्थान ने तो उठा दी और मजे की बात ये कि तीर निशाने पर लगा। उपराष्ट्रपति जी अशोक गहलोत की आपत्ति से तिलमिला गए।

उपराष्ट्रपति ने कहा है कि कुछ लोग संवैधानिक संस्थाओं पर अमर्यादित टिप्पणी करते हैं. ऐसा करना अच्छी बात नहीं हैं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा, जो व्यक्ति जितने बड़े पद पर है, उसका आचरण भी उतना ही मर्यादित होना चाहिए। राजनीतिक फायदा उठाने के लिए कोई भी टिप्पणी करना अच्छी बात नहीं है। धनकड़ की प्रतिक्रिया एक तो जरूरी नहीं थी ,ऊपर से उनकी प्रतिक्रिया में कोई वजन नहीं है। उनकी टीप पर उपदेश ,कुशल बहुतेरे जैसी है। वे भी एक मर्यादित पद पर है। बेहतर होता कि वे मुख्यमंत्री की प्रतिक्रिया पर मौन रहते।

## न्यायपालिका का सकारात्मक हस्तक्षेप

**-अजीत द्विवेदी-**

सर्वोच्च अदालत ने विधायिका की शुचिता को ध्यान में रखते हुए एक बड़ा सकारात्मक हस्तक्षेप किया है। सुप्रीम कोर्ट ने तय किया है कि चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सात सदस्यों की एक संविधान पीठ इस बात पर विचार करेगी कि सदन के अंदर रिश्वत लेने पर सांसद या विधायक को मुकदमे से मिलने वाली छूट जारी रहनी चाहिए या उसे खत्म कर दिया जाए? यह बेहद महत्वपूर्ण सवाल है, जो राजनीति की नैतिकता से जुड़ा है। सुप्रीम कोर्ट के पांच जजों की बेंच ने इस सवाल पर विचार किया था और संविधान के अनुच्छेद 105 (2) और 194 (2) के तहत सांसदों को मिली छूट को बरकरार रखा था। पांच जजों की बेंच ने 1998 में अपना फैसला सुनाया था और पिछले 25 साल से यह नजीर है। अब सात जजों की बेंच इस फैसले पर पुनर्विचार करेगी। यह एक संयोग है कि जिस विवाद के बाद पांच जजों की बेंच ने इस सवाल पर विचार किया था और जिस विवाद के बाद अब सात जजों की बेंच इसी सवाल पर फिर से विचार करेगी वो दोनों विवाद झारखंड मुक्ति मोर्चा से जुड़े हैं। पहला मामला 1993 का है, जब केंद्र की पीवी नरसिंह राव सरकार को बचाने के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक शिबू सोरेन सहित पांच सांसदों ने कथित तौर पर रिश्वत ली थी। इस मामले में सर्वोच्च अदालत ने सांसदों को मिले संसदीय विशेषाधिकार का हवाला देकर उनके खिलाफ आपराधिक मुकदमा चलाने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। यह फैसला 1998 में आया था और पिछले 25 साल से इसे संवैधानिक प्रावधानों के साथ मिला कर देखा जाता है। दूसरा मामला, जिसके बाद सात जजों की संविधान पीठ बनाई गई है, झारखंड मुक्ति मोर्चा की विधायक सीता सोरेन का है। आरोप है कि जामा विधानसभा सीट की विधायक के तौर पर उन्होंने 2012 में राज्यसभा चुनाव में एक खास उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करने के लिए पैसे लिए थे। जब इस मामले की सीबीआई जांच की मांग हुई तब सीता सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट के 1998 के फैसले का हवाला दिया था और कहा था कि सांसदों और विधायकों को सदन के अंदर किए गए किसी भी काम या भाषण के लिए आपराधिक मुकदमे से छूट मिली हुई है। तभी से यह मामला विचारधीन है और 2019 में तब के चीफ जस्टिस रंजन गोगोई ने इसे व्यापक प्रभाव और सार्वजनिक महत्व का बताते हुए पांच जजों की बेंच के सामने भेजा था। अब चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच ने भी कहा है कि यह राजनीतिक नैतिकता पर प्रभाव डालने वाला महत्वपूर्ण मुद्दा है इसलिए इस पर बड़ी बेंच को सुनवाई करना चाहिए। इसके बाद सात जजों की बेंच का गठन कर दिया गया। इस मसले पर सात जजों की संविधान पीठ का विचार करना एक नए दौर की शुरूआत का संकेत है। यह स्पष्ट रूप से विधायिका के अधिकारों में न्यायपालिका का हस्तक्षेप है तभी केंद्र सरकार की ओर से देश के सबसे बड़े कानून अधिकारी वेंकटरमणी ने इसका विरोध किया। इस मामले में संवैधानिक स्थिति चाहे जो हो सार्वजनिक जीवन से जुड़ी नैतिकता की कसौटी पर यह सही नहीं है। किसी भी प्रावधान के तहत किसी सांसद या विधायक को रिश्वत लेने की छूट कैसे दी जा सकती है? वैचारिक विचलन का मामला अलग है लेकिन रिश्वत लेना तो विशुद्ध रूप से भ्रष्टाचार का मामला है, जिसे अगर विधायिका के अंदर छूट दी गई तो बाहर कैसे साफ-सुथरा शासन, प्रशासन सुनिश्चित किया जा सकेगा? तर्क के लिए कहा जा सकता है कि केंद्र की मनमोहन सिंह की सरकार के समय कई सांसदों पर पैसे लेकर सवाल पूछने का आरोप लगा था। एक स्टिंग ऑपरेशन की वीडियो में कई सांसद प्रश्न पूछने के लिए पैसे लेते दिखाए गए थे और संसद ने उनकी सबकी सदस्यता खत्म कर दी थी। लेकिन रिश्वत लेने के आरोप में सदस्यता समाप्त करना और आगे उनके चुनाव लड़ने पर रोक नहीं लगाना कोई सजा नहीं है। एक लोक सेवक को रिश्वत लेने के आरोप में जो सजा होती है वह सजा होनी चाहिए। तभी आम सरकारी सेवकों के लिए नजीर बनेगी। इसलिए सुप्रीम कोर्ट की यह पहल एक सकारात्मक हस्तक्षेप है। अगर अदालत सुनवाई के दौरान इसका दायरा बढ़ाए और सांसदों व विधायकों को आपराधिक अभियोजन से मिली छूट के सभी पहलुओं पर विचार करे तो ज्यादा बेहतर होगा। ऐसा इसलिए जरूरी लगता है क्योंकि नए संसद भवन के पहले सत्र में ही भाजपा के एक सांसद ने बहुजन समाज पार्टी के एक सांसद के ऊपर बेहद आपत्तिजनक और अभद्र टिप्पणियां कीं।

# सांसदों को विधायकी लड़ाने पर सवाल

**-अजीत द्विवेदी-**

पहले भी ऐसा होता था लेकिन वह अपवाद था कि सांसदों को विधानसभा का चुनाव लड़ाया जाए। अब भारतीय जनता पार्टी ने इस अपवाद को नियम बना दिया है। वह सभी राज्यों में सांसदों को विधानसभा के चुनाव लड़ाती है। यहां तक कि केंद्रीय मंत्री भी विधानसभा का चुनाव लड़ते हैं। अभी मध्य प्रदेश में भाजपा ने तीन केंद्रीय मंत्रियों- नरेंद्र सिंह तोमर, प्रहलाद पटेल और फग्गन सिंह कुलस्ते को चुनाव मैदान में उतारा है। हैरानी नहीं होगी अगर चौथे मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को भी चुनाव में उतारा जाए। इससे पहले त्रिपुरा में केंद्रीय मंत्री प्रतिमा भौमिक को चुनाव लड़ाया गया था। उससे भी पहले 2021 के विधानसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल में केंद्रीय मंत्री निशीथ प्रमाणिक और बाबुल सुप्रियो को चुनाव लड़ाया था। हालांकि बाबुल सुप्रियो चुनाव हार गए थे।अब कहा जा रहा है कि भारतीय जनता पार्टी राजस्थान में भी कुछ केंद्रीय मंत्रियों को विधानसभा का चुनाव लड़ाएगी। केंद्र जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल दोनों के नाम की चर्चा है। तेलंगाना में भाजपा के चार सांसद हैं, जिनमें से एक जी किशन रेड्डी केंद्र सरकार में मंत्री हैं। बताया जा रहा है कि भाजपा ने केंद्रीय मंत्री सहित अपने चारों सांसदों को तेलंगाना विधानसभा का चुनाव लड़ाने का फैसला किया है। खबरों के मुताबिक मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के परिवार के सदस्य, जहां से चुनाव लड़ेंगे वहां भाजपा अपने सांसदों को मैदान में उतारेगी। पहले भी पार्टियां विधानसभा चुनाव में अपने पक्ष में हवा बनाने के लिए बड़े चेहरों को मैदान में उतारती थी। इसलिए कई बार सांसदों को भी चुनाव लड़ाया जाता था। लेकिन यह काम तब होता था जब पार्टियों के पास कोई करिश्माई नेतृत्व नहीं होता था या जब पार्टी मुश्किल मुकाबले में फंसी होती थी। तभी हैरानी है कि भाजपा के पास नरेंद्र मोदी का चेहरा है और पार्टी मान रही है कि कहीं भी उसकी लड़ाई नहीं है, वह आराम से चुनाव जीत रही है तब भी इतनी बड़ी संख्या में सांसदों और केंद्रीय मंत्रियों को चुनाव लड़ा रही है। बहरहाल, सांसदों या केंद्रीय मंत्रियों को विधानसभा का चुनाव लड़ाने को लेकर कुछ नैतिक व राजनीतिक सवाल हैं, जिनका जवाब पार्टियों को देना चाहिए।पहले तो सांसदों के विधानसभा का चुनाव लड ?ा ही सवाल खड़े करता है। एक सांसद अपने लोकसभा क्षेत्र की पांच या छह विधानसभा सीटों का प्रतिनिधित्व करता है। उसको एक विधानसभा सीट से चुनाव लड़ाने की क्या तुक है? क्या इससे पक्षपात की संभावना नहीं बनती है? यह हो सकता है कि सांसदों को अंदाजा हो कि उनको विधानसभा का चुनाव लड ?ा पड़ सकता है तो वे पहले से ही किसी खास विधानसभा क्षेत्र पर ज्यादा ध्यान देते हों। यह भी हो सकता है कि अगर चुनाव लड़ रहा सांसद विधानसभा का चुनाव हार जाए तो बतौर सांसद वह उस क्षेत्र की जनता से बदला लेने के लिए उस विधानसभा क्षेत्र में काम न कराए या अपनी निधि का पैसा वहां खर्च न करें? इस तरह यह एक तरह के पक्षपात की संभावना को जन्म देता है। पांच या छह सीटों का प्रतिनिधित्व करने वाले किसी सांसद को विधानसभा का चुनाव लड़ाने से यह मैसेज तो बनता है कि पार्टी ने बड़ा चेहरा उतारा है लेकिन इससे उस सांसद का कद छोटा होता है।दूसरा सवाल राजनीतिक नैतिकता को लेकर है। अगर कोई सांसद विधानसभा का चुनाव जीत जाता है तो इसका मतलब है कि किसी एक सीट पर निश्चित रूप से उपचुनाव होगा। क्योंकि या तो वह लोकसभा की सीट छोड़ेगा या विधानसभा का। यह सिर्फ अभी के चुनाव की बात नहीं है। अभी लोकसभा का कार्यकाल बहुत कम बचा हुआ है इसलिए हो सकता है कि विधायक बनने के बाद कोई सांसद इस्तीफा दे तो उपचुनाव नहीं कराया जाए। लेकिन आमतौर पर अगर कोई नेता लोकसभा और विधानसभा दोनों सीटों पर जीता हुआ होता है तो वह एक सीट से इस्तीफा देता है और वहां उपचुनाव होता है। जैसा कि पश्चिम बंगाल में निशीथ प्रमाणिक और जगन्नाथ सरकार की सीट पर हुआ या त्रिपुरा में प्रतिमा भौमिक की सीट पर हुआ। इस तरह के उप चुनाव के लिए आचार संहिता लगती है, केंद्रीय बलों की तैनाती होती है, बड़े नेता कामकाज छोड़ कर प्रचार करते हैं और चुनाव आयोग का बेवजह खर्च बढ़ता है।सोचें, एक तरफ पूरे देश में एक चुनाव के लिए विधानसभा और लोकसभा का कार्यकाल फिक्स्ड करने पर विचार हो रहा है तो दूसरी ओर सांसदों को विधानसभा का चुनाव लड़ाया जा रहा है! केंद्र सरकार ने एक देश, एक चुनाव पर विचार के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में आठ सदस्यों की एक कमेटी बनाई है। सबको अंदाजा है कि एक देश, एक चुनाव का कोई भी सिद्धांत तभी कामयाब हो सकता है, जब लोकसभा और विधानसभा का कार्यकाल फिक्स्ड किया जाए। यानी तय कर दिया जाए कि पांच साल के भीतर किसी हाल में लोकसभा और विधानसभा भंग नहीं होगी ताकि सरकार गिरने पर मध्यावधि चुनाव न कराना पड़े। ऐसा एक कानून ब्रिटेन की संसद ने पास किया था लेकिन 2017 में उसे बदल दिया गया। बहरहाल, एक तरफ फिक्स्ड कार्यकाल की बात हो रही है तो दूसरी ओर लोकसभा के सांसदों को विधानसभा का चुनाव लड़ाया जा रहा है! यह तो सीधे सीधे उपचुनाव की संभावना पैदा करने वाला कदम है!आखिर में एक बड़ा सवाल केंद्रीय मंत्रियों को चुनाव लड़ाने पर है। अगर कोई केंद्रीय मंत्री विधानसभा का चुनाव लड़ता है तो यह प्राकृतिक न्याय के विरूद्ध होता है। इससे चुनाव का मैदान बराबरी का मैदान नहीं रह जाता है। केंद्रीय मंत्री देश के 140 करोड़ लोगों का मंत्री होता है। उसका कद और प्रोटोकॉल बहुत बड़ा होता है। उसकी सुरक्षा और अन्य तामझाम बहुत बड़ा होता है। जबकि दूसरी ओर उसके खिलाफ लड़ने वाला नेता किसी पार्टी का सामान्य कार्यकर्ता हो सकता है।

NCR समाचार
संपादकीय कार्यालय
जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली-110062. सोमवार से शनिवार
प्रात: 9:00 से सायं 9:00
फोन: 8888883968, 9811111715

## आवश्यक सूचना

एनसीआर समाचार के समस्त पाठकों तथा पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टरजी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृत्व में हो रहा हैं। अतः भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नये कार्यालय जी 12/276, संगम विहार, नई दिल्ली - 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 से सम्पर्क करें

# वृद्धि, समानता, मूल्य स्थिरता में संतुलन ही आर्थिक नेतृत्व की कुशलता निहित है: डॉ रंगराजन

नयी दिल्ली, एजेंसी। जाने माने अर्थशास्त्री और भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर डॉ सी रंगराजन ने कहा है कि वृद्धि, समानता और मूल्य स्थिरता के बीच संतुलन साधने में ही आर्थिक नेतृत्व की कुशलता निहित होती है। डॉ. रंगराजन ने यहां भारत के विकास, राजकोषीय नीति और मौद्रिक नीतिः आर्थिक झटकों से कैसे उबरें विषय पर चुनिंदा लेखों के एक ई-संग्रह के विमोचन कार्यक्रम में कहा कि विकास की रणनीति को बहुआयामी रखना आवश्यक है क्यों कि केवल नीतियों में सुधार मात्र ही आर्थिक विकास की गारंटी नहीं है। कट्स इंटरनेशनल द्वारा प्रकाशित इस संग्रह को डॉ रंगराजन और ईएंडवाई के मुख्य नीतिगत सलाहकार और मद्रास स्कूल ऑफ इकोनोमिक्स के पूर्व निदेशक, डॉ डी के श्रीवास्तव ने संयुक्तरूप से संपादित किया है। कट्स व्यापार, विनियम और सुशासन पर पर अग्रणी वैश्विक सार्वजनिक नीति विचारक और कार्य करने वाली संस्था है। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि यह ई-संकलन लेखों का संग्रहण है जो कोविड-19 और उसके बाद के वर्तमान कठिन समय के दौरान सामने आने वाली आर्थिक चुनौतियों पर गहरी अन्तर्दृष्टि प्रदान करता हैं। कट्स इंटरनेशनल के महासचिव प्रदीप महता ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए सूक्ष्म आर्थिक और व्यापक आर्थिक दोनों मुद्दों पर डॉ रंगराजन की गहन अन्तर्दृष्टि की सराहना की। डॉ रंगराजन डॉ रंगराजन पूर्व में प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद् के अध्यक्ष भी रह चुके हैं।



उन्होंने कोविड-19 महत्वपूर्ण आर्थिक नतीजों को जन्म देने वाला पिछली एक सदी का पहला गैर-आर्थिक संकट बताया। उन्होंने कहा,ह्यआर्थिक वृद्धि हमारी कई सामाजिक और आर्थिक समस्याओं का जवाब है। इसे लम्बे समय तक कायम नहीं रखा जा सकता, जब तक कि इसमें निष्पक्षता को भी शामिल नहीं किया जाए। आरबीआई के पूर्व गवर्नर ने आर्थिक और गैर-आर्थिक दोनों कारकों पर ध्यान देकर निवेश के लिए अनुकूल माहौल बनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, मजबूत निर्यात और मजबूत विनिर्माण वृद्धि उत्पादन बढ़ाने और रोजगार उत्पन्न करने में महत्वपूर्ण है। डॉ श्रीवास्तव ने न केवल कोविड-19 संकट के दौरान, बल्कि रूस-यूक्रेन संघर्ष के कारण भी आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान के कारण नीति निमार्ताओं के सामने आने वाली विकट चुनौतियों की ओर ध्यान आकर्षित किया।

उन्होंने कहा कि जब अर्थव्यवस्था पर दबाव पडा और नीति निमार्ताओं को दुविधा का सामना करना पड़ा, तो उन्होंने जिम्मेदार आर्थिक प्रबन्धन के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हुए वृद्धि को प्रोत्साहित करने के लिए राजकोषीय और मौद्रिक उपाय अपनाए, जिम्मेदार आर्थिक प्रबंधन के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित की।

कार्यक्रम का समापन करते हुए कट्स इंटरनेशनल के कार्यकारी निदेशक बिपुल चट्टोपाध्याय ने कहा अब, चुनौती यह है कि आर्थिक वृद्धि को और अधिक मानव-केन्द्रित कैसे किया जाए?

# एशियन पेंट्स के सह-संस्थापक और गैर-कार्यकारी निदेशक अश्विन दानी का निधन

नयी दिल्ली, एजेंसी। एशियन पेंट्स के सह-संस्थापक और गैर-कार्यकारी निदेशक अश्विन दानी का गुरुवार को निधन हो गया। वह 79 वर्ष के थे।

एशियन पेंट्स ने शेयर बाजार को सूचना देते हुए कहा, गहरे अफसोस के साथ हम आपको सूचित करते हैं कि कंपनी के गैर-कार्यकारी निदेशक अश्विन दानी का बीमारी के कारण गुरुवार को निधन हो गया।

श्री दानी 1968 में कंपनी में शामिल हुए थे, जो अब एशिया की सबसे बड़ी पेंट कंपनियों में से एक है। एशियन पेंट्स की स्थापना उनके पिता सूर्यकांत दानी और तीन अन्य लोगों ने 1942 में की थी।

श्री दानी 2009 में एशियन पेंट के गैर-कार्यकारी निदेशक बने थे। एशियन पेंट्स बोर्ड ने 23 जून 2021 को कहा था कि श्री दानी गैर-कार्यकारी/प्रवर्तक निदेशक के रूप में कंपनी के निदेशक मंडल में बने रहेंगे।




अश्विन दानी का जन्म 26 सितंबर 1944 को मुंबई में हुआ था। उन्होंने 1966 में मुंबई विश्वविद्यालय से केमिस्ट्री विज्ञान में स्नातक की डिग्री पूरी की और अमेरिका से एक्रोन विश्वविद्यालय से केमिकल इंजीनियरिंग में मास्टर डिग्री ली। वह 1968 में एशियन पेंट्स में शामिल हुए थे। इसके बाद 1970 में वह कंपनी के बोर्ड में शामिल हुए और 1998 से 2009 तक कंपनी के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के पद पर रहे।

श्री दानी 2009 से बोर्ड और कंपनी के गैर-कार्यकारी निदेशक और उपाध्यक्ष के रूप में बोर्ड पर बने रहे। 2018 से 2021 के बीच की अवधि के लिए उन्होंने बोर्ड और कंपनी के अध्यक्ष का पद संभाला। उन्होंने 2021 में पद छोड़ दिया था।

## एक नजर

### प्रधानमंत्री गतिशक्ति में 52,000 करोड़ रुपये की छह राजमार्ग, रेल परियोजनाओं की समीक्षा



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री (पीएम) गतिशक्ति के अंतर्गत नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप (एनपीजी) की 56वीं बैठक में आधारभूत आर्थिक अवसंरचना क्षेत्र की कुल लगभग 52,000 करोड़ रुपये की लागत वाली छह परियोजनाओं की प्रगति का आकलन किया गया।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इनमें सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के तहत आने वाली लगभग 45000 करोड़ रुपये की लागत वाली चार सड़क परियोजनाएं और लगभग 6700 करोड़ रुपये की कुल परियोजना लागत वाली रेल मंत्रालय (एमओआर) के तहत आने वाली दो रेल परियोजनाएं हैं। विज्ञप्ति के अनुसार नई दिल्ली स्थित यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में बुधवार को उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) की विशेष सचिव (लॉजिस्टिक्स) सुमिता डावरा की अध्यक्षता में 56वीं एनपीजी बैठक आयोजित की गई।

पीएम गतिशक्ति दृष्टिकोण के शुभारंभ के बाद से, एनपीजी द्वारा लगभग 11.53 लाख करोड़ रुपये की कुल लागत वाली 112 परियोजनाओं का आकलन किया जा चुका है। कल की बैठक में समीक्षा के लिए ली गयी परियोजनाओं में गतिशक्ति के सिद्धांतों के अनुपालन की स्थित को प्रदर्शित किया गया। इनमें सड़क क्षेत्र की चार परियोजनाओं में गुजरात और महाराष्ट्र राज्य में फैले एक नए राजमार्ग के निर्माण की परियोजना है, जिससे न केवल नवसारी, नासिक, अहमदनगर जिलों में औद्योगिक बेल्ट बल्कि क्षेत्र के कृषि क्षेत्र को भी लाभ होगा। ऐसी ही दूसरी परियोजना गुजरात में बनासकांठा, पाटन, मेहसाणा, गांधीनगर और अहमदाबाद जिले से जुड़े नए राजमार्ग के विकास की है । यह अमृतसर-जामनगर आर्थिक गलियारे को अहमदाबाद और वडोदरा से जोड़ेगी और परिवहन के अन्य साधनों के साथ एकीकृत होगी, जिससे क्षेत्र में मल्टी-मोडैलिटी के संवर्धन और उपयोग में योगदान मिलेगा।

प्रस्तावित तीसरी सड़क परियोजना बिहार राज्य में स्थित है और इसमें भारतमाला परियोजना के तहत पटना-आरा-सासाराम गलियारे को चार लेन का बनाने का कार्य शामिल है। इस परियोजना से जनजातीय क्षेत्रों सहित वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) ग्रस्त जिलों में सामाजिक-आर्थिक विकास होने की संभावना है। यह परियोजना मौजूदा मार्ग और यात्रा समय को कम करके लॉजिस्टिक्स दक्षता में सुधार करने में मदद करेगी और पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के माध्यम से उत्तर प्रदेश से आने वाले तथा झारखंड और पटना की ओर जाने वाले यातायात के लिए निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। यह क्षेत्र के जलमार्गों को भी जोड़ेगी ।

बैठक में जिस चौथी सड़क परियोजना पर चर्चा की गई वह उत्तर प्रदेश में स्थित है। इसका उद्देश्य मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के बीच अंतरराज्यीय कनेक्टिविटी में सुधार लाना है। बैठक के दौरान, लगभग 6700 करोड़ रुपये की कुल परियोजना लागत वाले दो रेलवे परियोजना प्रस्तावों का भी आकलन किया गया।इनमें एक नयी रेलवे लाइन परियोजना ओडिशा में स्थित है और गंजम, नयागढ़, कंधमाल, बौध, संबलपुर और अंगुल जिलों से होकर गुजरती है। यह पश्चिमी ओडिशा के औद्योगिक और खनिज समूहों को पूर्वी तट बंदरगाह से जोड़ेगा। इसके अतिरिक्त, पूर्वी छत्तीसगढ़ के औद्योगिक समूहों का पूर्वी तट के बंदरगाह तक संपर्क मार्ग छोटा हो जाएगा। इस रेलवे लाइन से कंधमाल और बौध जिलों के जनजातीय इलाकों में समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास होने की संभावना है और प्रस्तावित लाइन के साथ नए औद्योगिक गलियारों के लिए अवसर खुलेंगे। एक अन्य रेलवे परियोजना प्रस्ताव केरल राज्य में स्थित है और इसमें रेलवे लाइनों का दोहरीकरण शामिल है।

इस बैठक में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, नागरिक उड्डयन मंत्रालय, रेल मंत्रालय, पत्तन पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय, विद्युत मंत्रालय, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, दूरसंचार विभाग और नीति आयोग सहित सदस्य विभागों और मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### इमामी 'अलोफ्रूट' के साथ जूस श्रेणी में, एक्सिओम आयुर्वेद की हिस्सेदार बनी

कोलकाता। इमामी लिमिटेड 'एलोफ्रूट' ब्रैंड लेकर फलों के प्रसंस्कृत रस के बाजर में प्रवेश किया है।

कंपनी ने गुरुवार को इसकी घोषणा करते हुए कहा कि इस खंड में प्रवेश करने के लिए उसने एक्सिओम आयुर्वेद प्राइवेट लिमिटेड ("एक्सिओम") और उसकी सहायक कंपनियों/सहयोगियों में 26 प्रतिशत की हिस्सेदारी ली है। कंपनी ने इस अधिग्रहण की राशि की जानकारी नहीं दी है। एक्सिओम "एलोफ्रूट" ब्रांड के तहत पेय उत्पादों का विपणन करती है। एलोफ्रूट जूस, एलोवेरा और फलों के गूदे के मिश्रण वाला पेय है। इमामी लिमिटेड के वाइस चेयरमैन और एमडी हर्ष वी अग्रवाल ने कहा, हमें रणनीतिक निवेश के माध्यम से एक्सिओम आयुर्वेद के साथ साझेदारी की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। यह 'अलोफ्रूट' के साथ जूस श्रेणी हमारे प्रवेश का प्रतीक है।

# घर बनाने वालों को बड़ा झटका, 1 अक्तूबर से सीमेंट मिलेगा महंगा

नई दिल्ली, एजेंसी। अगर आप घर बनाने की सोच रहे हैं तो यह खबर आपको झटकना देने वाली है। दरअसल, सीमेंट कंपनियां मांग कम होने के बावजूद कार्टेल बनाकर एक बार फिर एक अक्टूबर से 15 रुपए प्रति बोरी की बढ़ोतरी करने जा रही हैं। कंपनियों ने डीलरों को इसकी सूचना दे दी है। सीमेंट कंपनियों का कहना है कि उत्पादन लागत बढ़ जाने के कारण कीमत बढ़ाने जा रहे हैं। अगस्त तक 310 से 320 रुपये बोरी बिकने वाली सीमेंट की कीमत एक सितंबर को एक साथ 50 रुपये बढ़ा देने के बाद रिटेल में प्रति बोरी 360 रुपये पहुंच गई है। अब कंपनियों द्वारा एक बार फिर बढ़ोतरी से यह बाजार में रिटेल में 400 रुपये बोरी तक पहुंच जाएगी। इसका असर निर्माण कार्यों पर पड़ना निश्चित है।



बता दें कि सीमेंट के उत्पादन के मामले में छत्तीसगढ़ देश के प्रमुख राज्यों में शामिल है।

देश की कुल जरूरत का लगभग 20 प्रतिशत सीमेंट का उत्पादन यहां होता है। यहां सीमेंट कंपनियों के 14 प्लांट संचालित हैं, जिनकी वार्षिक उत्पादन क्षमता लगभग 260 लाख टन है।

आंध्र प्रदेश देशभर में सबसे बड़ा सीमेंट उत्पादक राज्य है। राजस्थान दूसरा, कर्नाटक तीसरा, मध्य प्रदेश चौथा सबसे ज्यादा सीमेंट उत्पादक राज्य है। एक अक्टूबर से दाम बढ़ सकते हैं जिस कारण निर्माण कार्यों पर असर पड़ेगा।

वर्तमान में खुले बाजार में सरिया 59 हजार रुपये प्रति टन और फैक्ट्रियों में 56 हजार 500 रुपये प्रति टन बिक रहा है। कारोबारियों का कहना है कि आने वाले दिनों में सरिया की कीमतों में और गिरावट आ सकती है। बीते अप्रैल माह में सरिया 64 हजार रुपये प्रति टन पहुंच गया था।

## टीएमबी के एमडी, सीईओ ने निजी कारणों का हवाला देते हुए दिया इस्तीफा



चेन्नई। तमिलनाडु मर्केंटाइल बैंक लिमिटेड (टीएमबी) ने अचानक हुए घटनाक्रम में गुरुवार देर रात घोषणा की कि उसके प्रबंध निदेशक और सीईओ एस. कृष्णन ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए पद से इस्तीफा दे दिया है। एनएसई और बीएसई के साथ एक नियामक फाइलिंग में टीएमबी के एक बयान में कहा गया है कि उन्होंने बोर्ड बैठक में कागजात रखे हैं और इसे बोर्ड द्वारा स्वीकार कर लिया गया है। फाइलिंग में कहा गया है कि उनका इस्तीफा पत्र आरबीआई को उनके मार्गदर्शन/सलाह के लिए भेज दिया गया है। हालाँकि, श्री कृष्णन तब तक एमडी और सीईओ बने रहेंगे जब तक बैंक को आरबीआई से मार्गदर्शन/सलाह नहीं मिल जाती। श्री कृष्णन लगभग 13 महीने पहले टीएमबी में शामिल हुए थे। हालाँकि, उनका लगभग दो-तिहाई कार्यकाल बाकी है, लेकिन उन्होंने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए अपना इस्तीफा दे दिया।

# वायदा सौदा निपटान पर बाजार ढेर

मुंबई, एजेंसी। विश्व बाजार के कमजोर रुझान और कच्चे तेल की कीमतों में आए उबाल के बीच स्थानीय स्तर पर सितंबर के मासिक वायदा सौदा निपटान को लेकर हुई चौतरफा लिवाली के दबाव में आज शेयर बाजार ढेर हो गया।


बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 610.37 अंक अर्थात 0.92 प्रतिशत का गोता लगाकर 66 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 65508.32 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 192.90 अंक यानी 0.98 प्रतिशत की गिरावट लेकर 19523.55 अंक पर आ गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.19 प्रतिशत लुढ़ककर 31,923.84 अंक और स्मॉलकैप 0.34 प्रतिशत उतरकर 37,347.57 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3790 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2050 में गिरावट जबकि 1613 में तेजी रही वहीं 127 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 42 कंपनियां लाल जबकि शेष आठ हरे निशान पर रही।

बीएसई में दूरसंचार और कैपिटल गुड्स समूह की 0.29 प्रतिशत की तेजी को छोड़कर शेष 18 में गिरावट रही। कमोडिटीज 1.21, सीडी 1.15, ऊर्जा 0.78, एफएमसीजी 1.74, वित्तीय सेवाएं 0.63, हेल्थकेयर 0.69, इंडस्ट्रियल्स 0.02, आईटी 1.84, यूटिलिटीज 0.21, ऑटो 1.24, बैंकिंग 0.49, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.29, धातु 1.05, तेल एवं गैस 0.82, पावर 0.49, रियल्टी 0.98, टेक 1.49 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.89 प्रतिशत लुढ़क गए।

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बिकवाली का दबाव रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.53, जर्मनी का डैक्स 0.05, जापान का निक्केई 1.54 और हांगकांग का हैंगसेंग 1.36 प्रतिशत लुढ़क गया जबकि चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.10 प्रतिशत की तेजी रही।

कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 287 अंक की छलांग लगाकर 66,406.01 अंक पर खुला और यही इसका दिवस का उच्चतम स्तर पर भी रहा। इसके बाद हुई बिकवाली के दबाव में यह



लगातार गिरता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 65,423.39 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 66,118.69 अंक के मुकाबले 0.92 प्रतिशत की गिरावट लेकर 65,508.32 अंक पर रहा।

निफ्टी भी 45 अंक की बढ़त के साथ 19,761.80 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,766.65 अंक के उच्चतम जबकि 19,492.10 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,716.45 अंक की तुलना में 0.98 प्रतिशत लुढ़ककर 19,523.55 अंक पर आ गया।

इस दौरान सेंसेक्स की गिरावट पर रही 25 कंपनियों में टेक महिंद्रा ने सबसे अधिक 4.59 प्रतिशत का नुकसान उठाया। साथ ही बिकवाली की शिकार हुई प्रमुख कंपनियों में एशियन पेंट 3.97, विप्रो 2.36, महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.10, इंफोसिस 1.91, आईटीसी 1.87, कोटक बैंक 1.86, रिलायंस 1.48, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 1.46, टीसीएस 1.40, टाटा स्टील 1.09, टाटा मोटर्स 1.04, एचसीएल टेक 1.02, मारुति 1.01, नेस्ले इंडिया 1.00, एनटीपीसी 0.65, एचडीएफसी बैंक 0.28, सन फार्मा 0.22 और आईसीआईसीआई बैंक 0.05 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, एलटी 1.69, पावरग्रिड 0.73, भारती एयरटेल 0.59, एक्सिस बैंक 0.39 और एसबीआई ने 0.08 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं

नयी दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में गुरुवार को कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे।

तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

वैश्विक स्तर पर सप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 0.01 प्रतिशत फिसलकर 93.67 डॉलर प्रति बैरल रह गया।

# छोटे कारोबार से 2030 तक 4.59 करोड़ रोजगार का अनुमान

नयी दिल्ली, एजेंसी। भारत में क्लाउड-इनेबल्ड टेक्नोलॉजीज अपनाने वाले स्मॉल बिजनेस द्वारा 2030 तक स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और कृषि क्षेत्रों में 1.6 लाख करोड़ रुपए तक का वार्षिक उत्पादकता लाभ प्राप्त किए जाने और 4.59 करोड़ नौकरियों का सृजन किए जाने की उम्मीद है, जो भारत में 9 प्रतिशत नौकरियों के बराबर होगा।

अमेजन वेब सर्विस (एडब्लूएस) ने आज एक नई रिपोर्ट जारी की, जिसमें यह दावा किया गया है। एडब्लूएस ने सामाजिक समस्याओं को हल करने वाले स्मॉल बिजनेस (250 से कम कर्मचारियों वाले बिजनेस) के लिए क्लाउड पर जाने के संभावित लाभों का परीक्षण करने के लिए "क्लाउड-इनेबल्ड इकोनॉमीः हाउ क्लाउड ड्राइव्स इकोनॉमिक एंड सोसायटल इंपैक्ट थ्रू स्मॉल बिजनेसेजह्व नामक रिपोर्ट को जारी किया है। ग्लोबल प्रोफेशनल सर्विसेज फर्म, एक्सेंचर द्वारा तैयार इस रिपोर्ट में 2030 में क्लाउड-



इनेबल्ड इकोनॉमी का पूवार्नुमान लगाने के लिए क्लाउड एडॉप्शन लेवल की ऑर्गेनाइजेशन फॉर इकोनॉमिक कोऑपरेशन एंड डेवलपमेंट (ओईसीडी) परिभाषा का उपयोग किया गया है, जिसमें 90 प्रतिशत व्यवसाय कम से कम एक बुनियादी स्तर की क्लाउड टेक्नोलॉजी अपनाते हैं।


इस रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में सभी व्यवसायों के लिए कम से कम बुनियादी क्लाउड, जैसे कि वेब-आधारित ईमेल सेवाओं या क्लाउड-आधारित स्टोरेज समाधान का उपयोग करने की मौजूदा दर 28 प्रतिशत है। हालाँकि यह रिपोर्ट इंटरमीडिएट एप्लिकेशंस जैसे कस्टमर रिलेशनशिप मैनेजमेंट या एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग टूल्स के उपयोग और जटिल टास्क जैसे फ्रॉड डिटेक्शन या सप्लाई चैन फोरकास्टिंग के लिए जेनरेटिव एआई और मशीन लर्निंग सहित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसी उन्नत एप्लिकेशंस के उपयोग द्वारा उत्पन्न होने वाले अवसरों पर प्रकाश डालती है।

इस रिपोर्ट में कहा गया है कि क्लाउड पर मूव करके छोटे व्यवसाय अर्थव्यवस्था और समाज को ठोस लाभ पहुंचा सकते हैं। क्लाउड पर मूव करने से रिमोट चिकित्सा परामर्श संभव हो सकता है, शिक्षा की उपलब्धता में सुधार हो सकता है, कृषि क्षमता में वृद्धि हो सकती है एवं अन्य लाभ मिल सकते हैं, जिनसे संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य (यूएन एसडीजी) प्राप्त करने में मदद मिल सकती है।

# वनवेब और यूटेलसैट का हुआ विलय

**नयी दिल्ली।** सैटेलाइट ऑपरेटर यूटेलसैट कम्युनिकेशंस एस ने आज वैश्विक लो अर्थ ऑर्बिट (एलईओ) सैटेलाइट संचार नेटवर्क, वनवेब के साथ अपने सभी-शेयर संयोजन को पूरा करने की घोषणा की।

यह विलय यूटेलसैट शेयरधारकों की बैठक में स्वीकृति के बाद किया गया। पेरिस स्थित मुख्यालय में विलय की गई इस कंपनी में 21.2 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ भारती एंटरप्राइजेज सबसे बड़ी शेयरधारक होगी। भारती समूह, यूटेलसैट समूह में रणनीतिक निवेशक बनने के लिए प्रतिबद्ध है। सुनील भारती मित्तल उपाध्यक्ष (सह-अध्यक्ष) होंगे और श्री श्रविन भारती मित्तल, जिन्होंने वनवेब निवेश का नेतृत्व किया, यूटेलसैट के बोर्ड में निदेशक के रूप में भारती के नेतृत्वकर्ता होंगे। श्री अखिल गुप्ता वनवेब के बोर्ड में निदेशक के रूप में काम करना जारी रखेंगे, जो अब यूटेलसैट की 100




प्रतिशत सहायक कंपनी है। वनवेब एक सहायक कंपनी होगी जो व्यावसायिक रूप से यूटेलसैट वनवेब के रूप में काम करेगी और इसका परिचालन केंद्र लंदन में रहेगा। कंपनी यूरोनेक्स्ट पेरिस स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध है और उसने लंदन स्टॉक एक्सचेंज में मानक सूचीकरण के लिए आवेदन किया है। यूटेलसैट समूह के नाम से नामित, नई कंपनी पहली जीईओ एलईओ एकीकृत सैटेलाइट समूह होगा, जो अंतरिक्ष संचार को बदल देगा और तेजी से बढ़ते कनेक्टिविटी बाजार को संबोधित करेगा।

भारती एंटरप्राइजेज के संस्थापक और अध्यक्ष, यूटेलसैट समूह के निदेशक मंडल के उपाध्यक्ष (सह-अध्यक्ष) सुनील भारती मित्तल ने विलय पर कहा, संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए डिजिटल विभाजन को खतम करना एक महत्वपूर्ण मिशन है और यह संयोजन दोनों व्यवसायों के प्रयासों में तालमेल बिठाएगा और हमारी प्रगति को गति देगा।

मैं उन सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने इसे संभव बनाया है। आज हमने एक कंपनी बनाई है, जो दुनिया भर के लोगों तक कनेक्टिविटी पहुँचाने का काम करेगी।

भारती इस वर्ष के अंत में भारत में सेवाएं प्रदान करने और महत्वपूर्ण रूप से ग्लोबल साउथ के अन्य देशों में पहुंचकर उन लोगों को ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान करने को लेकर उत्साहित है जो डिजिटल क्रांति का हिस्सा बनने से वंचित हैं।

वर्ल्ड कप क्रिकेट मैच में धमकी मामला

# नरेन्द्र मोदी स्टेडियम की सुरक्षा के लिए विभिन्न एजेंसियां अलर्ट

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में वर्ल्ड कप क्रिकेट मैच के दौरान खालिस्तानी आतंकियों की धमकी को लेकर राज्य की पुलिस के साथ केन्द्रीय एजेंसी अलर्ट है।

खालिस्तानी आतंकी ने ऑडिया क्लिप वायरल कर स्टेडियम में खालिस्तानी झंडा फहराने की धमकी दी है। मामले की गंभीरता को लेकर गुजरात पुलिस ने केन्द्रीय एजेंसियों से मदद मांगी है। इसके बाद अब केन्द्र की विभिन्न जांच एजेंसी एनआईए, रॉ और सेंट्रल आईबी मिलकर मामले की जांच करेगी।

इस मामले में अहमदाबाद साइबर क्राइम के साथ देश की टॉप जांच एजेंसी मिलकर काम करेगी। अहमदाबाद साइबर क्राइम ने खालिस्तानी समर्थक पन्नू के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। इस केस में अब देश की टॉप जांच एजेंसी एनआईए, रॉ, सेंट्रल आईबी शामिल हो गई है। इसके लिए




प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। अहमदाबाद साइबर क्राइम के डीसीपी अजीत राजियाण ने मीडिया को बताया कि साइबर क्राइम के साथ अब सेंट्रल की जांच एजेंसियां जुड़ कर काम करेगी।

खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की ओर से जारी ऑडियो क्लिप में कहा गया है कि क्रिकेट वर्ल्ड कप नहीं, बल्कि 5 अक्टूबर से टेरर वर्ल्ड कप शुरू होगा। अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम स्टेडियम में मैच के दिन महज खालिस्तान का झंडा ही देखने को मिलेगा। हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का बदला लिया जाएगा। पन्नू की ऑडियो उसके समर्थकों ने अलग-अलग आईडी से वायरल की है। यह दावा भी किया गया है कि यह ऑडियो पन्नू ने खुद जारी किया है।

आगामी 5 अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में वर्ल्ड कप क्रिकेट के पहले मैच में खालिस्तानी आतंकी संगठन की घमकी पर अहमदाबाद साइबर क्राइम ब्रांच में प्राथमिकी दर्ज की गई है। खालिस्तानी आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस के आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने वर्ल्ड कप क्रिकेट मैच को लेकर धमकी दी है।

क्रिकेट वर्ल्ड कप की शुरूआत आगामी 4 अक्टूबर को होगी। पहले दिन अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में वर्ल्ड कप की ओपनिंग सेरेमनी होगी। इसके बाद 5 अक्टूबर को इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच पहला मैच खेला जाएगा।

# दस हजार मीटर रेस में भारत को मिले दो पदक

**हांगझोउ।** भारत के लंबी दूरी के धावक कार्तिक कुमार ने एशियन गेम्स 2023 में शनिवार को पुरुषों की 10000 मीटर रेस में रजत पदक जीता, जबकि गुलवीर सिंह ने उसी स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया।

1998 में बैंकॉक में गुलाब चंद के कांस्य पदक के बाद एशियाई खेलों में 10000 मीटर में भारत का यह पहला पदक था। एशियन गेम्स के स्वर्ण पदक विजेता और 5000 मीटर स्पर्धा में डायमंड लीग विजेता बहरीन के बिरहानु बालेव ने 28:13.62 समय के साथ स्वर्ण पदक जीता।

कार्तिक कुमार 28:15.38 के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे और उनके बाद गुलवीर सिंह 28:17.21 समय के साथ रहे। दोनों भारतीय एथलीटों ने अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ पदक जीते।

इन दो पदकों के साथ एशियन गेम्स 2023 में एथलेटिक्स मेडल टैली में भारत के पदकों की संख्या तीन हो गई है। इससे पहले किरण बालियान ने शुक्रवार को महिलाओं



की शॉट पुट स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था।

26 वर्षीय गुलवीर सिंह ने इस साल की शुरूआत में एशियाई चैंपियनशिप में 5000 मीटर में कांस्य पदक जीता था, वहीं 24 वर्षीय कार्तिक कुमार के लिए यह किसी भी बड़े इवेंट में पहला पदक है।

इसके अलावा ऐश्वर्या कैलाश मिश्रा ने 400 मीटर हीट में 52.73 सेकेंड के समय के साथ अपने सीजन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया, लेकिन फाइनल में वह 53.50 के समय के साथ चौथे स्थान पर रहीं। वहीं, बहरीन की ओलुवाकेमी मुजिदत अडेकोया (50.66), सलवा ईद नसेर (50.92) और मलेशिया की शेरेन वल्लाबौय (52.58) ने पोडियम पर जगह बनाई।

विश्व चैंपियनशिप 2023 में भारत की एशियाई रिकॉर्ड रिले टीम के सदस्य मोहम्मद अजमल पुरुषों के 400 फाइनल में 45.97 के समय के साथ पांचवें स्थान पर रहे।

## एक नजर

### मीराबाई चानू 49 किग्रा स्पर्धा में चौथे स्थान पर




**हांगझोउ।** ओलंपिक पदक विजेता और भारत की स्टार भारोत्तोलक मीराबाई चानू को 19वें एशियाई खेलों में शनिवार को महिलाओं की 49 किग्रा स्पर्धा में चौथे स्थान पर संतोष करना पड़ा।

स्नैच में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद चानू दबाव में थीं और क्लीन एवं जर्क में 117 किग्रा वजन उठाने की कोशिश कर रही थीं जिससे वह कांस्य पदक जीत सकती थीं लेकिन दो बार ऐसा करने में विफल रहीं। अंतिम प्रयास में वह अपनी पीठ के बल गिर गयीं और उन्हें स्टेज से उठाकर ले जाना पड़ा।

स्नैच वर्ग में वह केवल 83 किग्रा का ही वजन उठा सकीं और 86 किग्रा उठाने के दो प्रयासों में विफल रहीं।

### एशियाड: टेबल टेनिस में पहली बार महिला युगल पदक पक्का




**हांगझू।** सुतीर्था मुखर्जी और अयहिका मुखर्जी ने शनिवार को यहां क्वार्टर फाइनल में मौजूदा विश्व चैंपियन चेन मेंग और वांग यिडी को हराकर एशियाई खेलों में महिला युगल टेबल टेनिस स्पर्धा में अपना पहला पदक पक्का किया।

आठवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने 11-5, 11-5, 5-11, 11-9 से जीत दर्ज की। एशियाई खेलों में भारत का यह अब तक का तीसरा पदक होगा। इससे पहले जकार्ता में 2018 के एशियाई खेल में पुरुष टीम और मिश्रित युगल शरथ कमल और मनिका बत्रा ने कांस्य पदक जीता था।

महिला युगल टेबल टेनिस सेमीफाइनल में सुरतीर्था और अयहिका का मुकाबला डीपीआर कोरिया की सुयोंग चा और सुगयोंग पाक से होगा।

अयहिका ने कहा, मैच वास्तव में अद्भुत था (और) हम बिल्कुल भी डरे हुए नहीं थे। वे (चीनी खिलाड़ी) अद्भुत हैं, दुनिया के सर्वश्रेष्ठ हैं, लेकिन हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे थे।

### स्क्वैश: पाकिस्तान को हराकर भारत ने जीता सोना

**हांगझोउ।** एशियन गेम्स में भारतीय पुरुष स्क्वैश टीम ने शनिवार को खिताबी मुकाबले में पाकिस्तान को 2-1 से हरा कर स्वर्ण पदक अपनी झोली में डाल लिया।

हांगझोउ ओलंपिक सेंटर में सौरव घोषाल, महेश मनगांवकर और अभय सिंह की टीम ने रोमांचक मैच में पाकिस्तान को 2-1 से हराकर भारत को स्वर्ण पदक दिलाया। पाकिस्तान के इकबाल नासिर ने भारत के महेश मनगांवकर को 3-0 (11-8, 11-3, 11-2) से हराकर मुकाबले की शुरूआत की, लेकिन अगले ही मुकाबले में भारतीय खिलाड़ी सौरव घोषाल ने मोहम्मद आसिम खान को 3-0 (11-5, 11-1, 11-3) से बराकर भारत को बराबरी दिलाई।

आखिरी मुकाबले में अभय सिंह और जमान नूर के बीच काफी रोमांक गेम देखने को मिला और अंत में भारतीय खिलाड़ी ने पाकिस्तान स्क्वैश खिलाड़ी को 3-1 (11-7, 9-11, 8-11, 11-9, 12-10) से हराकर यह मुकाबला भारत के पक्ष में कर दिया।

भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी एक अक्टूबर से एकल और मिश्रित युगल स्पधाओं में भाग लेंगे।

गौरतलब है कि साल 2010 के एशियन गेम्स में पुरुष इवेंट को शामिल किया गया था और तब से भारत की पुरुष टीम ने इस मल्टी-स्पोर्ट इवेंट के हर संस्करण में पदक अपने नाम किया है। भारत ने इस इवेंट में इससे पहले अपना पहला स्वर्ण पदक जीता था, जिसे इंचियोन 2014 में हासिल किया था।

# डब्ल्यूपीएल : आरसीबी ने बिग बैश विजेता ल्यूक विलियम्स को मुख्य कोच नियुक्त किया

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने ऑस्ट्रेलिया के ल्यूक विलियम्स को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के आगामी सीजन के लिए टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है।

एडिलेड में जन्मे 43 वर्षीय पूर्व क्रिकेटर ने दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेला है। एडिलेड स्ट्राइकर्स के मुख्य कोच के रूप में अपने चार सीजन के कार्यकाल में, विलियम्स ने दो उपविजेता रहने के बाद 2022-2023 में टीम को पहली महिला बिग बैश लीग का खिताब दिलाया।

साउदर्न ब्रेव के साथ सहायक कोच के रूप में जुड़े ल्यूक ने प्रदर्शन-उन्मुख दृष्टि के साथ किस्मत बदल दी और टीम को उनकी पहली महिला हंड्रेड चैम्पियनशिप का खिताब दिलाया।

उन्होंने महिला राष्ट्रीय क्रिकेट लीग (50 ओवर) में साउथ ऑस्ट्रेलियन स्कॉर्पियन्स के साथ



चार साल बिताए और उनके मार्गदर्शन में टीम दो मौकों पर उपविजेता रही। वह इस साल की शुरूआत में इंग्लैंड का दौरा करने वाली ऑस्ट्रेलिया ए टीम के मुख्य कोच थे।

इस अवसर पर, डियाजियो इंडिया के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी और आरसीबी के अध्यक्ष प्रथमेश मिश्रा ने कहा, "मैं ल्यूक विलियम्स का हार्दिक स्वागत करता हूं क्योंकि वह आरसीबी महिला टीम की कमान संभाल रहे हैं। उनकी विशेषज्ञता और नेतृत्व के साथ, हमारा लक्ष्य है रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की भावना को मूर्त रूप देना, साहसपूर्वक खेलना और दृढ़ संकल्प, जुनून और उत्कृष्टता की निरंतर खोज से भरी यात्रा शुरू करना, जिसका लक्ष्य हमारे प्रशंसकों और समर्थकों को गौरवान्वित करना है।"

वहीं, विलियम्स ने कहा, मैं आरसीबी के साथ यह अवसर मिलने पर रोमांचित हूं और डब्ल्यूपीएल के दूसरे सीजन के लिए टीम के साथ तैयारी शुरू करने का और इंतजार नहीं कर सकता। मैं एक ऐसे खेल समूह के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं जो भारतीय और विश्व क्रिकेट के कई सबसे रोमांचक खिलाड़ियों की मेजबानी करेगा क्योंकि हम अपने विशाल और भावुक प्रशंसक आधार के लिए खेल की एक साहसिक और रोमांचक शैली और सफलता लाना चाहते हैं।

आरसीबी आगे आने वाले अवसरों को लेकर उत्साहित है और आगामी सीजन के लिए एक

# भारत ने दक्षिण कोरिया को पुरुष बैडमिंटन में हराया



**हांगझोउ।** भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम ने शनिवार को इतिहास रचते हुए दक्षिण कोरिया को रोमांचक मुकाबले में 3-2 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में पुरुष बैडमिंटन मुकाबले में मिली इस जीत के साथ भारतीय टीम का इस स्पर्धा में एक पदक पक्का हो गया है। आज हुए मुकाबलों में भारत की ओर से एचएस प्रणॉय, लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत ने अपने-अपने मैच जीते तो वहीं सात्विक-चिराग और ध्रुव कपिला-एमआर अर्जुन की जोड़ी को हार का सामना करना पड़ा।

भारतीय शीर्ष पुरुष शटलर एचएस प्रणॉय ने जीत के साथ सेमीफाइनल मैच की शुरूआत की। मुकाबले के पहले गेम में पिछड़ने के बावजूद प्रणॉय ने दक्षिण कोरिया के ह्योकजिन जीन को बाद के दो गेम में मात देकर भारतीय पुरुष टीम को शानदार शुरूआत दिलाई। प्रणॉय ने पहले मैच को 18-21, 21-16, 21-19 से अपने नाम किया।

दूसरे मुकाबले में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी को कोरिया के गेम सेउंगजे सिओ और मिनहुक कांग से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा।

पहले मुकाबले में भारतीय पुरुष युगल जोड़ी को कोरिया की जोड़ी ने आसानी से हरा दिया लेकिन दूसरे गेम में सात्विक-चिराग की जोड़ी ने शानदार खेल दिखाते हुए मैच में वापसी करने का पूरा प्रयास किया लेकिन उन्हें करीबी मुकाबले में 26-24 से हार का सामना करना पड़ा। अब मुकाबला 1-1 की बराबरी पर पहुंच गया। अगला मैच भारतीय युवा शटलर लक्ष्य सेन का था। राष्ट्रमंडल खेल 2022 के चैंपियन ने कोरिया के युनग्यू ली को सीधे मुकाबले में हराकर भारतीय टीम की वापसी करवा दी। लक्ष्य ने अपने दोनों मुकाबले शानदार प्रदर्शन करते हुए जीते। पहले गेम में उन्होंने 21-7 से जीत हासिल की तो वहीं दूसरे गेम को 21-9 से जीतकर भारतीय टीम को 2-1 की बढ़त दिला दी।

फाइनल में प्रवेश करने के लिए भारतीय पुरुष टीम के लिए चौथा मैच बेहद महत्वपूर्ण था। भारत 2-1 से आगे चल रहा था और अगर इस मैच में भारत के ध्रुव कपिला और एमआर अर्जुन की पुरुष युगल जोड़ी जीत जाती तो भारतीय टीम फाइनल में प्रवेश कर लेती। लेकिन इस मैच की शुरूआत भारतीय टीम के अपेक्षाओं के अनुसार नहीं रही। पहले गेम में ध्रुव और अर्जुन की जोड़ी को 21-16 से हार का सामना करना पड़ा। दूसरे गेम में भी भारतीय जोड़ी को कोरिया के खिलाफ निराशा हाथ लगी।

निर्णायक और अंतिम मुकाबले में अब सारा दारोमदार भारत के अनुभवी शटलर किदांबी श्रीकांत पर था, लेकिन श्रीकांत को भी पहले गेम में हार का सामना करना पड़ा। कोरियाई शटलर जियोनीओप चो ने भारतीय खिलाड़ी को पहले गेम में 21-12 से हराया। दूसरे गेम में किदांबी श्रीकांत ने वापसी करते हुए कोरियाई बैडमिंटन खिलाड़ी को 21-16 से हराकर मैच में वापसी कर ली। भारतीय शटलर ने निर्णायक गेम में शुरूआती अंक हासिल कर शानदार आगाज किया। इसके बाद वह लगातार कोरियाई शटलर पर दबाव बनाते रहे और तीसरे गेम को जीत कर भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम को फाइनल में पहुंचा दिया।

उल्लेखनीय है कि पहले राउंड में भारतीय बैडमिंटन टीम को बाई मिला था जबकि क्वार्टरफाइनल में नेपाल को 3-0 से हराकर टीम ने सेमीफाइनल में जगह बनाई थी।

भारतीय टीम फाइनल में रविवार को चीन के खिलाफ स्वर्ण पदक के लिए अपनी दावेदारी पेश करेगी। वहीं एकल, युगल और मिश्रित युगल स्पर्धा दो अक्टूबर से शुरू होंगे। भारत ने आखिरी बार 37 साल पहले एशियन गेम्स के पुरुष टीम स्पर्धा में पदक जीता था। सैयद मोदी के नेतृत्व में भारतीय टीम ने सियोल 1986 में कांस्य पदक जीता था।

# लवलीना ने जीता भारतीयों का दिल, प्रीति ने भी गोल्डेन टिकट की अर्जी लगायी

**हांगझाउ।** टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता और मौजूदा विश्व चैंपियन लवलीना बोरगोहेन ने एशियाई खेल के बॉक्सिंग में महिलाओं के 75 किग्रा सेमीफाइनल में जगह बना कर भारत के लिये एक पदक सुनिश्चित कर दिया।

लवलीना ने शनिवार को क्वार्टरफाइनल में कोरिया की सुयेओन सियोंग को सर्वसम्मत निर्णय (5-0) से हराकर अंतिम चार में अपना स्थान पक्का किया। भारतीय मुक्केबाज ने मुकाबले की शुरूआत से ही प्रतिद्वंदी मुक्केबाज पर दबाव बनाए रखा और अपने फुटवर्क का बेहतरीन इस्तेमाल करते हुए राइट हैंड जैब का बखूबी इस्तेमाल किया और इस मुकाबले को अपने नाम कर लिया।

एक अन्य मुकाबले में भारतीय मुक्केबाज प्रीति पवार ने महिलाओं के 54 किग्रा क्वार्टरफाइनल में कजाकिस्तान की जैना शेकेरबेकोवा को 4-1 से हरा कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। इसके साथ ही प्रीति पवार ने भारत के लिए अगले



साल होने वाले पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा भी हासिल किया।

ज्ञातव्य है कि नेशनल ओलंपिक कमेटी के पास ओलंपिक खेलों में अपने संबंधित देशों के प्रतिनिधित्व के लिए विशेष अधिकार है। पेरिस खेलों में एथलीटों की भागीदारी उनकी एनओसी पर निर्भर करती है, जो उन्हें पेरिस 2024 में अपने प्रतिनिधिमंडल का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुनती है।

लवलीना बोरगोहेन 75 किग्रा में प्रतिस्पर्धा कर रही हैं, इसलिए उन्हें पेरिस 2024 कोटा हासिल करने के लिए अभी भी एक और मुकाबला जीतने की जरूरत है। प्रीति पवार को कजाकिस्तान प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। भारतीय मुक्केबाज ने शुरूआती राउंड में मामूली अंतर से जीत हासिल की, लेकिन जैना शेकेरबेकोवा ने दूसरे राउंड में शानदार वापसी की। तीसरे राउंड में दोनों मुक्केबाज आगे बढ़ रहे थे, लेकिन इस बीच प्रीति ने इस मुकाबले को अपने नाम करने के लिए कई बेहतरीन पंच जड़े।

# पुरुष हॉकी में भारत ने पाकिस्तान को 10-2 से पीटकर सेमीफाइनल में

**हांगझोउ।** कप्तान हरमनप्रीत की हैट्रिक और आक्रामक खेल शैली की बदौलत भारत ने शनिवार को एकतरफा मुकाबले में पाकिस्तान को 10-2 से पीट कर सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया है।

आज यहां पाकिस्तान के साथ पूल ए के मुकाबले में भारतीय टीम शुरूआत में ही आक्रामक अंदाज में दिखी। मनदीप सिंह ने 8वें मिनट में गोल दागकर भारत को 1-0 से बढ़त दिलाई। इसके बाद अभिषेक और मनदीप सिंह ने आपस में बेहतरीन तालमेल बनाया और मनदीप ने सिंह ने विपक्षी गोलकीपर को चकमा देते हुए शानदार गोल किया जबकि हरमनप्रीत सिंह ने




11वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में तब्दील कर भारत की बढ़त को 2-0 तक पहुंचा दिया। पहले क्वार्टर की समाप्ति तक भारत ने 2-0 से बढ़त बना ली।

दिलचस्प बात यह है कि ललित कुमार उपाध्याय भारत के लिए अपना 150वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे हैं। इस भारतीय फॉरवर्ड ने 2014 हॉकी विश्व कप में भारत के लिए डेब्यू किया था। 29 वर्षीय खिलाड़ी 2018 एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा थे। वह टोक्यो 2020 के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भी हैं।

भारतीय टीम अभी तक पूरी तरह से पाकिस्तान के ऊपर हावी दिख रही है। दूसरे क्वार्टर में ललित कुमार ने गोल करने का एक मौका बनाया, लेकिन उनका प्रयास साइड नेटिंग से टकराकर असफल हो गया।

दूसरे क्वार्टर के आखिरी लम्हों में सुमित ने गोलकर भारत को 4-0 से बढ़त दिलाई। इस तरह पहले हाफ की समाप्ति तक भारत ने एकतरफा अपनी बढ़त बरकरार रखी और पाकिस्तान टीम को एक भी गोल नहीं करने दिया।

तीसरे क्वार्टर की शुरूआत से ही भारत ने पजेशन अपने पास बनाए रखा और एक पेनल्टी स्ट्रोक हासिल कर लिया, जिसने हरमनप्रीत सिंह ने एक बार इसे गोल में तब्दील कर अपनी गोल की हैट्रिक पूरी की।

भारत ने इसके अगले ही मिनट में एक पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर स्कोर को 6-0 पहुंचा दिया। भारत बनाम पाकिस्तान मुकाबले में हरमनप्रीत सिंह का एक बार फिर दबदबा देखने को मिला।

पाकिस्तान टीम ने तीसरे क्वार्टर में एक पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील कर अपनी टीम का खाता खोला। पाकिस्तान के लिए यह गोल मुहम्मद सुफियान खान ने 38वें मिनट में किया। पाकिस्तान ने मैच में अपना तीसरा पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया, लेकिन भारतीय डिफेंस के आगे वे उसे गोल में तब्दील करने में असफल रहे।

मुकाबले के 41वें मिनट में वरुण कुमार ने पाकिस्तानी डिफेंस को चकमा देकर फील्ड गोल किया। इस तरह भारत ने 7-1 से अपनी बढ़त बरकरार रखी। तीसरे क्वार्टर के आखिरी लम्हों में पाकिस्तान ने एक और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील कर अपने स्कोर में इजाफा किया।

# मानसिक चेतना से जुड़ी बीमारी कोमा

**चिकित्सा क्षेत्र में कोमा व्यक्ति की मानसिक चेतना से जुड़ी बीमारी है, जो सिर पर गहरी चोट लगने या किसी लम्बी दिमागी बीमारी के फलस्वरूप होती है। कोमा में रोगी की चेतना खत्म हो जाती है। अगर रोगी कोमा से शीघ्र बाहर नहीं आता तो उसके लिए जानलेवा भी हो सकता है।**

**कोमा को** मेडिकल में अनकॉन्श्यस माइंड या चेतनाहीन दिमाग कहते हैं। सामान्यत: कोमा गहरी नींद की स्थिति होती है, जिससे व्यक्ति को जगाया नहीं जा सकता और न ही उस पर दर्द या रोशनी आदि का कोई प्रभाव पड़ता है। कोमा में व्यक्ति का दिमाग चलता रहता है, उसे सुनाई और दिखाई भी देता है, पर उसका शारीरिक बल खत्म हो जाता है। इसके बहुत से कारण होते हैं, पर सबसे बड़ा कारण सिर पर गहरी चोट लगना है। कोमा कितने लंबे समय तक रहेगा, ये उसके होने का कारण, स्थान, फैलाव और मस्तिष्क के नुकसान की गंभीरता पर निर्भर रहता है। कोमा कुछ घंटों से कुछ महीनों तक रह सकता है। और उसकी समाप्ति, ठीक होकर या स्थाई निर्जीव अवस्था या मौत होकर हो सकती है। कुछ लोग, जो कोमा से बाहर आते हैं, उनमें स्थाई शारीरिक या मानसिक विकलांगता रहती है। कुछ लोगों को स्वास्थ्य लाभ के लिए कई साल लगते हैं और कुछ अपेक्षाकृत जल्दी ठीक होते हैं।



## कोमा के लक्षण

एक कोमा में व्यक्ति अचेत और संवाद करने में असमर्थ होता है या वह प्रकाश, ध्वनि या दर्द का जवाब नहीं देता। व्यक्ति उसके हाथ और पैर असामान्य तरीके से फैला सकता है, लेकिन वो उद्देश्यपूर्ण गतिविधि प्रदर्शित नहीं करता। एक गहरे कोमा में, मस्तिष्क के सांस पर नियंत्रण रखने वाले क्षेत्र प्रभावित हो सकते हैं, और एक कृत्रिम श्वांस यंत्र (एक यांत्रिक श्वास मशीन) की व्यक्ति को जीवित रखने के लिए आवश्यकता हो सकती है।

## प्रमुख कारण

किसी दुर्घटना में शरीर व सिर पर गहरी चोट लगना।
केंद्रीय तंत्रिका तंत्र में जैब रोग हो जाना।
मधुमेह या यूरीमिया जैसे रोग बढ़ना।
किसी दवाई, कार्बनडाई आक्साइड, कार्बन मोनोआक्साइड आदि के प्रभाव के कारण।
बहुत अधिक मात्र में क्लोरोफॉर्म सूंघने पर।

# अनेक रोगों की दवा-इमली




पुरानी इमली बहुत ही गुणकारी होती है। सूखी पुरानी इमली संदीपक, भेदक, हल्की, हृदय के लिए हितकारी, कफ एवं वात रोगों में पथ्यकारी तथा कृमिनाशक होती है। इसके बीज संग्रहणी, अतिसार, रक्तार्श, सोमरोग, प्रदर, प्रेमह, बिच्छू आदि विषैले जीवों के काटने के दर्द में उपयोगी है। इमली को हमेशा पानी में कांच या मिट्टी के पात्र में ही भिगोना चाहिये, तांबा, पीतल, कांसा या लोहे के पात्र में कभी नहीं।

## इन बीमारियों को भगाएगी दूर

**कब्ज** : बहुत पुरानी इमली का शर्बत बनाकर पीने से कब्ज दूर होती है।
**खाज-खुजली** : इमली के बीज नींबू के रस में पीसकर लगाने से खाज दूर होती है।
**लू लगना** : गर्मी में एकदम बाहर निकलने से शरीर का जलीयांश शुष्क होकर तीव्र ज्वर हो जाता है। इसे लू लगना कहते हैं। इससे बचने के लिए लू के समय बाहर निकलने पर इमली का शर्बत पी लेने पर लू की आशंका नहीं रहती।
**स्वप्नदोष** : इमली के बीजों को चौगुने दूध में भिगोकर रख दें। दो दिन बाद छिलका निकालकर पीस लें। प्रतिदिन सुबह-शाम इसका सेवन करने से धातु पुष्ट होती है और स्वप्नदोष दूर होता है।
**नपुंसकता** : इमली के बीजों की गिरी, वटजटा, सिंघाड़ा, तालमखाना, कमरकस, कतीरागोंद, बबूल का गोंद, बीजबंद, समुद्रदोष, तुख्यमलंगा, कौंच के बीच, रीठे की गिरी, छोटी इलाइयची प्रत्येक को 10-10 ग्राम की मात्रा में लेकर बारीक चूर्ण बना लें और समभाग मिश्री की चाशनी मिलाकर जमा दें। सुबह-शाम 6-6 माशा सेवन करने से और ऊपर से गाय का दूध पीने से वीर्यहीनता, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन मिटकर नपुंसकता दूर होती है।
**श्वेत प्रदर** : बिना ऋतुकाल स्त्री की योनि से सफेद, लाल नीला, पीला स्राव होता रहे तो यह प्रदर रोग समझना चाहिए। अप्राकृतिक भोजन, अजीर्ण, अतिमैथुन, गर्भस्राव, क्रोध, शोक, चिंता ज्यादा चटपटे पदार्थों के सेवन आदि से यह रोग होता है। यह रोग कई प्रकार का होता है। इससे स्त्री का शरीर दिनों दिन कमजोर और रक्तहीन होता चला जाता है। इससे बचने के लिए लोहे की छोटी कड़ाही या तवे पर थोड़ी रेत डालकर चूल्हे पर चढ़ाकर खूब गर्म करें। बाद में इमली के बीज इसमें डाल दें और कड़छी चलाते रहें। अधभुने हो जाने पर गर्म दशा में ही इनके छिलके निकाल लें। बीजों को लोहे के हमामदस्ते में अच्छी तरह पीसकर चूर्ण बना लें। इस चूर्ण के वजन के बराबर मिश्री या शक्कर मिला लें। प्रात:-सायं 1-2 तोले की मात्रा में गाय के दूध के साथ या पानी से कुछ दिन लगातार सेवन करने से श्वेत प्रदर का रोग समाप्त हो जाता है।

# संभालिए अपने दिल को

**दिल से संबंधित बीमारियां दिनोंदिन बढ़ती जा रही हैं। अब तो हृदय रोग कम उम्र के लोगों में भी होता देखा जा रहा है। उसका मुख्य कारण जीवन में तनाव का बढ़ना है। हम सदैव तनाव से ग्रस्त रहते हैं। दूसरा कारण यह है कि हमारा खान-पान का तरीका गलत होता जा रहा है, जो हृदय रोगों को बढ़ावा दे रहा है।**



**यदि हम** इस रोग पर समय रहते ही ध्यान दें तो हम अपने छोटे से पर महत्वपूर्ण काम करने वाले दिल को संभाल सकते हैं। भारत में मांसाहार बढ़ने के कारण हमारे देश में हृदय में रोग की दर में भी बढ़ोतरी हुई है, जबकि विदेशों में लोग अब शाकाहार की ओर मुड़ रहे हैं। इसलिए उन देशों में हृदय रोग की दर में कमी आ रही है।

## ये रखें सावधानियां

शाकाहारी भोजन का सेवन करना चाहिए। शाकाहारी भोजन हृदय के लिये लाभदायक है।
सरसों का शुद्ध तेल हृदय के लिए अच्छा माना जाता है। इसलिए भोजन में घी-मक्खन के स्थान पर रिफाइंड आयल और सरसों के तेल का ही प्रयोग करना चाहिए।
जो लोग नाश्ते के तुरंत बाद काम के लिए निकल जाते हैं, उन्हें ध्यान रखना चाहिए वे हल्का नाश्ता लें। भारी नाश्ता हृदय पर दबाव डालता है। यदि भारी नाश्ता खाना पड़े तो उसके बाद कुछ आराम करें, तुरंत काम पर न निकलें।
हृदय रोग से बचने के लिए शरीर को सक्रिय रखना बहुत जरूरी होता है। इसलिए व्यायाम और सैर को अपना साथी बना लें। सैर और व्यायाम करते समय मानसिक रूप से शांत रहें। ध्यान भी मानसिक तनाव को कम करता है।
प्रतिस्पर्धा युग होने के कारण जब महत्वाकांक्षाएं पूरी नहीं होतीं तो लोग अक्सर अवसाद और मानसिक तनाव में आ जाते हैं। इसलिए महत्वाकांक्षाएं उतनी रखें, जिनको आप पूरा कर सकें या फिर यह सोच कर प्रयत्न करें कि पूरी नहीं होने पर पुन: उसे पूरा करने का प्रयास करेंगे। निराश नहीं होंगे।
सूर्य की रोशनी जब हरे पत्तों पर पड़ती है, तब प्रकाश संश्लेषण होने से हवा में आक्सीजन की मात्रा बढ़ती है। इसका अर्थ है सुबह अंधेरे और देर रात तक घूमने के लिए न निकलें। सूर्योदय के बाद ही सैर के लिए जाएं।
मानसिक तनाव रक्त की रसायनिक संरचना को बिगाड़ने में मदद करता है। तनावग्रस्त होने से हृदय पर अतिरिक्त जोर पड़ता है, जिससे रक्तचाप बढ़ता है और रक्त में एलडीएल बढ़ जाता है, जो हृदय के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है।
भागदौड़ से स्वयं को दूर रखें। वैसे तो आज की मांग के अनुसार कम समय में अधिक काम करने पड़ते हैं, जिससे भागदौड़ करना स्वाभाविक होता है। भागदौड़ भी हृदय पर अतिरिक्त भार डालता है, जो हृदय हेतु गलत है। कामों को योजनाबद्ध तरीके से करें और काम पर पूरा ध्यान और समय दें, ताकि अंत में भागदौड़ न करना पड़ जाए।
भोजन धीरे-धीरे चबाकर करना चाहिए और पेट को स्वाद के चक्कर में ठूंसना नहीं चाहिए।
अधिक भोजन सेवन करने से और जल्दी भोजन करने से भी हृदय पर जोर पड़ता है।
हृदय के लिए सिगरेट, बीड़ी व शराब पीना सब हानिकारक हैं, इसलिए इन चीजों से परहेज ही करें।




उच्च रक्तचाप और मधुमेह हृदय रोग को बढ़ावा देते हैं। ऐसी शिकायत होने पर शीघ्र ही उचित इलाज करवाएं। रात्रि के खाने के बाद तुरंत टहलना नहीं चाहिए, इससे दिल पर जोर पड़ता है। कोई भी व्यायाम या सैर खाना खाने से पहले ही करें। खाना खाने के बाद कदापि न करें। खाने के बाद कुछ देर विश्राम अवश्य करें।

# कुंवारे रहने से जा सकती है याददाश्त

**यदि आप कुंवारे हैं तो सावधान हो जाइए, क्योंकि अधेड़ उम्र में पहुंचने पर आपकी याददाश्त गायब होने का खतरा हो सकता है। यह बात एक अध्ययन में कही गई है। अध्ययन में यह भी खुलासा हुआ है कि विवाह विच्छेद के बाद अकेले रहने वाले लोगों के जीवन के अंतिम चरण में 'अल्जाइमर' की बीमारी का सामना करना पड़ सकता है।**

**स्वीडन के** कैरोलिंस्का इंस्टीट्यूट की एक टीम ने इस बारे में अध्ययन किया और जीवन के मध्य भाग में जीवन साथी के महत्व का पता लगाया।
अनुसंधाकर्ताओं ने अपने अध्ययन में पाया कि स्त्री-पुरुष तलाक के बाद अकेले रहते हैं उन्हें जिन्दगी के आखरी पड़ाव में 'अल्जाइमर' होने का तीन गुना अधिक खतरा रहता है। अध्ययन में पाया गया है कि कुंवारे तथा तलाकशुदा लोगों और विधुर अथवा विधवाओं में सामाजिक अकेलापन के चलते स्मृति और सुध-बुध खोने जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

## जीवन साथी को रखें खुश

लंदन के अखबार 'डेलीमेल' के अनुसार अध्ययन में एक हजार 498 लोगों को शामिल किया गया और उनसे उनके जीवन के मध्य भाग के संबंधों के स्तर के बारे में पूछा गया। इनसे 21 साल बाद संपर्क किया गया तो पता लगा कि 139 को 'स्मृति लोप' व 48 लोग 'अल्जाइमर' के शिकार पाए गए।

## अकेला रहना पड़ सकता भारी

अनुसंधान टीम ने पाया कि जो लोग जीवन के मध्यम चरण में जीवन साथी के साथ रहते हैं उन्हें अकेले रहने वालों की तुलना में 'स्मृतिलोप' का 50 प्रतिशत कम खतरा रहता है। अध्ययन में पता लगा है कि तलाक के बाद जिन लोगों ने जिन्दगी अकेले गुजारी उन में यह खतरा तीन गुणा अधिक पाया गया।



## पति-पत्नी का बेहतर संबंध

अनुसंधान कर्ताओं का कहना है कि युगल संबंध आमतौर पर सामाजिक और बौद्धिक प्रेरणा का सबसे अच्छा स्वरूप है। यदि सामाजिक और बौद्धिक संबंध स्मृति लोप से रक्षा कर सकता है तो लोगों को अपने जीवन साथी के साथ रहना चाहिए।

# हरी पत्तियों से भगाएं रोगों को

**आयुर्वेद चिकित्सा** शास्त्र में पेड़-पौधों की पत्तियों को जीवन रक्षक बताया गया है। प्राचीनकाल में इन्हीं पत्तियों के सेवन से लोग अपनी बीमारियों को ठीक किया करते थे। आज भी महत्व उतना ही है, जितना प्राचीनकाल में था।

**वृक्षों की पत्तियां अनेक गुणों से परिपूर्ण होती हैं। प्रकृति द्वारा प्रदत्त ये पत्तियां न सिर्फ हरियाली देती हैं, बल्कि इन पत्तियों में स्वास्थ्य रक्षा के अनेक सूत्र भी छिपे होते हैं। इन पत्तियों का उपयोग कर कई रोगों को ठीक किया जा सकता है।**



## अमरूद की पत्तियां

अमरूद के पत्तों को कूटकर, लुगदी बनाकर उसे गर्म करके लगाने से गठिया की सूजन दूर हो जाती है।
अमरूद के पत्तों को पीसकर उसका रस निकालकर उसमें स्वादानुसार चीनी मिलाकर नित्य पीते रहने से स्वप्नदोष की बीमारी में लाभ होता है।
अमरूद की ताजी पत्तियों का रस 10 से 20 मिली तक नित्य सुबह-शाम पीने से ल्यूकोरिया नामक बीमारी में अप्रत्याशित लाभ पहुंचाता है।

## चंपा की पत्तियां

चंपा फूल की पत्तियों को पीसकर उसमें बराबर मात्रा में पानी मिलाकर पीने से पित्त विकार, रक्त विकार एवं पेट के कृमियों में अत्यंत लाभ होता है।
चंपा फूल की पत्तियों को चबाकर रस चूसने से दांत के कीड़े व पायरिया रोग में लाभ होता है।

## अंजीर की पत्तियां

अंजीर की पत्तियों के रस के सेवन से रक्तपित्त, रक्तविकार, वायुविकार आदि का नाश होता है तथा शरीर पुष्ट होता है।
श्वेत कुष्ठ वाले स्थान पर अंजीर के पत्तों की लुगदी नित्य बदल-बदल कर लगाते रहने से लाभ होता है।

## बनफ्सा की पत्तियां

बनफ्सा की पत्तियों को कुचलकर लुगदी बना लें और उसे घाव, सूजन, पर बांधने से तथा उसका काढ़ा बनाकर पीने से बुखार व मूत्र रोगों में फायदा होता है।

## अन्नास की पत्तियां

अन्नास की सफेद पत्तियों के ताजे रस में चीनी मिलाकर सेवन करने से पेट के कीड़े मर जाते हैं।
यह विरेचन का काम भी करता है।
इसके रस को अधिक मात्रा में पीने से उल्टियां हो सकती हैं।

## चिरयता की पत्तियां

ज्वर में चिरयता की पत्तियों को पीने से लाभ होता है।
इसकी पत्तियों को पानी के साथ गर्म करके काढ़ा बनाकर पीने से ज्वर में तथा पत्तियों को भिगोकर उसके पानी को छानकर पीने से रक्त में स्थित दोष समाप्त हो जाते हैं।

## चौलाई की पत्तियां

चौलाई की पत्तियों को पानी के साथ उबालकर उस पानी में नमक डालकर पीने से पेट दर्द या दस्त साफ न आने में लाभ होता है।

## पिपरमेंट की पत्तियां

पिपरमेंट की पत्तियों के रस को सूंघने से सर्दी, सिरदर्द व जुकाम में अत्यन्त लाभ पहुंचाता है।

## अड़ूसा की पत्तियां

अड़ूसा की 3-4 पत्तियों को पीसकर उसका रस निकाल लें। रस में बराबर मात्रा में शहद मिलाकर दिन में तीन बार चाटने पर खांसी से आराम मिल जाता है।

## लहसुन के पत्ते

लहसुन के पत्तों को पीसकर दाद पर लगाते रहने से आराम होता है।

## नींबू की पत्तियां

नींबू की पत्तियों के रस को फोड़े-फुंसियों पर लगाते रहने से वे ठीक हो जाते हैं।

## अनार की पत्तियां

अनार की ताजी पत्तियों के साथ काली मिर्च (गोलकी) को पीसकर 100 ग्राम पानी में मिलाकर सुबह-शाम पीने से श्वेत प्रदर (ल्यूकोरिया) में अप्रत्याशित लाभ होता है।

## आम की पत्तियां

आम के पत्तों की भस्म जले हुए स्थान पर नारियल तेल में मिलाकर लगाने से आराम होता है।
आम के पत्तियों को कुलचकर पानी में डालकर काढ़ा बनाकर पीते रहने से प्रदर की परेशानियों से मुक्ति मिलती है। इसमें स्वादानुसार चीनी मिलाई जा सकती है।

## बिल्व पत्र

बेल के पत्तों को पानी में पीसकर माथे पर लेप करने से मस्तिष्क की गर्मी शांत होती है तथा नींद खूब आती है। बेल की पत्तियां 15 नग, बादाम की गिरियां 2 नग तथा मिश्री 250 ग्राम को मिलाकर, पीसकर आंच पर पका लें। जब शर्बत की तरह बन जाये तो उतार कर ठंडा करके पीते रहने से एक माह के अंदर ही नपुसंकता दूर हो जाती है।



# बॉलीवुड मेरी जिंदगी में अहम भूमिका निभाता है: विभव रॉय

पद्मावत, लष्टम पश्तम और रेड्रम– ए टेल ऑफ मर्डर जैसी बॉलीवुड फिल्मों में एक्टिंग के लिए पहचान बनाने वाले एक्टर विभव रॉय खुद को बॉलीवुड प्रेमी कहते हैं।एक्टर ने कहा, बॉलीवुड मेरे जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और मैं बॉलीवुड का बहुत बड़ा फैन हूं। यह कोई नया प्यार नहीं है लेकिन तब से मैंने जीवन में चीजों को समझना शुरू कर दिया है।विभव ने कहा, उदाहरण के लिए, जब भी मेरे जीवन में कोई घटना घटती है, तो मेरे दिमाग में एक बॉलीवुड संदर्भ होता है और इसे किसी न किसी बॉलीवुड सीन से जोड़ दिया जाता है। जब मैं अपने दोस्तों के आसपास होता हूं, तो मुझे इसे साझा करने में मजा आता है, अन्यथा मैं इसे अपने दिमाग में, अपने तक ही सीमित रखता हूं।गुस्ताख दिल, कुछ तो है तेरे मेरे दरमियां, मेरी सास भूत है जैसे कई टीवी धारावाहिकों में हीरो की भूमिका निभा चुके अभिनेता को लगता है कि बॉलीवुड एक कला के मूल्य को समझता है और एक कलाकार को उचित श्रेय देता है।विभव ने कहा, हमारे पास पोस्टर से लेकर फोटो कार्ड, बुकलेट और हैंड–पेंटिंग होर्डिंग तक भारतीय सिनेमा कला के उल्लेखनीय उदाहरण हैं। बॉलीवुड ने हमेशा कला का सम्मान किया है चाहे वह अभिनय, निर्देशन, डांस, पेंटिंग, राइटिंग, सिंगिंग आदि का कोई भी रूप हो और एक कलाकार को उचित श्रेय दिया जाता है।बॉलीवुड ने हमारे समाज को कई चीजें सीखने में मदद की है और बॉलीवुड फिल्में देखने के बाद ही पुरानी विचारधारा से बाहर आने में मदद मिली है। हम भारत में ऐतिहासिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक परिवर्तनों का आसानी से पता लगा सकते हैं, जैसा कि बॉलीवुड फिल्म उद्योग के लेंस के माध्यम से देखा जाता है।विभव ने टीवीएफ– द मेकिंग ऑफ ए स्टार सन, फूह से फैंटेसी और हैलो मिनी जैसी वेब सीरीज में भी काम किया है।



# बार्बी 2 में मुख्य भूमिका करने की रॉबी की कोई योजना नहीं

एक्ट्रेस–प्रोड्यूसर मार्गोट रॉबी की संभावित बार्बी 2 में अपनी मुख्य भूमिका को दोबारा करने की कोई योजना नहीं है। दो बार की ऑस्कर नामांकित एक्ट्रेस अपने को–स्टार रयान गोसलिंग को उनके किरदार पर केंद्रित नई फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने देने के लिए काफी खुश हैं, क्योंकि उनके किरदार के इर्द–गिर्द एक और फिल्म बनाने की संभावना बहुत कम है। सूत्रों ने बताया, स्टूडियो में हर कोई केन फिल्म बनाने के बारे में बात कर रहा है, जबकि बार्बी के रूप में मार्गोट के इर्द–गिर्द एक और फिल्म बनाने का विचार नहीं है। जैसा कि सूत्र ने बताया, एक्ट्रेस ने कथित तौर पर इसे स्वीकार कर लिया है, मार्गोट के लिए, यह सब कहानी के बारे में है। सूत्रों ने बताया, बार्बी फिल्म का अंत मार्गोट की बार्बी के वास्तविक महिला बनने के साथ हुआ। उस सफर के फॉलो–अप की आवश्यकता नहीं है।

रयान के लिए एक पूर्ण विकसित केन फिल्म करने की काफी गुंजाइश है जिसमें मार्गोट पर्दे के पीछे से शामिल होंगी। अंदरूनी सूत्र का कहना है कि ग्रेटा गेरविग, जिन्होंने अपने पति नूह बाउम्बाच के साथ लिखी पटकथा से कॉमेडी का निर्देशन किया था, ने जानबूझकर फिल्म के यूनिवर्स को सिर्फ एक बार्बी के इर्द–गिर्द नहीं बनाया। रॉबी को सीक्वेल के लिए वापस आने की उम्मीद नहीं है, लेकिन वार्नर ब्रदर्स के मालिक अभी भी उसे वापस बुलाने की कोशिश में अच?छी खासी रकम की पेशकश कर सकते हैं। जून में, रॉबी ने बार्बी सीक्वल की संभावना के बारे में बात की थी।

उन्होंने पहली फिल्म बनाने के बारे में कहा, मुझे लगता है कि अगर आप पहली फिल्म बनाने की कोशिश करते हैं और सीक्वल की योजना भी बनाते हैं तो आप एक जाल में फंस जाते हैं। हालांकि इसने दुनिया भर में 1.4 अरब अमेरिकी डॉलर की कमाई की है, लेकिन वार्नर ब्रदर्स द्वारा बार्बी के सीक्वल को आधिकारिक तौर पर हरी झंडी नहीं दी गई है।



# फरहान ने किया फिल्म 'डॉन 3' का अनाउंसमेंट

बालीवुड फिल्म निर्माता फरहान अख्तर ने हाल ही में फिल्म 'डॉन 3' की अनाउंसमेंट की। इस फिल्म में रणवीर सिंह, शाहरुख खान को रिप्लेस करते नजर आएंगे। हाल ही में फरहान ने कहा कि वो और शाहरुख इस फिल्म की स्टोरी पर सहमत नहीं थे। एक इंटरव्यू में फरहान ने कहा कि वो डॉन–3 की कहानी को एक दिशा देना चाहते थे। हालांकि इसकी कहानी पर वो और इस सीरीज के पिछले दो पार्ट में लीड एक्टर रहे शाहरुख खान सहमत नहीं थे। यही वजह रही कि फरहान ने फिल्म से शाहरुख को हटाकर रणवीर के साथ काम करने का फैसला किया। फरहान ने कहा, 'मैं इस पोजिशन में हूं ही नहीं कि किसी को रिप्लेस कर सकूं। हम सालों से इन चीजों पर चर्चा कर रहे थे। मैं स्टोरी को जिस डायरेक्शन में ले जाना चाहता था उस पर मैं और शाहरुख सहमत नहीं थे। इसके बाद हमने आपस में बात करके अलग होने का फैसला किया।

हमें लगा कि इस सीरीज के लिए यही बेहतर होगा।'इस फिल्म की अनाउंसमेंट के बाद से ही रणवीर सिंह, शाहरुख खान को रिप्लेस करने को लेकर ट्रोल किए जा रहे हैं। इससे पहले एक इंटरव्यू में फरहान ने रणवीर की साइड लेते हुए उन्हें सपोर्ट किया था। उन्होंने कहा था कि रणवीर कमाल हैं और इस पार्ट के लिए बेस्ट हैं। वो भी आप लोगों की तरह ही एक्साइटेड और नर्वस है। वो इस किरदार में फिट होने की कोशिश कर रहा है जिसे अमिताभ जी और शाहरुख खान ने निभाया है। इस फिल्म की शूटिंग 2025 तक शुरू होगी।

# राजवीर और पलोमा 'दोनों' से डेब्यू को तैयार


बालीवुड एक्टर सनी देओल के सुपुत्र राजवीर देओल और पलोमा फिल्म 'दोनों' से डेब्यू के लिए तैयार है। यह फिल्म बिग स्क्रीन्स पर दस्तक देने से बस कुछ ही दिन दूर हैं। मेकर्स ने फिल्म से नए जमाने के रोमांस का एक और दिलचस्प गाना पेश किया है। रांगला नाम का यह गाना फिल्म की जान माना जा रहा है। यह प्रतिभा सिंह बघेल और शंकर महादेवन द्वारा गाया गया एल्बम का सबसे शानादर ट्रैक है। जबकि रांगला आपकी आत्मा को छू लेगा, इसका संगीत और गीत शंकर–एहसान–लॉय और इरशाद कामिल ने दिए हैं। इससे पहले सामने आए फिल्म के दो गाने जिसमें टाइटल ट्रैक और अग्ग लगदी शामिल है, दर्शकों को बहुत पसंद आए थे। और अब दोनों एल्बम का यह लेटेस्ट गाना इस साल का लव सॉन्ग बनने के लिए तैयार है।

गाने के बारे में बात करते हुए, सूरज बड़जात्या कहते हैं, अवनीश ने इस गाने पर बहुत काम किया है, मुझे लगता है कि यह एल्बम से उनका पसंदीदा गाना है क्योंकि उन्होंने रांगला पर काफी मेहनत की है। अवनीश कहते हैं, रांगला बहुत खास है, यह दोनों के सार को खूबसूरती से बांधता है। यह एक लव गीत है, जिसकी निश्चित रूप से अपनी एक आत्मा है, और यही बात मुझे इसके बारे में सबसे ज्यादा पसंद है।

राजवीर कहते हैं, यह एक ऐसा गाना है जिसमें आप खो जाते हैं। यह वास्तव में दोनों की आत्मा है। रांगला आखिरी गाना था जिसे हमने शूट किया था, और यह फिल्म और फिल्म में हमारी यात्रा का बेहद सुंदर अंजाम था। पालोमा कहती हैं, रांगला फिल्म की जान है! रांगला की खूबसूरती यह है कि जब भी आप इसे सुनते हैं तो यह एक नया गाना बन जाता है। लीरिक्स, आवाज, धुन सभी में आपके दिलों को छू लेने की ताकत है।



# गदर-2 की सफलता के बाद सनी की डिमांड, कई निर्माता-निर्देशकों लगे लाइन में



गदर–2 की अप्रत्याशित सफलता ने फिर से सनी देओल को फिल्म उद्योग में चर्चा में ला दिया है। इस फिल्म की सफलता ने सनी के लिए वहीं काम किया है, जो पहले कभी उनके पिता धर्मेन्द्र के लिए अनिल शर्मा की फिल्म हुकूमत ने किया था। हुकूमत से पहले धर्मेन्द्र ने भी असफलता का लंबा दौर देखा। हुकूमत की सफलता के बाद धर्मेन्द्र ने फिर लगातार सफल फिल्मों की झड़ी लगा दी थी। गदर–2 की सफलता के बाद निर्माता–निर्देशकों को लगने लगा है कि सनी की दर्शकों में अभी भी मांग बरकरार है। फिल्म 'गदर 2'की सफलता के बाद सनी देओल इन दिनों अपने परिवार के साथ अमेरिका में हैं। वे वहां फैमिली वेकेशन मना रहे हैं। इसी बीच अभिनेता के अगले प्रोजेक्ट को लेकर कई तरह की रिपोर्ट्स सामने आ रही हैं। चर्चा है कि गदर–2 की सक्सेस के बाद सनी को बॉलीवुड के कई जाने–माने डायरेक्टर्स ने अप्रोच किया है। हालांकि, 65 की उम्र में हिंदी सिनेमा के इतिहास की तीसरी सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्म देने वाले सनी अपने अगले प्रोजेक्ट को लेकर काफी सोच–विचार कर रहे हैं। रिपोर्ट्स की मानें तब सनी देओल अपनी अगली फिल्म के लिए डायरेक्टर राजकुमार संतोषी से बात कर रहे हैं। चर्चा है कि इस फिल्म को आमिर खान अपने बैनर तले प्रोड्यूस करने वाले हैं। सनी और संतोषी इससे पहले साथ में 'घायल', 'घातक' और 'दामिनी' जैसी हिट फिल्में दे चुके हैं। चर्चा है कि सनी ने डायरेक्टर जोड़ी अब्बास–मस्तान के साथ एक फिल्म को लेकर बैठक की है।यह एक्शन–थ्रिलर फिल्म है, जिसका सनी ने अभी तक सिर्फ आइडिया ही लिया है। वे जल्द ही इसका नेरेशन भी लेने वाले हैं। डायरेक्टर डुओ अब्बास–मस्तान बाजीगर', सोल्जर और खिलाड़ी जैसी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। इसके अलावा सनी बॉर्डर फेम डायरेक्टर जे पी दत्ता के साथ भी किसी फिल्म को लेकर चर्चा कर रहे हैं। चर्चा थी कि यह बॉर्डर 2 पर इस पर अभी तक कोई कन्फर्मेशन नहीं आया है।

स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक एवं RNI No. DLHIN/2010/37009 संपादक मो हनीफ द्वारा अरावली प्रिंटर्स-डब्लूए 30, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, नई दिल्ली से मुद्रित करवाकर, जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली-62 से प्रकाशित। फोनः 8888883968, 9811111715 किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही होगा।